आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.30
सूर्यास्त 06.48

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:02 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

रविवार, 3 मई 2026, वर्ष 6, अंक 67, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

■ बंद हो गई 34 साल पुरानी स्पिरिट एयरलाइंस, 17 नौकरियों पर संकट-12

■ गोल्ड में 321 और ईटीएफ में 679 प्रतिशत का जबरदस्त बूम-12

■ होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही के लिए ईरान को यदि भुगतान किया तो लगेगा प्रतिबंध-13

■ विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने अपने करियर की 350वीं जीत दर्ज की-14

बंगाल में मतगणना से नहीं हटेंगे केंद्र के कर्मचारी

मतगणना विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी की याचिका खारिज की कहा- कर्मचारियों की नियुक्ति चुनाव आयोग का विशेषाधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना में केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तैनाती को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। शनिवार को अवकाश के दिन हुई एक विशेष सुनवाई में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के पास मतगणना के लिए केंद्र या राज्य सरकार के किसी भी कर्मचारी को नियुक्त करने का संवैधानिक अधिकार है।

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ढांचे को प्रभावी रूप से बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की विशेष पीठ ने कहा कि चुनाव निकाय का 13 अप्रैल का परिपत्र कानून के विपरीत नहीं है। पीठ ने कहा कि आयोग के पास दोनों समूहों में से किसी भी समूह से मतगणना कर्मचारी को नियुक्त करने का अधिकार है। टीएमसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने आयोग के उस पत्र पर कड़ा ऐतराज जताया जिसमें संभावित अनियमितताओं की आशंका का जिक्र था। सिब्बल ने तर्क दिया कि यह राज्य सरकार के कर्मचारियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाने जैसा है। हमें यह क्यों नहीं बताया गया कि केवल केंद्र द्वारा नामित व्यक्तियों को ही नियुक्त किया जाएगा? उन्होंने सवाल उठाया कि जब हर केंद्र पर पहले से ही माइक्रो-ऑब्जर्वर मौजूद हैं, तो इस नए बदलाव की क्या जरूरत थी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार निर्वाचन आयोग के पास यह विकल्प मौजूद है कि वह मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक के रूप में केंद्र या राज्य में से किसी भी कर्मचारी को चुन सके। पीठ ने कहा कि यदि आयोग दोनों पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नियुक्त करने का निर्णय लेता है, तब भी हम उसे गलत नहीं ठहरा सकते, क्योंकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में है। जब सिब्बल ने मांग की कि कम से कम राज्य सरकार के नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, तो अदालत ने चुटकी लेते हुए पूछा, "यदि आप केवल परिपत्र का अनुपालन चाहते हैं, तो आप अदालत में क्यों हैं?

आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने स्पष्ट किया कि रिटर्निंग ऑफिसर राज्य का ही कर्मचारी होता है और उसे किसी भी समूह से कर्मियों को तैनात करने का पूर्ण अधिकार है। आयोग ने अदालत को आश्वस्त किया कि 13 अप्रैल के परिपत्र का अक्षरशः पालन किया जाएगा और मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। अदालत ने टीएमसी की विशेष अनुमति याचिका को यह कहते हुए निस्तारित कर दिया कि आयोग के आश्वासन के बाद अब किसी और निर्देश की आवश्यकता नहीं है। अब 4 मई को होने वाली मतगणना में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी संयुक्त रूप से जिम्मेदारी संभालेंगे।

> निर्वाचन आयोग के पास यह विकल्प खुला है कि मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक केंद्र सरकार के हों या राज्य सरकार के। यदि निर्वाचन आयोग यह भी कहता है कि दोनों पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारी नियुक्त किए जा सकते हैं, तब भी हम उन्हें गलत नहीं ठहरा सकते।

242 अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना को 'भयमुक्त और पारदर्शी' बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने शनिवार को अब तक का सबसे बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य में 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात करने का आदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं। आमतौर पर मतगणना के दौरान पुलिस पर्यवेक्षक तैनात नहीं किए जाते, लेकिन इस बार सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 77 विशेष पुलिस पर्यवेक्षक बाहर मोर्चा संभालेंगे।

मोबाइल फोन पर गूंजा आपातकालीन अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार को देश की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली की शुरुआत की। इस लॉन्चिंग के साथ ही देशभर के करोड़ों मोबाइल फोन पर एक विशेष चेतावनी संदेश और तेज बीप की आवाज सुनाई दी, जो इस बात का संकेत है कि अब भारत किसी भी प्राकृतिक आपदा या आपात स्थिति में अपने नागरिकों को सीधे और तुरंत सचेत करने में सक्षम है। यह उन्नत प्रणाली सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ मिलकर विकसित की है। इस प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे किसी इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं है। यह सीधे सेल टावरों के माध्यम से क्षेत्र विशेष के सभी सक्रिय मोबाइलों पर संदेश भेज सकती है। दूरसंचार विभाग ने पहले ही सूचित कर दिया था कि यह एक परीक्षण प्रक्रिया है ताकि घबराहट न फैले। मोबाइल पर आए संदेश में स्पष्ट किया गया कि यह एक परीक्षण संदेश है, कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं है। हालांकि, सुरक्षा और चुनावी आचार संहिता के चलते वर्तमान में जिन राज्यों में चुनाव प्रक्रिया चल रही है, उन्हें इस राष्ट्रव्यापी परीक्षण से बाहर रखा गया।

आपदा से निपटने की नई तकनीक

- **उद्देश्य** : बाढ़, भूकंप, सुनामी या अन्य आपात स्थितियों में लोगों की जान बचाना।
- **तकनीक** : इसे सी-डॉट (C-DOT) और NDMA ने मिलकर बनाया है, जो बिना इंटरनेट के भी काम करता है।
- **बीप साउंड** : संदेश आने पर फोन में एक तेज विशिष्ट ध्वनि (बीप) और कंपन होता है, भले ही फोन साइलेंट मोड पर हो।

संदेश मिलने पर क्या करें?

घबराएं नहीं : यह देखें कि संदेश परीक्षण है या वास्तविक चेतावनी। यदि संदेश पर परीक्षण है तो कार्रवाई की जरूरत नहीं है।
पूरा पढ़ें : संदेश में दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें कि आपदा किस तरह की है।
निर्देशों का पालन करें : यदि सुरक्षित स्थान पर जाने या सतर्क रहने को कहा गया है, तो तुरंत अमल करें।

अंडमान में रचा इतिहास

समंदर के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा

श्री विजय पुरम। अंडमान और निकोबार प्रशासन ने शनिवार को स्वराज द्वीप (हैवलॉक) के राधानगर बीच पर पानी के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया है। 60 मीटर लंबे और 40 मीटर चौड़े इस तिरंगे को समुद्र की गहराइयों में फहराने के लिए भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल, स्थानीय पुलिस और वन विभाग के गोताखोरों ने एक जटिल और समन्वित अभियान चलाया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक ऋषि नाथ ने शनिवार सुबह 10 :35 बजे औपचारिक रूप से इस उपलब्धि की पुष्टि की और उपराज्यपाल डी. के. जोशी को विश्व रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र सौंपा। प्रशासन अब रविवार को स्वराज द्वीप के 'लाइटहाउस डाइव साइट' पर पानी के भीतर 'सबसे ऊंचा मानव पिरामिड' बनाने का एक और विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा।

आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट, चार जवान शहीद

कांकेर, एजेंसी

- छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के आदनार गांव के पास जंगल में हुई घटना

छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर जिला सीमा पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 'जिला रिजर्व गार्ड' (डीआरजी) के एक अधिकारी सहित चार जवान शहीद हो गए। यह घटना छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के आदनार गांव के पास जंगल में हुई, जब सुरक्षाबल नक्सलियों द्वारा पूर्व में दबाई गई आईईडी को निष्क्रिय कर रहे थे।

राज्य को 31 मार्च को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के बाद नक्सल गतिविधियों से जुड़ी यह पहली बड़ी घटना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षाबलों को गश्त और पुराने बारूदी सुरंगों को खोजने व निष्क्रिय करने के अभियान पर भेजा गया था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि आदनार के जंगल में आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान अचानक विस्फोट हो गया। मौके पर ही तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल जवान को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आईजी सुंदरराज के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस लगातार पुराने डंप (छिपाए गए सामान) और आईईडी बरामद कर रही है। शनिवार का अभियान भी इसी खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया था, जिसमें डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और जिला बल के जवान शामिल थे।

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अल्मोड़ा की सांस्कतिक विरासत माल, बाल और पटाल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

न्यूज ब्रीफ

न्यायिक अधिकारी ने आत्महत्या की

नई दिल्ली। दिल्ली के सफदरजंग इलाके में दिल्ली न्यायिक सेवा के एक अधिकारी, अमन कुमार शर्मा का शव मिला है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे आत्महत्या का मामला बताया है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की हर कोण से जांच की जा रही है। रिकॉर्ड के अनुसार, शर्मा ने 19 जून, 2021 को दिल्ली न्यायिक सेवा में अपनी सेवाएं शुरू की थीं।

4-5 मई के लिए कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

देहरादून। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 04 व 05 मई के लिए देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत एवं ऊधम सिंह नगर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जनपदों में कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि, तीव्र से अति तीव्र वर्षा तथा 40 से 50 किमी घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। 05 मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां ओलावृष्टि, तेज वर्षा एवं तेज हवाओं की संभावना जताई गई है।

रघुनाथ, लक्ष्मण और सीता मंदिर बनेगा धार्मिक सर्किट

प्रमुख संवाददाता, देहरादून।

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के हर विकासखण्ड में बालिकाओं के लिए छात्रावास खोलने की भी घोषणा

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की है कि उत्तराखंड के प्रत्येक विकासखंड में बालिकाओं के लिए एक-एक छात्रावास बनाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक में छात्राओं की सर्वाधिक संख्या वाले विद्यालयों को चिन्हित करते हुए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। वहीं, उन्होंने रघुनाथ मंदिर, कोट ब्लॉक स्थित लक्ष्मण मंदिर तथा फलस्वाड़ी स्थित सीता माता मंदिर को धार्मिक सर्किट के रूप में भव्यता से विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों यमकेश्वर, पौड़ी, श्रीनगर, चौबट्टाखाल, लैंसडाउन और कोटद्वार की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने और निगरानी के लिए प्रोग्राम इवैल्यूएशन एंड रिव्यू टेक्निक (पीईआरटी) चार्ट तैयार किए जाने की भी हिदायत अफसरों को दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगणों द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन खोलने के लिए दिए जा रहे प्रस्तावों पर शिक्षा विभाग तथा संबंधित जिलाधिकारी केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने पर उन्हें शीघ्र स्वीकृति मिल सके। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पौड़ी में मल्टीपरपज हॉल बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकगणों द्वारा बैठक में उठाई समस्याओं का संबंधित विभागीय सचिव प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित रोपवे प्रकरणों की अलग से समीक्षा की जाए। पार्किंग की समस्याओं का समाधान किया जाए तथा सरकारी कार्यालयों में रूप से सोलर पैनल लगाए जाएं। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक सुश्री रेनू बिष्ट समेत अन्य उपस्थित रहे।

- 15 जून तक सीएम घोषणाओं के लंबित शासनादेश जारी करने के निर्देश

विधायकों की मांगों को दें प्राथमिकता, समाधान करें

मुख्यमंत्री ने अफसरों को स्पष्ट हिदायत दी कि बिजली, पेयजल, वनाग्नि, मानव-वन्यजीव संघर्ष तथा सड़क से संबंधित समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करें। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायकगणों द्वारा क्षेत्रों की जिन समस्याओं को उठाया जा रहा है, अधिकारी उन्हें गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें। जिन घोषणाओं के अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उन्हें 15 जून 2026 तक जारी किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से जनसमस्याओं का समाधान करें।

ईंट से कूचकर घर के भीतर चार बच्चों की हत्या, आरोपी महिला फरार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- आईजी रेंज अयोध्या, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण, मां पर हत्या का शक

अमृत विचार : जिले के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां घर के भीतर चार बच्चों की ईंट से कूचकर निर्मम हत्या कर दी गई। आरोप बच्चों की मां पर है। महिला फरार है।

जानकारी के अनुसार, मुरादाबाद मोहल्ले में नियाज की पत्नी गाजिया खातून(35) अपने चार बच्चों शफीक(14), सउद(12), उमर(10) और बेटी शादिया 8 वर्ष के साथ रहती हैं। पति नियाज सऊदी में है। वह पिछले चार साल से घर नहीं आया है। शनिवार दोपहर घर के अंदर ही आरोपी महिला गाजिया खातून ने चारों बच्चों को मेन गेट अंदर से बंद कर मार डाला। वारदात के बाद फरार हो गई। स्थानीय लोगों के शक की सूचना पर पुलिस पहुंची तो मासूम बच्चों का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा था। दरवाजा तोड़कर चारों शव पुलिस ने निकाले। पुलिस को शक है कि गाजिया खातून ने ही ईंट से वार कर मासूम बच्चों की हत्या की। वारदात को अंजाम देने के बाद गाजिया बालकनी से कूदकर फरार हो गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। आईजी रेंज अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन वर्मा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मृतक बच्चों की मां गाजिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है। बताया जा रहा कि गाजिया के पति नियाज ने सऊदी में पाकिस्तानी नाम की महिला से शादी कर ली, इसी बात से महिला तनाव में थी और दो महीने से पूरा परिवार खत्म देने की धमकी देती थीं। वहीं दूसरी ओर प्रॉपर्टी विवाद भी सामने आया है।

> प्रारंभिक तौर पर प्रॉपर्टी विवाद की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। हत्या का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा। फरार महिला की गिरफ्तार के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। - प्राची सिंह, एसपी अंबेडकरनगर

स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर

सुरक्षा व गुणवत्ता पर फोकस, रियल-टाइम मॉनिटरिंग, सेंसर स्कैनिंग से बदलेगा ट्रैफिक प्रबंधन का तरीका

एआई व स्विस तकनीक से स्मार्ट बन रहे एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे निर्माण अब पारंपरिक मॉडल से आगे बढ़कर तकनीक-आधारित 'स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर' की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में जहां एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ, वहीं अब इन परियोजनाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्विस सेंसर तकनीक को शामिल किया गया है।

इस दिशा में उप्र. एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथारिटी ने ईटीएच जूरिच और आरटीडीटी लेबोरेट्रीज एजी के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत सड़क निर्माण को 'डेटा-ड्रिवन' और 'रियल-टाइम मॉनिटरिंग' आधारित बनाया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे में भी इस तकनीक का उपयोग किया जा चुका है। नई व्यवस्था में सेंसर आधारित मॉड्यूल के जरिए निर्माण के हर चरण पर नजर रखी जा रही है, जिससे खामियों को तुरंत ठीक किया जा सके। यह पहल यूपी को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल से आगे ले जाकर 'स्मार्ट नेटवर्क' की श्रेणी में स्थापित कर रही है। एक्सप्रेस-वे अब केवल कनेक्टिविटी का माध्यम नहीं रहेंगे, बल्कि डेटा, तकनीक और आधुनिक प्रबंधन के समन्वय से संचालित इंटेलिजेंट सिस्टम के रूप में विकसित होंगे।

वैज्ञानिक तरीके से सड़क का आकलन

इस तकनीक के तहत एक विशेष वाहन का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें सात एक्सेलेरोमीटर सेंसर लगे हैं। यह वाहन एक्सप्रेस-वे की हर लेन पर चलकर सड़क की सतह, ऊंचाई के उतार-चढ़ाव और कंपन का डेटा जुटाता है। इससे सड़क की वास्तविक स्थिति का सटीक और वैज्ञानिक मूल्यांकन संभव हो रहा है।

स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम से बढ़ेगी सुरक्षा

सरकार का फोकस केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि संचालन के दौरान भी एआई का उपयोग किया जा रहा है। एआई-सक्षम कैमरे ओवरस्पीडिंग और लेन उल्लंघन जैसी गतिविधियों को स्वतः चिन्हित करेंगे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है और ट्रैफिक प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा।

एआई से तय होगी गुणवत्ता की श्रेणी

सेंसर से प्राप्त आंकड़ों को एआई सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रोसेस कर सड़क की गुणवत्ता को 'एक्सीलेंट', 'गुड' और 'पुअर' जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा रहा है। इससे निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही तय हो रही है और छोटी से छोटी खामी भी समय रहते पकड़ी जा रही है।

बीमा क्षेत्र में अब 100% विदेशी निवेश को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बीमा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को औपचारिक रूप से अधिसूचित कर दिया है। सरकार के इस कदम से अब विदेशी कंपनियां भारतीय बीमा कंपनियों और ब्रोकरेज जैसी बिचौलिया संस्थाओं में बिना किसी सरकारी अनुमति के पूरी हिस्सेदारी रख सकेंगी।

यह बदलाव 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण लिखत) संशोधन नियम, 2026' के तहत प्रभावी हुआ है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए विदेशी निवेश की सीमा अभी भी 20 प्रतिशत पर ही सीमित रहेगी। संसद ने दिसंबर 2025 में 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक' पारित किया था, जिसने निवेश की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का मार्ग प्रशस्त किया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा फरवरी में दी गई शुरुआती अधिसूचना के बाद अब वित्त मंत्रालय ने इसे अंतिम रूप से लागू कर दिया है।

- वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

स्टेट ब्रीफ

धूप के साथ बादलों की आवाजाही बनी रही

देहरादून : उत्तराखंड में शनिवार को प्रदेश में मौसम पूरी तरह स्थिर नहीं रहा। हल्की धूप के साथ आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। वहीं, केदारनाथ में तेज बारिश हुई, जिसके कारण धाम में ठंडक बढ़ गई है। दरअसल, उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से लगातार बदलते मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत जरूर दी है, लेकिन साथ ही मौसम से जुड़ी चुनौतियां भी बढ़ा दी हैं. मौसम विभाग ने एक बार फिर आगामी दिनों के लिए बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

स्कूली छात्रा सड़क दुर्घटना का शिकार

देहरादून : लक्सर के बहादरपुर स्थित प्राइवेट स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही एक बच्ची सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। घटनाक्रम के अनुसार बच्ची दिव्या अपने दादा के साथ बाइक से घर लौट रही थी। रास्ते में एक तेज रफ्तार और ओवरलोड ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दादा को हल्की चोटें आईं, लेकिन दिव्या गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। दिव्या की दर्दनाक मौत के बाद से ही गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है।

गंभीर धोखाधड़ी मामले का वांछित आरोपी धरा

खटीमा : एसएसबी और एसओजी की संयुक्त टीम को भारत नेपाल सीमा पर बड़ी सफलता मिली है। बनबसा-इंडो नेपाल सीमा पर दो गंभीर धोखाधड़ी मामले के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सत्येंद्र सिंह भसीन निवासी पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी ने ग्रेटर नोएडा में दो गंभीर धोखाधड़ी के मामले को अंजाम दिया था। यूपी पुलिस की सूचना पर बनबसा बॉर्डर पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सत्येन्द्र सिंह भसीन पुत्र जसवंत सिंह भसीन निवासी पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है। वांछित आरोपी नेपाल सीमा के आसपास है।

बरेली में हाईटेंशन लाइन गिरने से दो की मौत

बरेली/अलीगंज : थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव सूदनपुर में हाईटेंशन लाइन सप्लाई लाइन पर टूटकर गिरने से टूटने से जमीन में घरों में करंट दौड़ गया और कई गांववाले चपेट में आ गए। हादसे में स्कूल जा रहे एक छात्र और एक दिव्यांग की दो लोगों की जान चली गई। बचाने दौड़ी छात्र की मां भी गंभीर रूप से झुलस गई।

105 वीं जयंती पर याद आए महान फिल्मकार, भारतीय सिनेमा का आईना हैं सत्यजीत की फिल्में

बाइसिकल थीफ फिल्म ने बदली सत्यजीत रे की जिंदगी

संवाददाता, रामनगर

सत्यजीत रे की फिल्म देखते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचारः आज ही के दिन 1921 में कोलकाता में जन्मे सत्यजीत रे ने प्रेसिडेंसी कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। फिर विश्व भारती विश्वविद्यालय से भी पढ़ाई की थी। इसके बाद सत्यजीत रे अपनी आगे की पढ़ाई के लिए विदेश चले गए। रे ने फिल्मी दुनिया में कदम रखने से पहले एक ब्रिटिश विज्ञापन एजेंसी में काम किया था।

1950 में इस एजेंसी के साथ लंदन में बिताए 6 महीने में ही उनके मन में फिल्म मेकिंग को लेकर दिलचस्पी जागी। इसी दौरान उन्होंने द बाइसिकल थीफ नाम की फिल्म देखी जिसने उनकी जिंदगी पर गहरा असर डाला। इसी के बाद 1955 में सत्यजीत रे ने ''पाथेर पांचाली'' नाम की फिल्म बनाई। इस फिल्म ने न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में नाम कमाया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमा के लिए ऐतिहासिक भी माना जाता है। फिल्मी दुनिया के दिग्गज डायरेक्टर रहे सत्यजीत रे की 105 वीं जयंती पर राजकीय इंटर कालेज ढेला में उन्हें उनकी फिल्मों के साथ याद किया गया। उनके जीवन के बारे में बताते हुए अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल बताया कि सत्यजीत रे के पिता एक जाने माने राइटर थे। प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने बताया कि सत्यजीत रे ने अपने करियर में 36 फिल्मों का डायरेक्शन किया है। इसमें से अप्पू ट्रॉयलॉजी की कहानियां आज भी लोगों को याद हैं। सत्यजीत रे की फिल्मों को भारतीय सिनेमा का आईना कहा जाता है। वह भारत के चंद डायरेक्टर्स में से एक हैं। उनको कई खिताबों से सम्मानित किया जा चुका है। भारत रत्न से लेकर फ्रांस के ऑनर तक से सत्यजीत रे को सम्मानित किया गया। खास बात ये है कि उन्हें मौत से ठीक पहले ऑस्कर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

बच्चों ने देखी प्रेमचंद की कहानी सद्गति पर बनी फिल्म

इस मौके पर बच्चों को प्रेमचंद की कहानी सद्गति पर सत्यजीत रे निर्देशित फिल्म दिखाई गई। 11 वीं के हिंदी पुस्तक में सत्यजीत राय लिखित संस्मरण अपू के साथ ढाई साल का फिल्मांकन दिखाते हुए उस दौर के फिल्म निर्माण के बाबत बच्चों को बताया गया।फिल्म पाथेर पांचाली पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज जोशी, हरीश कुमार, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला, जया बाफिला, संजीव कुमार, पदमा मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

संवाददाता, देहरादून

- सीएम ने की प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तहसील बड़कोट के नगाण गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिभाग कर क्षेत्रवासियों के साथ आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान की कथा श्रवण कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

शनिवार को भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के धर्मपत्नी स्व. उमा जी के वार्षिक श्राद्ध पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा नगाण गांव पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं तब से देश में सनातन धर्म का स्वर्णिम युग आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरीडोर,अयोध्या में राममंदिर बना है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के अनुश्रवण से मनुष्य की बुद्धि, विवेक जगाता है वहीं पितरों को भी बैकुंठ धाम की प्राप्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि जैसे वृंदा वन में वृंदा धाम है वैसे ही उत्तराखंड में देव भूमि है जहां चारधाम विराजमान हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नगाण गांव में ग्राम प्रधान की मांग पर बारात घर बनाने का आश्वासन दिया।

न्यायपालिका व अधिवक्ताओं के बीच समन्वय बेहद जरूरी

आम लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचे विधिक सेवाएं: चीफ जस्टिस

कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ता। ● अमृत विचार

मुख्य न्यायाधीश, उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय मनोज कुमार गुप्ता।

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचारः मुख्य न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय मनोज कुमार गुप्ता ने न्यायपालिका एवं अधिवक्ताओं के बीच समन्वय को न्याय व्यवस्था की मजबूती का आधार बताया है। साथ ही उन्होंने विधिक सेवाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर बल दिया।

शनिवार को अपने पिथौरागढ़ प्रवास के दौरान मुख्य न्यायाधीश जिला बार एसोसिएशन, पिथौरागढ़ के स्वागत समारोह में विचार प्रकट कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक कर्मचारियों के लिए निर्मित नव-निर्मित आवासीय भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे वे अधिक दक्षता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। इसके अतिरिक्त, मुख्य न्यायाधीश ने जिला कारागार, पिथौरागढ़ में स्थापित विधिक सहायता क्लिनिक का उद्घाटन भी किया। यहां उन्होंने कहा कि यह पहल बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी प्राप्त होगी तथा न्याय तक उनकी पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। यह क्लिनिक विधिक साक्षरता बढ़ाने और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, अधिवक्ता गण एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण रहे। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

युवक का शव मिला थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

पौड़ी गढ़वाल : पौड़ी गढ़वाल जिले में सतपुली क्षेत्र में पुल के नीचे एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। युवक ने हेलमेट भी पहना हुआ था। प्रथम दृश्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। युवक का घटना से पहले का एक वीडियो भी सामने आ रहा है जिसमें वह सतपुली थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगा रहा है। वहीं, इस मामले में पुलिस की तरफ से भी जवाब आया है। इस प्रकरण में एसएसपी ने थानाध्यक्ष सतपुली को अग्रिम आदेश तक लाइन हाजिर कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सतपुली थाना क्षेत्र में रायपुर गांव के पुल के नीचे युवक का शव मिले जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ व फायर सर्विस की टीम की मदद से शव को निकाला गया। साथ ही मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया था।

एफएसएल टीम ने मौके पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के साथ साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए राजकीय चिकित्सालय कोटद्वार भेज दिया, जहां डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया, रिपोर्ट अभी नहीं आयी है।

मानसून से पहले उत्तराखंड को सौगात, अलर्ट का सफल परीक्षण

- मुख्यमंत्री ने जताया केंद्रीय गृह मंत्री का आभार
- कहा-उत्तराखण्ड के लिए वरदान साबित होगी यह तकनीक

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः उत्तराखंड में शनिवार को सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के जरिए एक मॉक ड्रिल अलर्ट (परीक्षण चेतावनी) जारी किया गया। यह अलर्ट राष्ट्रीय स्तर पर आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। प्रातः 11 बजकर 46 मिनट पर यह अलर्ट संदेश प्रसारित किया गया।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड ने लगातार इस आधुनिक तकनीक को जल्द से जल्द लागू किए जाने के लिए केंद्र सरकार एवं संबंधित एजेंसियों के समक्ष प्रभावी पैरवी की थी। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

इस सफल परीक्षण के साथ ही राज्य में आपदाओं के दौरान आम जनमानस तक त्वरित एवं लक्षित चेतावनी संदेश पहुंचाने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ हो गया है। इस तकनीक के माध्यम से अब उत्तराखण्ड में किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में स्थित मोबाइल उपभोक्ताओं को एक साथ अलर्ट भेजे जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तकनीक उत्तराखण्ड जैसे आपदा-संवेदनशील राज्य के लिए अत्यंत उपयोगी एवं वरदान सिद्ध होगी। विशेष रूप से चारधाम यात्रा एवं आगामी मानसून सीजन के दौरान इस प्रणाली का व्यापक उपयोग किया जाएगा, जिससे यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों को समय रहते सटीक एवं प्रभावी चेतावनी उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर यह प्रयास किया गया कि मानसून प्रारंभ होने से पूर्व यह तकनीक राज्य को उपलब्ध हो, ताकि संभावित आपदाओं के प्रति जनमानस को समय रहते सचेत किया जा सके।

आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक गेम-चेंजर

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने इस पहल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के समुचित उपयोग से राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक समय पर चेतावनी पहुंचाना अब संभव हो सकेगा, जिससे आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी और जनहानि में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी।

प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को ही मिलेगा संदेश

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में, प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय सभी मोबाइल टावरों की सीमा में आने वाले उपभोक्ताओं को सेल ब्राडकास्टिंग तकनीक के माध्यम से स्वतः अलर्ट प्राप्त होगा। यह प्रणाली स्थान- विशिष्ट चेतावनी प्रसारण को सक्षम बनाती है, जिससे केवल प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को ही संदेश प्राप्त होता है और अनावश्यक भ्रम की स्थिति से बचा जा सकता है।

लापरवाही बरतने पर प्रभारी इंस्पेक्टर सस्पेंड

संवाददाता, हरिद्वार

- नाबालिग से दुष्कर्म मामले में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई

अमृत विचारः नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में लापरवाही बरतने पर खानपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिगपाल सिंह कोहली पर कार्रवाई की गाज गिरी है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। हरिद्वार में लंबे समय के बाद किसी इंस्पेक्टर को सीधे निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। तीन दिन पूर्व खानपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था। परिजनों ने तुरंत पूरे घटनाक्रम से इंस्पेक्टर दिगपाल सिंह कोहली को अवगत कराया था। आरोप है कि कि इंस्पेक्टर ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कार्रवाई करने की बजाय लापरवाही बरती, जिसके चलते वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी फरार हो गए थे। इस बात की जानकारी मिलने पर एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर को मिली तो उन्होंने मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसएसपी के के निर्देश पर तत्काल इस संबंध में पॉक्सो एक्ट समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि जनपद में किसी भी मामले में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगी। कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण में विफल रहने पर जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होना तय है।

रोजगारपरक योजनाओं को बढ़ावा

- प्रभारी मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में जिला योजना पास
- 71.73 करोड़ रु. का बजट किया गया पारित

संवाददाता, देहरादून/पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ पहुंची मंत्री रेखा आर्या का स्वागत करते कार्यकर्ता व अधिकारी।

अमृत विचारः पिथौरागढ़ में वर्ष 2026-27 के लिए जिला योजना को अंतिम रूप देते हुए कुल 7173.70 लाख रु. के बजट के साथ समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। यह जिला योजना प्रभारी मंत्री रेखा आर्य की अध्यक्षता में आयोजित योजना समिति की बैठक में अनुमोदित की गई। बैठक में इस वर्ष पारंपरिक निर्माण कार्यों के साथ-साथ आजीविका संवर्धन एवं स्वरोजगार को विशेष प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

जिला योजना के अंतर्गत कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन एवं सहकारिता क्षेत्रों में बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। योजना में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल किए गए हैं।

जिला योजना को भौतिक, सामाजिक, आजीविका एवं अन्य चार प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित रूप से विभाजित किया गया है। भौतिक क्षेत्र के अंतर्गत सड़क, पेयजल, सिंचाई एवं ऊर्जा पर खास ध्यान दिया गया है, जबकि सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। वहीं, आजीविका क्षेत्र में रोजगार आधारित योजनाओं को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है।

आंगनबाड़ी कर्मियों ने हड़ताल स्थगित की

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को सचिवालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन, उत्तराखण्ड के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन की अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में भेंट कर अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों पर प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि के विषय में गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन के बाद संगठन के प्रतिनिधियों ने हड़ताल को स्थगित किए जाने पर सहमति व्यक्त की। इस मौके पर सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सचिव चन्द्रेश कुमार और विभागीय निदेशक बीएल राणा भी मौजूद रहे।

जिलों को जारी हुआ पत्र सावधानी बरतने के निर्देश

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः मौसम विभाग ने उत्तराखंड में संभावित खराब मौसम, आंधी-तूफान एवं आकाशीय बिजली की चेतावनी के मद्देनजर राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र से जिलों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया हैं। इस संबंध में विस्तृत पत्र जारी कर सतर्कता एवं तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि जनपदों को उच्च सतर्कता बनाए रखने तथा किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रेकिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने तथा राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी संबंधित विभागों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, बीआरओ आदि को मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में तत्काल बहाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ग्राम स्तर तक अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने एवं आपदा उपकरणों तथा संसाधनों को तैयार स्थिति में रखने को कहा गया है। इसके अलावा निर्देशित किया गया है कि अफसर अपने मोबाइल, संचार माध्यम सक्रिय रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित समन्वय स्थापित करें। विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

भूमि धोखाधड़ी के 24 मामलों में होगा मुकदमा

देहरादूनः गढ़वाल क्षेत्र में भूमि धोखाधड़ी से संबंधित 24 मामलों में शनिवार को तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में हुई भूमि धोखाधड़ी समन्वय समिति की उच्चस्तरीय बैठक में 125 मामलों की सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए गए।

समन्वय समिति की बैठक को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए पांडेय ने कहा कि हर 15 दिनों के अंतराल में भूमि धोखाधड़ी से संबंधित मामलों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया, बैठक में कुल 125 प्रकरणों पर विचार किया गया। इनमें से 24 प्रकरण अत्यंत गंभीर पाए गए जिनमें पुलिस को तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

दो अपराधियों को जिला बदर करने का आदेश

संवाददाता, देहरादून

- पुलिस रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट ने की कार्रवाई
- छह माह के लिए किया गया है दोनों को जिले से बाहर

अमृत विचारः देहरादून में जिला मजिस्ट्रेट सविन बंसल ने दो आदतन कुख्यात शातिर अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया हैं।

आरोपियों की सामान्य ख्याति एक दुस्साहसी एवं समाज के लिए खतरनाक व्यक्ति के रूप में है और आमजन में उसके प्रति भय व्याप्त है। कई मामलों में लोग उसके विरुद्ध शिकायत अथवा साक्ष्य प्रस्तुत करने से भी कतराते हैं। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त आसिफ पुत्र राशिद, निवासी मुस्लिम बस्ती के विरुद्ध कार्यवाही शुरु की गई थी। उक्त के विरुद्ध आयुध अधिनियम सहित भारतीय दण्ड संहिता एवं भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में अनेक आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। इसी तरह राहुल कश्यप पुत्र गोपाल कश्यप, निवासी कश्यप मोहल्ला के विरुद्ध कार्यवाही प्रारम्भ की गई। उक्त के विरुद्ध चोरी, शस्त्र अधिनियम, आबकारी अधिनियम तथा भारतीय दंड संहिता, भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कई आपराधिक मामले पंजीकृत हैं।

जनजागरण | पांचवीं अनुसूची को लागू करने की मांग तेज, उत्तराखंड एकता मंच ने शुरू किया व्यापक जनजागरण अभियान

पांचवीं अनुसूची से होगा कई समस्याओं का स्वत : समाधान

संवाददाता, धानाचूली

धारी क्षेत्र में लोगों को जानकारी देते मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः कुमाऊं और गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में पांचवीं अनुसूची लागू करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इसको लेकर जनजागरण अभियान तेज हो रहा है। दरअसल इस अभियान का नेतृत्व कर रहे उत्तराखंड एकता मंच का दावा है कि अगर प्रदेश के पर्वतीय जिलों में पांचवीं अनुसूची लागू होती है, तो जंगली जानवरों से फसल नुकसान, बाघ, सूअर की समस्या और फसली बीमा जैसी समस्याओं का समाधान स्वतः हो जाएगा।

उत्तराखंड एकता मंच के कुमाऊं प्रभारी बसंत पांडे ने शनिवार को भीमताल में मीडिया से ऐतिहासिक संदर्भ साझा करते हुए बताया कि वर्ष 1931 में शेड्यूल जिला एक्ट 1874 की धारा 6 के तहत वन पंचायतों का गठन किया गया था, जिससे जंगलों पर स्थानीय लोगों का नियंत्रण था। उस समय वन संपदा सुरक्षित थी और वन्यजीव भी जंगलों तक सीमित रहते थे। लेकिन वर्ष 1972 के बाद वन विभाग के बढ़ते हस्तक्षेप के चलते जंगल आम जनता से दूर हो गए, जिसका परिणाम आज जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों और फसलों के भारी नुकसान के रूप में सामने आ रहा है।

बढ़ेंगे ग्राम सभाओं के अधिकार

बसंत पांडे ने यह भी चिंता जताई कि पहाड़ों में जंगली कुत्तों, स्यार की संख्या में भारी कमी आई है, जिससे सुअरों की आबादी असंतुलित रूप से बढ़ गई है। उनका कहना है कि पांचवीं अनुसूची लागू होने पर ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार मिलेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर इन समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जा सकेगा। इस दौरान ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह माहोडी ने कहा कि पांचवीं अनुसूची लागू होने के बाद ग्राम सभाएं पेसा एक्ट के दायरे में आ जाएंगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और विकास की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

कई क्षेत्रों में पहुंचकर दी जानकारी

नैनीताल जिला संयोजक एडवोकेट संजय राठौड़ ने बताया कि वर्ष 1935 में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्रों को 'बहिष्कृत क्षेत्र' घोषित किया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि यह मांग नई नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से इन क्षेत्रों में विशेष प्रावधान लागू रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने भीमताल क्षेत्र के साथ-साथ धारी, धानाचूली, पदमपुरी, पहाड़पानी और मोटियापाथर सहित विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। अल्मोड़ा जिले के लंगड़ा ब्लॉक में भी जनजागरण अभियान चलाया गया।

सिटी इंवेंट्स

- आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से अनसुने नायक सम्मान समारोह इंस्पिरेशन स्कूल में होगा 3 :30 बजे
- शैलनट की ओर से काव्य संग्रह का विमोचन वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में होगा 4 बजे

सिटी ब्रीफ

अन्य जिलों में भी होगा वरिष्ठ नागरिक सम्मान

हल्द्वानी : वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि हल्द्वानी में पहली बार वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह–2026 का भव्य आयोजन होने पर विभिन्न सहयोगी संगठनों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में इस तरह के कार्यक्रम प्रदेश के अन्य जिलों में भी किए जाएंगे।

हल्द्वानी बीडीओ का कोटाबाग तबादला

हल्द्वानी : नैनीताल के मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे ने बताया कि कोटाबाग बीडीओ श्वेता, को हल्द्वानी एवं यहां तैनात बीडीओ तनवीर असगर को कोटाबाग स्थानान्तरित किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने दोनों अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नवीन तैनाती स्थल में तत्काल योगदान देना सुनिश्चित करें।

मीडिया सलाहकार के कैंप कार्यालय का शुभारंभ

हल्द्वानी : मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला ने शनिवार को आवास विकास स्थित मीडिया सेंटर में कैंप कार्यालय का विधिवत हवन एवं पूजन के साथ कार्यालय का शुभारंभ किया। रौतेला ने कहा कि पत्रकारों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना जाएगा और समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। मीडिया और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

एसटीएच के बाहर से बाइक चोरी

हल्द्वानी : एसटीएच के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी हो गई। हल्दूचौड़, लालकुआं निवासी विशांत टम्टा ने पुलिस को बताया कि बीती 29 अप्रैल की दोपहर वह डॉ .सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय गए थे। उन्होंने अपनी मोटर साइकिल अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। कुछ समय बाद विशांत वापस लौटे तो मोटर साइकिल गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फिटनेस और हेल्थ की नई सोचः युवाओं में संतुलित डाइट का बढ़ रहा है क्रेज, जंक फूड के दौर में जागरूक है युवा पीढ़ी

सुंदरता के साथ स्वस्थ रहने के भी मूलमंत्र को साध रहे युवा

- **शरीर, स्किन और लाइफस्टाइल को लेकर बदल रही सोच**

नरेन्द्र देव, हल्द्वानी

अमृत विचारः बदलती जीवनशैली, सोशल मीडिया के प्रभाव और फिटनेस के बढ़ते ट्रेंड के बीच युवाओं में अब केवल अच्छा दिखने ही नहीं, बल्कि अंदर से स्वस्थ रहने की सोच भी तेजी से विकसित हो रही है। यही वजह है कि आजकल 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा बड़ी संख्या में सही डाइट को लेकर जागरूक हो रहे हैं और विशेषज्ञों से परामर्श ले रहे हैं। हल्द्वानी में भी ऐसे युवाओं की कमी नहीं।

संडे-स्पेशलः हल्द्वानी वाइब्स

सांकेतिक एआई फोटो।

मेडिकल कॉलेज के डाइटिशियन विभाग के अनुसार पहले जहां युवा केवल बीमारी के समय ही डाइट सलाह लेते थे, वहीं अब वे अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से डाइट प्लान तैयार करवा रहे हैं। खासतौर पर जिम जाने वाले युवाओं में यह ट्रेंड ज्यादा देखने को मिल रहा है। वे मसल्स गेन, फैट लॉस और बॉडी टोनिंग के लिए प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का संतुलन समझते हुए प्रोफेशनल गाइडेंस ले रहे हैं। वहीं, युवतियों में फिटनेस के साथ-साथ स्किन और हेयर हेल्थ को लेकर भी जागरूकता बढ़ी है। वे ऐसे डाइट प्लान को प्राथमिकता दे रही हैं, जो वजन नियंत्रित रखने के साथ त्वचा को निखारने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करे। दूसरी ओर, कम उम्र में बाल झड़ने की समस्या से परेशान युवक भी अब खान-पान में सुधार को अहम मानते हुए विशेषज्ञों की शरण ले रहे हैं।

बुरी आदतों से दूर हेल्दी लाइफस्टाइल अपना रहे

यह तस्वीर पूरी तरह एकतरफा नहीं है। एक ओर जहां फास्ट फूड, जंक फूड, शराब और सिगरेट का आकर्षण अभी भी युवाओं को अपनी ओर खींच रहा है, वहीं बड़ी संख्या में युवा इन आदतों से दूरी बनाकर हेल्दी लाइफस्टाइल अपना रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव केवल ट्रेंड नहीं, बल्कि एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का संकेत है, जो आने वाले समय में युवाओं के बेहतर स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता को सुनिश्चित करेगा।

- 15–25 आयु वर्ग के युवाओं में डाइट अवेयरनेस में तेजी
- जिम कल्चर के साथ डाइट प्लान की मांग बढ़ी
- स्किन और हेयर हेल्थ के लिए भी ले रहे सलाह
- जंक फूड से दूरी बनाकर हेल्दी लाइफस्टाइल की ओर रुझान

साल 2006 से मैं मेडिकल कॉलेज में बतौर डाइटिशियन सेवा दे रही हूं। कोविड के बाद से अचानक लोगों में सही डाइट लेने का चलन बढ़ा है। इनमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल हैं। अब तो किशोर भी सलाह लेने आते हैं कि मोटापे से बचने के लिए क्या खाना चाहिए। अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित और हेल्दी भोजन का सेवन जरूरी है। साथ ही भोजन समय पर करना भी जरूरी होता है। ऐसे में अगर कम उम्र से ही लोग सही डाइट लेने लगेंगे तो मोटापा, कोलेस्ट्रॉल, डायबटीज व बीपी जैसी बीमारियों से बचे रहेंगे। **–आशा सिंह** डाइटिशियन मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

टोल प्लाजा पर पूर्व सैनिक व बच्चों पर किया हमला

हल्द्वानी : रिवर वैली, कमलुवागांजा गौड़ निवासी पूर्व सैनिक खड़क सिंह बीती 12 अप्रैल को अपने बच्चों को एनडीए परीक्षा दिलाने बरेली गए थे।

वापसी के दौरान मुंडिया मुक्करमपुर टोल प्लाजा पर पीछे से एक वाहन ने उनके वाहन में टक्कर मार दी। वह नीचे उतर कर अपनी गाड़ी देखने पहुंचे तो दूसरे वाहन चालक ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उनके भतीजे शिवम से मारपीट की। आरोपी ने फोन कर अपने 8–10 साथियों को बुला लिया, जिन्होंने सैनिक की कार पर डंडों से हमला किया। घटना के दौरान कार में बैठी उनकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का प्रयास और सभी को जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने डायल 112 नंबर पर फोन किया, लेकिन पुलिस से मदद नहीं मिली।

15 दिन में निर्देश नहीं मानने पर रद्द की जाएगी निजी स्कूलों की मान्यता

महंगी किताबें और फीस को लेकर प्रशासन ने 17 निजी स्कूलों को फिर भेजा नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : निजी स्कूलों द्वारा महंगी किताबें थोपने और अभिभावकों से अवैध शुल्क वसूली के मामलों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर सीईओ गोविंद राम जायसवाल ने हल्द्वानी, रामनगर और भीमताल क्षेत्र के 17 निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

प्रशासनिक जांच में सामने आया है कि कई स्कूल एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से हटकर महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य कर रहे हैं। साथ ही अभिभावकों को चुनिंदा दुकानों से ही किताबें व अन्य शैक्षिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जांच में यह भी पाया गया कि कई स्कूल जरूरत से अधिक किताबें शामिल कर रहे हैं और अपनी वेबसाइट पर फीस व बुक लिस्ट जैसी अनिवार्य जानकारी भी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। प्रशासन ने इसे राइट टू एजुकेशन एक्ट 2009, सीबीएसई दिशा-निर्देशों और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का उल्लंघन मानते हुए अनुचित व्यापार व्यवहार करार दिया है। सीईओ ने सभी स्कूलों को 15 दिन के भीतर संशोधित बुक लिस्ट जारी करने, केवल आवश्यक व एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों को प्राथमिकता देने, तय दुकानों की अनिवार्यता समाप्त करने, वेबसाइट पर जानकारी सार्वजनिक करने तथा अतिरिक्त वसूली का समायोजन या रिफंड करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन न करने वाले स्कूलों की मान्यता निलंबित या समाप्त की जा सकती है। साथ ही जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई भी होगी। तय अवधि के बाद संयुक्त जांच समिति द्वारा पुनः निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

हल्द्वानी में किताबों की दुकान पर खड़े अभिभावक व रखी पुस्तकें। ● अमृत विचार

पुराने नोटिसों पर कार्रवाई लंबित

गौरतलब है कि इससे पहले भी 50 से अधिक स्कूलों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जिन पर अब तक कार्रवाई लंबित है। पिछले वर्ष भी ऐसे मामलों की रिपोर्ट शिक्षा सलाहकार समिति को भेजी गई थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी।

इन स्कूलों को जारी हुआ नोटिस

देवभूमि सीनियर सेकेंडरी स्कूल (मानपुर पश्चिम), गुरु द्रोणा पब्लिक स्कूल, लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल, बीएलएम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्यमन विक्रम बिड़ला स्कूल, दून पब्लिक स्कूल (नवाबी रोड), विज्डम पब्लिक स्कूल (रामपुर रोड), इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल (रामपुर रोड), किंग्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शेमफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल (मोटाहल्दू), हिमालया विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वुडब्रिज स्कूल (भीमताल), मल्लिकार्जुन स्कूल, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल (पीरुमदारा, रामनगर), ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल (रामनगर) और गार्डन वैली पब्लिक स्कूल (रामनगर)।

मानदेय बढ़ाने को लेकर मेयर गजराज सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपते विभिन्न वार्डों के पार्षद। ● अमृत विचार

25 हजार मानदेय देने की मांग उठाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम हल्द्वानी में पार्षदों के मानदेय को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। शनिवार को आयोजित बैठक में पार्षदों ने मेयर गजराज सिंह बिष्ट के समक्ष 25 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिए जाने की मांग रखी।

पार्षदों का कहना है कि वर्तमान में मानदेय न मिलने के कारण उन्हें वार्ड स्तर पर छोटे-छोटे विकास कार्य कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि उन्हें नियमित मानदेय दिया जाता है तो वे अपने-अपने वार्डों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगे। बैठक के दौरान मेयर ने पार्षदों की मांग को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस विषय पर आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा।

प्रस्ताव पारित होने के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान पार्षदों ने अपनी मांग को लेकर मेयर को ज्ञापन भी सौंपा। गौरतलब है कि हाल ही में देहरादून नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों के मानदेय को लेकर प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय लिया गया था। इसी के बाद हल्द्वानी नगर निगम के पार्षदों ने भी समान व्यवस्था लागू करने की मांग की है। मेयर ने बताया कि इस संबंध में नगर आयुक्त को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अब सभी की निगाहें आगामी बोर्ड बैठक पर है।

पार्षदों ने नगर आयुक्त के सामने रखीं समस्याएं

हल्द्वानी में विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने नगर आयुक्त परितोष वर्मा से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। पार्षदों ने सड़क, सीवर, पेयजल आपूर्ति और आवारा पशुओं की समस्या समेत अन्य बुनियादी मुद्दों के समाधान की मांग की। वार्ड 36, 60, 48, 56 और 41 के पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं विस्तार से रखीं। इस पर नगर आयुक्त ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में भागीरथी देवी, तनुजा जोशी, मनोज जोशी, रवि जोशी, संजय पांडे, मुकुल बल्यूटिया और सचिन तिवारी सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

सीढ़ी के कोने से टकराया सिर, केयर टेकर की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **ऊंचापुल के पास स्थित कॉप्लेक्स में शुक्रवार रात की घटना**
- **लोग पहुंचे तो चल रही थी सांसें अस्पताल में पहुंचे हुई मौत**

अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। सीढ़िया चढ़ते वक्त कॉम्प्लेक्स के केयर टेकर का पैर फिसल गया और उनका सिर सीढ़ी के कोने से टकरा गया और सीढ़ी का कोना उसके सिर में घुस गया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मूल रूप से चम्पावत के रहने वाले 56 वर्षीय किशन सिंह खाती पुत्र गंगा सिंह पांच बच्चों के पिता थे। परिवार चम्पावत में रहता है और वह मुखानी थानाक्षेत्र के लोहरियासाल मल्ला स्थित एक कॉम्प्लेक्स में बतौर केयर टेकर काम करते और यहीं रहते थे। बताया जाता है कि शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान वह कॉप्लेक्स की सीढ़ियां चढ़ रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वह गिर गए। इस दौरान उनका सिर सीढ़ी के कोने से टकरा गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। करीब 8 बजे लोगों की नजर उन पर पड़ी तो उस वक्त उनकी सांसें चल रही थीं। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

रमेश अध्यक्ष, महेंद्र सचिव चुने गए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव हो गया। इसमें रमेश पांडे को अध्यक्ष ओर महेन्द्र सिंह बिष्ट को सचिव चुना गया। सभी ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

शनिवार को रामनगर स्थित एक रिसोर्ट में टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी संजय पांडे एवं मनोज भंडारी के निर्देशन में चुनावी प्रक्रिया हुई। मतदान के बाद रमेश पांडे को अध्यक्ष, सतीश बल्यूटिया उपाध्यक्ष, महेन्द्र सिंह बिष्ट सचिव, भूपेन्द्र महरा उपसचिव, हिमांशु कांडपाल कोषाध्यक्ष, गगन मीत सिंह सह-कोषाध्यक्ष चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य में संजय पांडे, सुमित गुप्ता, सुशील तिवाड़ी, तनुजा पंत को चुना गया। विधिक सलाहकार अक्षय अग्रवाल, संरक्षक मंडल में एनके जोशी एवं आईपी सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील पाठक, कन्वीनर हिमांशु कोठारी एवं सूरज नेगी को चुना गया नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश पांडे ने कहा कि संगठन टैक्स अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा एवं कल्याण के लिए निरंतर काम करता रहेगा। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चन्द्र शेखर तिवाड़ी, हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, डॉ. चन्द्र शेखर जोशी एवं सुशीला मेहता आदि रहे।

टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

प्रताप नगर–लालकुआं स्पेशल ट्रेन आज से शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ग्रीष्मकालीन भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए प्रताप नगर और लालकुआं के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन कुल 18 फेरों के लिए चलाई जाएगी।

रेलवे के अनुसार प्रताप नगर–लालकुआं सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को 3 मई से 28 जून तक प्रताप नगर से शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बड़ोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, बदायूं और बरेली सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए अगले दिन दोपहर 12:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी। वहीं, वापसी में लालकुआं–प्रताप नगर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को 4 मई से 29 जून तक लालकुआं से दोपहर 3:50 बजे रवाना होगी और विभिन्न प्रमुख स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 11:30 बजे प्रताप नगर पहुंचेगी।

रेलवे प्रशासन के मुताबिक, इस स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 20 कोच लगाए जाएंगे। इनमें सेकंड एसी के 2, थर्ड एसी के 6, स्लीपर के 6, जनरल सेकंड कोच के 4 कोच सहित अन्य जरूरी कोच शामिल हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि गर्मियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

कीटनाशक पी लेने से युवती की हालत गंभीर

रामनगरः हल्द्वानी की एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। युवती की हालत गंभीर बनी है और पुलिस जांच में जुटी है।

शनिवार सुबह रामनगर-काशीपुर मार्ग नेशनल हाईवे के भवानीगंज क्षेत्र में एक युवती ने कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिसके बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने युवती को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की। इसी दौरान स्थानीय सभासद के पति जफर को घटना की सूचना मिली। वह मौके पर पहुंचे और एक अन्य महिला की मदद से बेहोश युवती को 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

लापरवाही

20 अप्रैल को रानीबाग में सड़क हादसे के बाद लगाए गए थे स्पीड ब्रेकर, क्षेत्रवासियों में जबरदस्त आक्रोश

रानीबाग में नैनीताल हाईवे पर लगे स्पीड ब्रेकर्स 24 घंटे में 'ब्रेक'

- **24 घंटे भी नहीं टिक सके हाइवे पर लगाए स्पीड ब्रेकर्स**
- **बीते दिनों मासूम की मौत के बाद हाईवे पर लगाए गए स्पीड ब्रेकर्स**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सरकारी महकमों में काहिली इस कदर है कि रोडवेज बस की टक्कर से मासूम की जान चले जाने के बाद हाईवे पर लगाए गए स्पीड ब्रेकर्स महज 24 घंटे भी नहीं टिक सके। वाहनों के दवाब और बाइकर्स की रफ्तार के आगे ये ब्रेकर्स ही ब्रेक (टूट) गए। इस लापरवाही से क्षेत्रवासियों में जबरदस्त आक्रोश है।

बीती 20 अप्रैल को रानीबाग में नैनीताल हाईवे पर रोडवेज की एक बेकाबू बस ने आंगनबाड़ी से मां व बच्चों के साथ लौट रही पांच वर्षीय छात्रा कनक को कुचल कर मार दिया था। घटना से गुस्साए क्षेत्रवासियों ने बस चालक की पिटाई लगाई और बस में तोड़फोड़ भी की। उन्होंने आरोप लगाया था कि हाईवे पर बेकाबू होकर वाहन दौड़ते थे, यहां आंगनबाड़ी, रिहायश और दुकानों होने के बाद भी एक भी स्पीड ब्रेकर, साइनेज वगैरह नहीं है। इसके बाद शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को रानीबाग में घटना स्थल जैन आयरन दुकान और मिलिट्री कैंप के बीच में स्पीड ब्रेकर्स लगाए थे। ये स्पीड ब्रेकर्स 24 घंटे भी नहीं टिक सके और वाहनों के दवाब से चूर चूर हो गए। इसको लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश है।

रानीबाग में हाईवे पर लगाए गए स्पीड ब्रेकर्स की हालत। ● अमृत विचार

अब डीएम हस्तक्षेप कर मानकों का पालन कराएं

हल्द्वानी : क्षेत्रवासी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन साह ने बताया कहा कि सड़क हादसे के बाद बीती 23 अप्रैल को डीएम ललित मोहन रयाल से मांग की थी कि सड़क सुरक्षा के इंतजाम किए जाए और मासूम के परिजनों को मुआवजा दिलाया जाए। इसके बाद डीएम ने एडीएम विवेक राय की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी। इस कमेटी की बैठक हुई थी जिसमें साइनेज, जेब्रा क्रॉसिंग, रम्बल स्ट्रिप और स्पीड ब्रेकर्स लगाने के निर्देश दिए गए थे। बीते शुक्रवार को प्लास्टिक के स्पीड ब्रेकर्स लगाए गए जो भारी वाहनों से धाराशायी हो गए। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में एक मासूम की जान चली गई फिर भी सरकारी विभाग संवेदनशील नहीं है जो कि घोर लापरवाही है। साह ने डीएम से इस प्रकरण में हस्तक्षेप कर सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुसार इंतजाम कराने की मांग की है।

मामूली बात पर मुक्का मारकर फोड़ दी आंख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **दो हफ्ते पहले खुद को फौजी बताकर दिया घटना को अंजाम**
- **युवक अस्पताल में भर्ती, कम हो गई एक की आंख की रोशनी**

अमृत विचार : रामपुर रोड पर हुए मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। कुछ लोगों ने स्कूटी सवार युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। उसकी आंख में इतने मुक्के बरसाए कि उसकी आंख फूट गई। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मानपुर पश्चिम टीपीनगर निवासी पीड़ित प्रेम सिंह ने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह एक बुजुर्ग को घर छोड़ने जा रहे थे। सोमवार बाजार के पास एक अज्ञात स्कूटी सवार ने उन्हें रोककर बहस शुरू कर दी। आरोपी ने जबरन स्कूटी की चाबी निकाल ली और खुद को फौजी बताते हुए प्रेम सिंह के चेहरे और आंख पर ताबड़तोड़ घूंसे बरसा दिए। आरोपी ने उन्हें सड़क पर घसीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उपचार के दौरान पता लगा कि बांई आंख की रोशनी कम हो गई है। प्रेम ने पुलिस को बताया कि हमला करने वाला खुद को फौजी बता रहा था। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

10 जून से पहले निपटाएं निर्माण सड़क पर नहीं खुदेगा नया गड्ढा

जिला प्रशासन व नगर निगम ने प्री मानसून बैठक में विभागों के साथ हुई बैठक में दी हिदायत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला प्रशासन व नगर निगम ने मानसून सीजन से पूर्व ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर सभी को निर्माण कार्य 10 जून तक पूरा करने और जल निकासी के लिए समुचित ड्रेनेज प्लान बनाने के निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त परितोष वर्मा व सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने शनिवार को नगर निगम सभागार में प्री-मानसून बैठक की। उन्होंने कहा कि इन दिनों शहर में सड़क चौड़ीकरण, नहर निर्माण, पेयजल, सीवर एवं गैस की लाइन बिछाने, चौराहों के सौंदर्यीकरण के साथ ही कई विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं। स्पष्ट लहजे में कहा कि जितनी भी विकास योजनाएं लंबित हैं उन्हें हर हाल में 10 जून तक पूरा कर लिया जाए। सड़कों पर पड़ी निर्माण सामग्री, मलबा वगैरह को भी समय से हटा दिया जाए क्योंकि मानसून में इन वजहों से भी हादसे हो सकते हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि अब सड़कों पर कोई भी नया गड्ढा नहीं खोदा जाएगा, यदि बेहद जरूरी होगा तो गड्ढा खोदने के बाद तत्काल भरान कर दिया जाए ताकि बारिश के पानी में जलभराव होने से कोई जानलेवा हादसा नहीं हो। उन्होंने कहा कि मानसून में सबसे ज्यादा जरूरी जल निकासी है। संबंधित विभागों को जल भराव वाले स्थानों के चिन्हीकरण और ड्रेनेज के लिए सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। ड्रेनेज सिस्टम को हर हाल में दुरुस्त कर लिया जाए। नगर निगम को मानसून से पूर्व नालियों की तल्लीझाड़ सफाई के लिए भी कहा गया है। सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जन सुरक्षा है इसलिए सभी निर्देशों का पालन किया जाए।बैठक में सिंचाई, जल संस्थान, जल निगम, वन विभाग, वन निगम, खनन, यूयूएसडीए, लोनिवि और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुलदीप सिंह, ईई डीएस रावत, ईई आरएस लोशाली, वन निगम डीएलएम धीरेश बिष्ट आदि रहे।

नगर निगम सभागार में प्री मानसून की बैठक करते नगर आयुक्त परितोष वर्मा व सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

बड़े नालों में आए आरबीएम की होगी नीलामी

हल्द्वानी : बैठक में शहर के बड़े नालों रकसिया, कलसिया वगैरह की सफाई पर भी मंथन हुआ। इसमें नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने सुझाव दिया कि रकसिया नाले में कवरिंग होने व डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की अपेक्षाकृत कूड़ा कम और आरबीएम ज्यादा है इसलिए नाले की सफाई के बजाय उक्त आरबीएम की बिक्री के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएं। इससे नाले की प्रॉपर सफाई के साथ ही राजस्व भी प्राप्त होगा। इस बाबत जल्द ही संबंधित विभागों के साथ सर्वे किया जाएगा। वहीं देवखड़ी नाले में यूयूएसडीए की ओर से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह निविदा प्रक्रिया समय से पूरी कर ली जाए ताकि मानसून में कोई परेशानी नहीं हो।

खतरनाक पेड़ों को चिन्हित कर समय से काटा जाए

सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मानसून में सड़क किनारे लगे पेड़ों के गिरने से जानलेवा हादसे हो जाते हैं इसलिए मानसून से पूर्व खतरनाक पेड़ों को चिन्हित कर उनका छपान आदि की प्रक्रिया पूरी कर कटान किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग वन विकास निगम से आपस में समन्वय कर तेजी से काम करने के लिए कहा गया।

पर्यटन सीजन : सुबह 6 बजे से सड़कों पर उतरेगी पुलिस फोर्स

हल्द्वानी : पर्यटन सीजन की शुरुआत और पहले वीकेंड पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने यातायात को सुगम बनाने के लिए व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

एसएसपी ने निर्देश दिए हैं कि सभी थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक ।और अन्य पुलिसकर्मी सुबह 6 बजे से ही अपने-अपने निर्धारित चौराहों और जाम वाले स्थानों (बॉटल नेक) पर तैनात रहेंगे। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही को अक्षम्य माना जाएगा। सभी राजपत्रित अधिकारी खुद सड़कों पर उतरकर यातायात व्यवस्था का संचालन कराएंगे।

जिले में लागू नए डायवर्जन प्लान को सख्ती से लागू किया जाएगा। भारी वाहनों को निर्धारित समय और स्थान पर ही रोका जाएगा, जिससे छोटे वाहनों की आवाजाही सुचारू बनी रहे। किसी भी आकस्मिक जाम या बाधा से तुरंत निपटने के लिए मोबाइल पुलिस टीम लगातार पेट्रोलिंग करेगी। एसएसपी ने कहा कि पर्यटन सीजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और निर्धारित डायवर्जन रूट पर ही चलें।

हल्द्वानी में मप्र, आंध्र व बिहार वालों के अवैध बस अड्डे बने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में दो-दो बस अड्डे हैं, बावजूद इसके मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, नागालैंड, असम और बिहार समेत कई राज्यों के कारोबारियों ने यहां निजी बस अड्डा खोल दिया है। ये बस अड्डा बरेली रोड स्थित होंडा शोरूम तिराहे पर खुला है। ऑनलाइन बुकिंग के जरिये यहां से हर रोज बड़ी संख्या में पर्यटकों को कई प्रदेशों तक ले जाया जाता है। बड़ी बात यह है कि यह सब खुलेआम चल रहा है, लेकिन न तो पुलिस कार्रवाई करती है और न ही संभागीय परिवहन निगम।

बरेली रोड पर होंडा दोपहिया शोरूम के पास, ट्रांसपोर्ट नगर को जाने वाले मार्ग पर इन दिनों अजीब हालात बन गए हैं। जिस जगह कभी एक छोटा सा फड़ हुआ करता था, आज वह जगह धीरे-धीरे निजी मिनी बस अड्डे का रूप ले चुकी है। शाम ढलते ही यहां का माहौल पूरी तरह बदल जाता है। यहां से लोगों को देश के कई राज्यों तक ले जाने वाली बसें मिल जाती है। ये बसें बेतरतीब ढंग से सड़क के दोनों हिस्से को घेर कर खड़ी होती है, जिससे यातायात भी प्रभावित होता है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ मंडी पुलिस चौकी से महज करीब 60 मीटर की दूरी पर हो रहा है, लेकिन इतने व्यस्त चौराहे पर चल रही इन गतिविधियों पर या तो किसी की नजर पड़ती नहीं या फिर जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है।

टीपी नगर चौराहे पर बाहरी राज्यों की बसों की लंबी कतार।

बस अड्डे की आड़ में पनप रहा नया बाजार

इस गैर कानूनी बस अड्डे की आड़ में होंडा बाईपास नया बाजार पनपने लगा है। यहां खाने-पीने से लेकर पान-मसाला और चाय की दुकानें खुल चुकी हैं और इन दुकानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इतना ही नहीं, शहर के काठगोदाम और भोटियापड़ाव में दो टैक्सी स्टैंड हैं, लेकिन सवारियों के चक्कर में यहां तीसरा गैरकानूनी टैक्सी स्टैंड भी खुल गया है।

"बाहरी राज्यों की बसों के बिना किसी निर्धारित स्थान से सवारी भरने, जाम और अवैध तरीके से सवारी भरने पर परिवहन निगम के साथ मिलकर प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। -**अरविंद पांडे**, आरटीओ प्रवर्तन, हल्द्वानी संभाग

पर्यटकों से की जा रही खुली लूट

हल्द्वानी : शहर में बाहर से आने वाले पर्यटक यहां खुलेआम लुट रहे हैं। सुबह तड़के और देर शाम पहुंचने वाले यात्रियों से ऑटो चालक भी मनमानी रकम वसूल रहे हैं। अंजान मुसाफिरों से होंडा शोरूम से काठगोदाम तक 600 से 1000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। जबकि नीब करौली बाबा के दरबार जाने वाले श्रद्धालुओं की पहचान कर 6000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं।

लीग में काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी की एकतरफा जीत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तहत चल रही अंडर-16 बालक वर्ग जिला क्रिकेट लीग में काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉर्बेट क्रिकेट अकादमी को 120 रनों से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। यह मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरीना में खेला गया।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी कॉर्बेट क्रिकेट अकादमी की टीम के सामने काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38वें ओवर में 209 रन बनाए। टीम की ओर से ओम ने सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली, जबकि गर्वित ने 22 और कुनाल और विक्की ने 21-21 रनों का योगदान दिया। कॉर्बेट की ओर से समरन और शाबान ने 3-3 विकेट, जबकि देवांश ने 2 विकेट झटके। 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉर्बेट क्रिकेट अकादमी की टीम काठगोदाम के गेंदबाजों के सामने 25वें ओवर में मात्र 89 रन बनाकर ढेर हो गई। टीम के लिए सौम्य जोशी (29), शाबान (28) और परितोष (13) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से नितीश ने 6 विकेट झटके, जबकि शिवांग और विवेक ने 2-2 विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। नितीश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर की भूमिका कुशाग्र सिंह और विनोद पंतोला ने निभाई, जबकि स्कोरर निकित जोशी रहे।

शिवसेना नेता त्रिवेदी का स्वागत करते रुपेंद्र नागर। ● अमृत विचार

शिवसेना नेता राम किशोर त्रिवेदी का किया अभिनंदन

हल्द्वानी : महाराष्ट्र से हल्द्वानी पहुंचे शिवसेना नेता रामकिशोर त्रिवेदी का शिव सैनिकों ने अभिनंदन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने त्रिवेदी का पटका ओढ़ाकर व बाबा नीब करौरी की चित्र देकर सम्मानित किया। त्रिवेदी ने कहा कि देवभूमि के प्रति उनका लगाव है, वह शादी की सालगिरह पर बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान अभिषेक कश्यप, त्रिलोक सिंह, सुनील गुप्ता, अशोक सिंधी, प्रमोद आर्य, मनोज गुप्ता, सूरज जौली, पवन नागर, रोहित सिंह, नैतिक नागर, शिवम जायसवाल आदि रहे।

सरोवर नगरी में शाम को हुई हल्की बारिश

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: सरोवर नगरी में शनिवार को पूरे दिन घना कोहरा आता जाता रहा, जबकि देर शाम हल्की रिमझिम बारिश ने धरा को भिगोया। मौसम का मिजाज मिलजुला देखने को मिला। नगर में बादल सुबह से डेरा जमाए हुए थे। चंद पलों के लिए धूप निकली भी तो घने कोहरे ने राह रोक ली।

वहीं, देर शाम हल्की रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जो करीब 20 मिनट बाद थम गई। नगर भ्रमण पर पहुंचे सैलानियों की सैर में खास व्यवधान नहीं आया। वर्षा थमने के बाद घने कोहरे ने आसमान को पुनः आगोश में ले लिया। जिस कारण वर्षा की संभावना बनी हुई थी। इधर मौसम विभाग देहरादून के मौसम वैज्ञानिक डॉ. रोहित थपलियाल के अनुसार इन दिनों पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया है। सोमवार को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर मंगलवार तक रहेगा। इस बीच 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, आकाशीय बिजली गिरने की आशंका के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम 16.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Granta Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

	COURSE	Eligibility	Duration
01	Diploma- Medical lab Technician (DMLT)	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
02	Diploma X-Ray Technician	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
03	Diploma Radiology Technology	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
04	M.Sc. Medical Anatomy	MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.)	3 Year
05	M.Sc. Medical Biochemistry		3 Year
06	M.Sc. Medical Microbiology		3 Year
07	M.Sc. in Medical Pharmacology		3 Year
08	M.Sc. in Medical Physiology		3 Year

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

09	Diploma in Dental Hygenist	10+2 (PCB)	2 Year
10	Diploma in Dental Mechanics	10+2 (PCB)	2 Year

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

	COURSE	Eligibility	Duration
11	D.Pharm/Diploma in Pharmacy	10+2(PCB/PCM)	2 Year
12	B.Pharm/Bachelor of Pharmacy	10+2(PCB/PCM)	4 Year
13	M.Pharm (Pharmaceutical Chem)	B.Pharm	2 Year
14	M.Pharm (Pharmaceutics)	B.Pharm	2 Year
15	M.Pharm (Pharmacology)	B.Pharm	2 Year
16	M.Pharm (Pharmacognosy)	B.Pharm	2 Year

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

	COURSE	Eligibility	Duration
17	Certification in Sanitation	10+2(PCB/PCM)	1 Year
18	Diploma in Medical Lab Technician (DMLT)	10+2(PCB/PCM)	4 Year
19	Diploma in X-Ray Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
20	Diploma in Dialysis Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
21	Diploma in Emergency & Trauma Care	10+2(PCB/PCM)	2 Year
22	Diploma in MRI Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
23	Diploma in Radiotherapy Technology	10+2(PCB/PCM)	2 Year
24	Bachelor of Physiotherapy (BPT)	10+2(PCB	5 Year
25	Bachelor Operation Theater Technician (BOTT)	10+2(PCB/PCM))	4 Year
26	Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)	10+2(PCB)	4 Year
27	B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS)	10+2(PCB)	4 Year
28	B.Sc. in Optometry (B. Optom)	10+2(PCB/PCM)	5 Year
29	M.Sc. in Clinical Embryology	UG (Relevant Discipline)	2 Year
30	Master of Physiotherapy (MPT)	UG (Relevant Discipline)	2 Year
31	Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS)	UG (Relevant Discipline)	2 Year

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

	COURSE	Eligibility	Duration
32	B.Sc. Nursing	10+2 (PCB)	4 Year
33	Post Basic B.Sc. Nursing	GNM	2 Year
34	Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam)	B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing*	2 Year
35	M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing*	2 Year
36	M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing		2 Year
37	M.Sc. Nursing in Child Health Nursing		2 Year
38	M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing		2 Year
39	M.Sc. Nursing in Community Health Nursing		2 Year
40	GNM	10+2 with English	3 Year
41	ANM	10+2	2 Year

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

42	BBA	10+2 in any Stream	3 Year
43	BBA (H) Finance & Taxation	10+2 in any Stream	4 Year
44	BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics	10+2 in any Stream	4 Year
45	B. Com (Honors)	10+2 in any Stream	4 Year
46	BCA	10+2 in any Stream	3 Year
47	BCA (H) Information Technology & Multimedia	10+2 in any Stream	4 Year
48	BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science	10+2 in any Stream	4 Year
49	BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear.	10+2 in any Stream	4 Year
50	BA (Journalism/Mass Communication)	10+2 in any Stream	4 Year
51	BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication	10+2 in any Stream	4 Year
52	BMM (H) Bachelor of Mass Media	10+2 in any Stream	4 Year
53	MJMC Master of Journalism & Mass Comm.	UG Any Stream	2 Year
54	MHA (Master in Hospital Administration)	UG Any Stream	2 Year
55	MPH (Master in Public Health)	UG Any Stream	2 Year
56	MBA	UG Any Stream	2 Year
57	MCA	UG Any Stream	3 Year
58	M. Com	UG Any Stream	2 Year
59	MA (Political Science)	UG Any Stream	2 Year
60	MA (Journalism)	UG Any Stream	2 Year
61	MA (Mass Communication)	UG Any Stream	2 Year
62	MA (English)	UG Any Stream	2 Year
63	MA (Psychology)	UG Any Stream	2 Year
64	MA (Sociology)	UG Any Stream	2 Year

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

65	B.Sc. Forensic Sciences	10+2 (PCM/PCB)	3 Year
66	M.Sc Forensic Science	UG (Relevant Discipline)	2 Year

FACULTY OF FINE ARTS

67	Certificate in Photography	10 Pass	1 Year
68	Certificate in Cinematography	10 Pass	1 Year
69	Diploma in Cinematography (DIC)	10 Pass	2 Year
70	Diploma in Photography (DIP)	10 Pass	2 Year
71	Bachelor of Fine Arts (Film Making)	10+2 in any Stream	4 Year
72	Bachelor of Fine Arts (Photography)	10+2 in any Stream	4 Year
73	Master of Fine Arts (Photography)	UG Fine Arts	2 Year

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153
Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

सिटी ब्रीफ

राज्य सूचना आयुक्त कुंवर ने ली बैठक

भीमताल : उत्तराखंड राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त दलीप सिंह कुंवर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, भीमताल में जनपद स्तरीय लोक सूचना अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सूचना आयुक्त ने कहा कि आयोग का मूल उद्देश्य सूचना का अधिकार आमजन तक पहुंचाना है, विशेषकर उन लोगों तक जो जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सूचना के प्रभावी प्रसार के लिए जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक सशक्त बनाया जाए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही की समीक्षा भी की गई। जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ. मुकेश नेगी रहे।

लछमपुर के स्कूल में बांटी शिक्षण सामग्री

हल्द्वानी : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव लछमपुर में शनिवार को स्व. रेखा जोशी (पूर्व सहायक अध्यापिका) की स्मृति में मेधावी व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान चयनित विद्यार्थियों को पठन-पाठन के लिए लिखित सामग्री के दो-दो सेट प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद और प्रतिभाशाली छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र जोशी सहित अन्य शिक्षकों और अतिथियों की उपस्थिति में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर प्रियंका जोशी, निदेशक आदित्य जोशी रहे।

स्नातक में दाखिले को समर्थ पोर्टल खुला

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक कक्षाओं में पंजीकरण एवं प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने नैनीताल परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल खोल दिया है। विवि की ओर से जारी सूचना के अनुसार इच्छुक छात्र-छात्राएं अब ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर आवश्यक विवरण भरने होंगे। स्नातक प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ होकर 31 मई 2026 तक चलेगी। इस अवधि में छात्र निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने का आग्रह किया है।

मॉल रोड, तल्लीताल और आसपास के प्रमुख मार्गों पर लगीं वाहनों की लंबी कतारें, कैंची धाम में दिनभर जाम से जूझते रहे लोग

वीकेंड पर सरोवर नगरी में उमड़े पर्यटक, जाम ने किया परेशान

संवाददाता, नैनीताल

नैनीताल में शनिवार को वीकेंड के दौरान उमड़ी पर्यटकों की भीड़।

अमृत विचार : वीकेंड के मौके पर सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटकों ने शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों का दीदार किया। भीड़भाड़ के कारण अधिकांश पर्यटन स्थल गुलजार रहे, जिससे छोटे-बड़े पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग भी उत्साहित नजर आए। हालांकि पर्यटकों की अत्यधिक आमद के चलते शहर में दिनभर जाम जैसे हालात बने रहे।

खासतौर पर मॉल रोड, तल्लीताल और आसपास के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे स्थानीय लोगों और सैलानियों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नैनीताल शहर में पार्किंग स्थल फुल होने के बाद स्थिति और बिगड़ गई। शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों को रूसी बाईपास पर रोका गया और वहां से शटल सेवा के माध्यम से पर्यटकों को शहर में भेजा गया। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था पर लगातार दबाव बना रहा। इधर, कैंची धाम क्षेत्र में भी दिनभर लंबा जाम लगा रहा। बाबा नीम करौली धाम के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ के चलते सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई, जिससे लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार लग रहे जाम से उनका जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वीकेंड और पर्यटन सीजन में बेहतर यातायात और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि समस्या से राहत मिल सके। होटल कारोबार भी इस वीकेंड पर चरम पर रहा। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने बताया कि वीकेंड के दौरान शहर के होटल लगभग 70 प्रतिशत तक ऑनलाइन बुक हो चुके हैं और लगातार बुकिंग की मांग बनी हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाला वीकेंड पर्यटन कारोबार के लिहाज से और बेहतर रहेगा। यातायात व्यवस्था को लेकर एसपी सिटी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के लिए पुलिस द्वारा वैकल्पिक मार्गों और शटल सेवा की व्यवस्था की गई है। भीमताल और भवाली से भी शटल सेवा संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्किंग फुल होने के बाद वाहनों को बाईपास पर रोककर नियंत्रित तरीके से प्रवेश दिया जा रहा है, ताकि जाम की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

ऑल सेंट्स में श्रमिक व प्रिंसिपल दिवस मना

नैनीताल : ऑल सेंट्स कॉलेज, नैनीताल में श्रमिक दिवस एवं प्रिंसिपल डे उत्साह पूर्वक मनाया गया। 1 मई को अवकाश होने के कारण श्रमिक दिवस का आयोजन 2 मई को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 12 की छात्राओं द्वारा विशेष प्रार्थना सभा से हुई।

विद्यार्थियों ने श्रमिकों के अथक परिश्रम और उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करते हुए प्रेरणादायक विचार, प्रार्थनाएं और संदेश प्रस्तुत किए। छात्राओं ने सामूहिक गान और रसोई की जिम्मेदारी स्वयं निभाते हुए सभी के लिए भोजन तैयार किया। प्रधानाचार्या अंजिना रिचड्र्स ने भी कर्मचारियों के सम्मान में विशेष भोज का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता कर्मचारियों की मेहनत पर निर्भर करती है।

विधायक भगत के आश्वासन पर भी नहीं मानी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

मांगों के माने जाने के लिखित आदेश मिलने तक धरना जारी रखने का किया ऐलान

संवाददाता, कालाढूंगी

धरना स्थल पर पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से वार्ता करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

अमृत विचार: मानदेय वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना 17वें दिन भी जारी रहा। कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने धरनास्थल पर पहुंचकर उनकी मांगें सुनीं और मानदेय बढ़ोतरी को लेकर आश्वासन दिया। बावजूद इसके आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां धरने पर डटी रहीं। उन्होंने लिखित आदेश मिलने तक धरना जारी रखने का ऐलान किया है।

मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का शनिवार को पंडित दीनदयाल पार्क में धरना जारी रहा। ब्लॉक अध्यक्ष गीता ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रही हैं, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान मानदेय में महिलाओं का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। कार्यकत्रियां ने मानदेय 18 हजार रुपये प्रतिमाह करने तथा बायोमेट्रिक प्रणाली से न जोड़ने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि प्रदेश संगठन की सरकार के साथ वार्ता प्रस्तावित है और यदि वार्ता उनके पक्ष में नहीं होती है तो धरना-प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।

वहीं धरनास्थल पर पहुंचे विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगें जायज हैं और सरकार जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुमार, तहसीलदार पूजा शर्मा, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, विनोद बुढलाकोटी, कमलेश पांडेय, कुंदन बसेड़ा, कैलाश बुढलाकोटी, कमल बौरा, मनोज अधिकारी, हरीश मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महिलाओं के लिए सरकार ने कई कदम उठाए: भगत

कालाढूंगी में धरनास्थल पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां को संबोधित करते हुए विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने महिलाओं के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण, पंचायत चुनावों में 30 प्रतिशत भागीदारी और अब विधानसभा व लोकसभा में भी महिलाओं को 30 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां का मानदेय बढ़ाया था और आगे भी उनके हित में निर्णय लिए जाएंगे।

वित्तीय अनियमितता के मामले ने पकड़ा तूल

लालकुआं: राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ उत्तराखंड में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। संघ के सदस्य डॉ. कपिल शर्मा द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद यह प्रकरण मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल तक पहुंच गया है, जहां औपचारिक शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता डॉ. कपिल शर्मा ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2015 से 2025 तक संघ के एक पूर्व अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संघ के खाते में जमा धनराशि का कोई पारदर्शी लेखा-जोखा सदस्यों को उपलब्ध नहीं कराया गया। इस दौरान न तो कोई आंतरिक ऑडिट कराया गया और न ही उसकी रिपोर्ट अधिवेशन में प्रस्तुत की गई। डॉ. शर्मा ने वर्ष 2021-22 में संघ भवन निर्माण के नाम पर प्रत्येक सदस्य से 50 हजार रुपये वसूले जाने का मुद्दा भी उठाया है। उनका कहना है कि यह राशि कई स्थानों पर स्वेच्छा से, जबकि कुछ जगहों पर दबाव बनाकर एकत्र की गई, जो लगभग 2.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

एजीएम ने लालकुआं रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

लालकुआं रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते एजीएम विनोद कुमार शुक्ल। ● अमृत विचार

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर, विनोद कुमार शुक्ल ने लालकुआं रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विस्तारीकरण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्य को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक शुक्ल शनिवार शाम अपने विशेष सैलून से लालकुआं रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने सभी प्लेटफॉर्मों का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए सुधार के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वे स्टेशन के पुराने मुख्य द्वार के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय पहुंचे, जहां उन्होंने उसे तत्काल वहां से हटाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्टेशन के मुख्य एवं पुराने द्वार के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य को तेजी से पूरा करने को कहा। बाद में पत्रकारों से बातचीत में अपर महाप्रबंधक ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से अमृत भारत योजना के तहत लालकुआं रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह स्टेशन भव्य रूप लेगा और उत्तराखंड के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल होगा। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, इंजीनियर प्रवेश कुमार आदि रहे।

इंदर आर्या की प्रस्तुतियों पर झूमे छात्र

- ग्राफिक एरा में लोक गायक इंदर आर्या का कार्यक्रम

संवाददाता, भीमताल

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में इंदर आर्या की शानदार प्रस्तुति।

अमृत विचार: ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में प्रसिद्ध कुमाउनी लोकगायक इंदर आर्या की शानदार लाइव प्रस्तुति ने संगीत, संस्कृति और युवा ऊर्जा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

उनके चर्चित गीत गुलाबी शरारा की धुन बजते ही छात्र-छात्राएं झूम उठे और पूरा परिसर एक स्वर में गीत गाता नजर आया। इसके बाद माठू-माठू, बोल हीरा, हे मधु मशकबीन और मुखुड़ी बे चुनरी जैसे लोकप्रिय गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। हर गीत के साथ दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया और विद्यार्थी संगीत की धुनों पर थिरकते नजर आए।

यह कार्यक्रम उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावशाली माध्यम बना। उनके गीतों ने विद्यार्थियों में अपनी मातृभूमि, भाषा और सांस्कृतिक पहचान के प्रति गर्व की भावना को और मजबूत किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। यह शाम केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपनत्व, संस्कृति और यादगार पलों का उत्सव बन गई।

संदिग्ध हालातों में फंदे से झूला व्यक्ति, मौत

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: पीरूमदारा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पान सिंह, फाइल फोटो।

पुलिस को डायल 112 पर सूचना मिली कि रामनगर के थारी पीरूमदारा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक की पहचान पान सिंह (40) पुत्र मोहन सिंह, निवासी थारी पीरूमदाराके रूप में की। प्रारंभिक जानकारी में पता चला कि मृतक पान सिंह एक किसान था। बताया जा रहा है कि बीते दिन शाम करीब 8 बजे घर में कहासुनी के बाद वह बाहर चला गया था। इसके बाद आज उसकी मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने मौके पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पंचायतनामा की प्रक्रिया जारी है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। ताकि सभी पहलुओं की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा सके और घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

सड़क पर डंपरों का अतिक्रमण, लोग परेशान

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : गोला नदी मार्ग पर मुख्य सड़क के दोनों ओर भारी मात्रा में डंपर खड़े होने से आम लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े ये वाहन यातायात को बाधित कर रहे हैं, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के कारण न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों के अनुसार स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब गोला गेट से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित आदर्श इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं स्कूल आते-जाते हैं। छुट्टी के समय जाम के कारण बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे खड़े इन भारी वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए। इधर, गौलारोड मुख्य मार्ग पर वन निगम द्वारा नियमित पानी का छिड़काव न किए जाने से क्षेत्रवासियों को भारी प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे फुटपाथ पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। हालात यह हैं कि जब एक वाहन दूसरे वाहन को ओवरटेक करता है तो दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों की जान जोखिम में पड़ जाती है। इस संबंध में नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभात पाल ने जिला प्रशासन से कई बार गोला नदी मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

गुरु गोरखनाथ गोगा जी महाराज के स्थापना दिवस पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

हवन-यज्ञ के साथ विशाल भंडारा आयोजित

लालकुआं, अमृत विचार : बाबा गोरखनाथ गोगा जी महाराज के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर हवन-यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अवंतिका कुंज देवी मंदिर प्रांगण में 14 वर्ष पूर्व स्थापित भगवान गोरखनाथ गोगा जी महाराज के मंदिर के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का संचालन पंडित मोहन चंद्र पांडे और मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित चंद्रशेखर जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रातःकाल से दोपहर तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हवन-यज्ञ संपन्न हुआ। इसके बाद दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक बनवारी लाल श्रीवास्तव, रामवती श्रीवास्तव, गौरव कुमार, रामेश्वर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, मंदिर समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खाती, पूर्व चेयरमैन पवन चौहान, दीवान सिंह बिष्ट, कमलेश यादव, अधिशासी अधिकारी ईश्वर सिंह रावत, सोनू भारती, संजीव शर्मा, ललित भट्ट और गोविंद सिंह राणा रहे।

मंच पर उतरी लोक संस्कृति ने मन मोहा

संवाददाता, रामनगर

रामनगर में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पर्वतीय महिला ग्राम विकास समिति द्वारा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से राजकीय इंटर कॉलेज गौजानी, रामनगर (जिला नैनीताल) में आयोजित तीन दिवसीय राम उत्सव का समापन कुमाऊंनी और गढ़वाली लोक नृत्यों के माध्यम से हुआ। लोक कलाकारों ने उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति की शानदार झलक प्रस्तुत की।

मंच पर थिरकते कलाकारों ने वंदना, झोड़ा, चांचरी तथा गढ़वाली एवं कुमाऊंनी लोक गीतों पर आधारित कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अमित द्वारा एकल गीत तथा किरण कोटवाल द्वारा बांसुरी पर सुंदर राम भजन की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीश चंद्र पांडे, चंद्रशेखर बधानी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जस्सी राम आर्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन जानकी जोशी ने किया, जबकि संचालन भुवन चंद्र जोशी द्वारा किया गया। इस दौरान मनोज कुमार, संजू कुमार, प्रकाश थापा, प्रदीप कुमार, ज्योति उप्रेती, संगीता, दीक्षा, स्वाती आदि कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। कार्यक्रम में जगदीश चंद्र तिवारी, चंदन मेहरा, प्रकाश कोटवाल, निकिता जोशी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

अमृत विचार

हल्द्वानी, रविवार, 3 मई 2026

सिटी ब्रीफ

मोबाइल मांगकर हमला करने वाला चिह्नित

रुद्रपुर : थाना पंतनगर इलाके में सुमित पर हमला करने वाले को चिह्नित करते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि 30 अप्रैल की दोपहर को टा कॉलोनी पंतनगर निवासी सुमित वामल दुकान पर खड़ा था। इस बीच शिवाजी पार्क के समीप रवि चौहान नाम का युवक अपने साथियों के साथ आया और युवक से मोबाइल पर आपातकॉल करने की बात कहता है। जब सुमित ने मोबाइल दिया तो रवि ने 10 हजार रुपये मांगने शुरू कर दिया। इंकार करने पर युवक ने धारदार हथियार से प्रहार शुरू कर दिया, जबकि दूसरे साथियों ने लोहे की राड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल युवक का कहना था कि उसने भागकर अपनी जान बचाई। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर आने के बाद थाना पंतनगर पुलिस ने घटना की प्रारंभिक जांच की और सीसीटीवी कैमरों के आधार पर हमलावरों को चिह्नित कर तस्दीक भी की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्याम प्रेमियों को शरबत पिलाकर किया स्वागत

रुद्रपुर : अग्रवाल महिला समिति की महामंत्री शालिनी गोयल ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में आने वाली निशान यात्रा में शामिल श्याम प्रेमियों को अग्रवाल महिला समिति ने शरबत पिलाकर स्वागत किया। महिला समिति की अध्यक्ष उषा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सपना मित्तल, मंत्री मंजू अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, लवी, ललिता शालू अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा और पूर्व पार्षद रजनी रावत, खाटू श्याम मंदिर से ताराचंद, कैलाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, नरेंद्र बंसल, बेदी अग्रवाल, अग्रवाल युवा संगठन के ओम अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, मुकुल मित्तल, शिवांश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

किच्छा : कोतवाली क्षेत्र में काम पर जा रहे एक युवक पर दबंगों ने धारदार हथियारों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। सिरौली कला निवासी समीर अहमद ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात जब वह मित्र के साथ बाइक से सिडकुल जा रहा था, तभी रोडवेज बस स्टैंड के पास शुभम उर्फ मिड्ढा, अनस, फरदीन, तौहीद और अयान समेत अन्य युवकों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से समीर का सिर फोड़ दिया और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। शोर मचने पर भीड़ ने युवक की जान बचाई। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सियासी भूचालः महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर थीं मीना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दिलाई पार्टी की सदस्यता, कांग्रेस को लगा झटका

कांग्रेस से खफा मीना शर्मा ने सीएम के समक्ष थामा भाजपा का दामन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः कांग्रेसी खेमे में शनिवार को उस वक्त राजनीतिक भूचाल आ गया, जब पार्टी से खफा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व पालिकाध्यक्ष ने देहरादून जाकर भाजपा का दामन थाम लिया। मामला तब ज्यादा बिगड़ा, जब पूर्व विधायक की एक ऑडियो वायरल हुई थी। जिसमें वह मीना शर्मा के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए दिखाई दे रहे थे। बावजूद कांग्रेस ने ठुकराल को पार्टी में शामिल किया और मीना कांग्रेस से खफा हो गईं। राजनीतिक उठापठक के बाद आखिरकार मीना ने भाजपा में जाने का फैसला लिया और कांग्रेस को झटका दिया।

यहां बता दें कि पिछले कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाली पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा कई बड़े पदों पर रहीं। वर्तमान में महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष और हरिद्वार विधानसभा की प्रभारी पद की जिम्मेदारी संभाल रहीं मीना ने शनिवार की दोपहर को कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया। मीना कांग्रेस पार्टी से खफा थीं। इसका कारण पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल बताए जा रहे हैं। काफी दिन पहले सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुई। इसमें ठुकराल की आवाज जैसी ऑडियो में कांग्रेस नेत्री के खिलाफ अपशब्दों और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा था। मामले को लेकर मीना शर्मा और राजकुमार ठुकराल में जुबानी जंग शुरू हुई तो मीना ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया और कार्रवाई का मुद्दा उठाया। अभी मीना का गुस्सा शांत भी नहीं हुआ था कि दो माह पहले कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने बड़े नेताओं की मौजूदगी में दिल्ली बुलाकर ठुकराल को पार्टी की सदस्यता दिला दी। इसके बाद कांग्रेस नेत्री का सब्र टूटा और जमकर ठुकराल व कांग्रेस पर भी भड़ास निकालनी शुरू कर दी।

शनिवार की दोपहर गोपनीय ढंग से मीना शर्मा स्थानीय विधायक शिव अरोरा के साथ देहरादून स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचीं और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में मीना को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। सोशल मीडिया पर खबर प्रसारित होते ही कांग्रेस खेमे में हड़कंप मच गया और शहर की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आ गया। चारों ओर ठुकराल व मीना के विवाद की चर्चाएं होने लगीं। अब मीना का यह दांव कांग्रेस को नुकसान या फिर भाजपा को कितना फायदा पहुंचाएगा, यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

पार्टी ज्वाइन करने के बाद सीएम धामी के साथ मीना शर्मा, विधायक अरोरा व अन्य।

खफा मीना दे चुकी थीं इस्तीफा

रुद्रपुर : कांग्रेस नेत्री ठुकराल के कांग्रेस ज्वाइनिंग करने के बाद भी पार्टी हाईकमान से ठुकराल को विधायकी का टिकट नहीं देने और ज्वाइनिंग कराने पर पुनर्विचार का मुद्दा उठाती रही हैं। ऐसा कोई दरबार नहीं था, जहां मीना ने अपनी गुहार नहीं लगाई थी, लेकिन पार्टी हाईकमान ने मीना की हर गुहार को ठुकरा दिया था। इससे खफा मीना ने सार्वजनिक मंच पर आकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष और हरिद्वार विधानसभा प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया था और इसकी जानकारी पार्टी हाईकमान को दे दी थी। साथ ही कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम में नहीं जाने का ऐलान मीना कर चुकी थीं।

विधायक ने खेला दांव, मिलने लगे थे संकेत

रुद्रपुर : महिलाओं में अच्छी खासी पैठ रखने वाली सक्रिय कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा कांग्रेस पार्टी से दूरी बना चुकी थीं। अक्सर भाजपा नेताओं से मिलना और महापौर विकास शर्मा के जन्मदिन पर नगर निगम जाकर बधाई देना, कहीं न कहीं मीना यह संकेत दे चुकी थीं कि उनका दिल अब भाजपा में है। जिसका फायदा स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने उठाया और राजनीतिक दांव खेलते हुए अंदरखाने मीना से संपर्क किया और गोपनीय ढंग से पार्टी हाईकमान से बातचीत कर रूपरेखा तैयार कर डाली।

ठुकराल ने मीना शर्मा के बारे में बोलने से किया इनकार

रुद्रपुर : कांग्रेसी नेत्री मीना शर्मा की नाराजगी के सूत्रधार पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर अपनी तो राजनीतिक जमीन तलाश ली थी। जब मीना शर्मा के भाजपा ज्वाइन करने के मामले में पूछा तो पूर्व विधायक ठुकराल ने साफ तौर दो शब्दों में जवाब दिया कि नो कॉमेंट यानी इस मामले में वह कुछ नहीं बोलना चाहते हैं। अब ठुकराल द्वारा कोई जवाब नहीं देने का मतलब यह है कि पार्टी हाईकमान ने आदेशित किया होगा कि मीना शर्मा प्रकरण में कुछ नहीं बोलना है।

कांग्रेस ने नहीं लड़ी महिला सम्मान की लड़ाई: मीना

रुद्रपुर : भाजपा ज्वाइन करने के बाद मीना शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान की रक्षा का दंभ भरने वाली कांग्रेस पार्टी ने जब वर्षों से सक्रिय भूमिका निभाने वाली उनकी सम्मान की लड़ाई नहीं लड़ी। महिला को अपमानित करने वाले ठुकराल को सदस्यता दिला दी। ऐसी पार्टी में रहने का कोई औचित्य नहीं है। जबकि वर्षों से मेहनत कर रहे किसी भी कार्यकर्ता को पार्टी विधायकी का टिकट देने का ऐलान करती तो फिर भी एक बार सोचा जा सकता था। भाजपा में आने के बाद वह भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे और चुनाव में ठुकराल के खिलाफ मोर्चा खोलेंगी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बजाई थाली

कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने पर आक्रोश, इंडेन एजेंसी पर किया जोरदार प्रदर्शन

- डबल इंजन सरकार के खिलाफ जताया रोष

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः भारत सरकार द्वारा कमर्शियल और छोटे गैस सिलेंडर के दामों पर बेतहाशा वृद्धि होने पर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाली बजाकर अपना आक्रोश जताया। उनका कहना था कि देश-प्रदेश की भाजपा सरकार गरीब जनता को आर्थिक बोझ तले दबाकर प्रताड़ित कर रही हे। इससे साफ है कि पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है।

शनिवार की सुबह कांग्रेस नेता संजय जुनेजा और मोहन लाल खेड़ा सहित कांग्रेसी पार्षद इंडेन गैस एजेंसी पहुंचे और थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उनका कहना था कि देश-प्रदेश की जनता महंगाई की मार झेल रही है। वहीं भारत सरकार ने कर्मिशियल गैस सिलेंडर पर 993 रुपये और छोटे सिलेंडर पर 261 रुपये की बेहताशा वृद्धि कर दी है। जिसके बाद खाद्य पदार्थ का छोटा कारोबार करने वाले कारोबारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और श्रमिक वर्ग पर भी इसका असर देखने को मिलेगा।

कांग्रेसियों का कहना था कि अभी तक चर्चा यह भी है कि भारत सरकार पेट्रोल-डीजल के दामों में भी वृद्धि करने की तैयारी कर रही है और स्मार्ट मीटर लगाकर गरीब जनता का पतन करने पर आमादा है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही सरकार ने दाम कम नहीं किये तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस मौके पर मोनिका ढाली, गौरव खुराना, इंद्रजीत सिंह, दिनेश पंत, सौरभ राज बेहड़, सोहेल खान, जितेश शर्मा, राकेश अधिकारी, सौरभ शर्मा, राकेश कोली, उमर अली, विकास विश्वास, अमनप्रीत सिंह, सागर छाबड़ा, बाबू अहमद खान, आशित बाला, अशोक राय, अर्जुन विश्वास, अनंत विश्नोई, दिलशाद अहमद, विक्रमजीत सिंह, निशांत शाही आदि मौजूद रहे।

गैस एजेंसी पर थाली बजाकर और गैस सिलेंडर रखकर विरोध जताते कांग्रेसी।

बरहैनी में गैस आपूर्ति ठप, कतारों में खड़े उपभोक्ता बेहाल

बाजपुर : क्षेत्र के ग्राम बरहैनी में पिछले तीन-चार दिनों से रसोई गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस की गाड़ी न पहुंचने से नाराज ग्रामीणों का धैर्य शनिवार को जवाब दे गया और वितरण स्थल पर महिलाओं व बुजुर्गों की लंबी कतारें लग गईं। घरेलू कामकाज प्रभावित होने से आक्रोशित महिलाओं और युवाओं का कहना है कि वे सुबह से ही कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। समाजसेवी मुकेश ने बताया कि पिछले कई दिनों से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन और संबंधित गैस एजेंसी से चेतावनी भरे लहजे में मांग की है कि यदि जल्द ही आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो क्षेत्र में जनाक्रोश और बढ़ सकता है। स्थानीय निवासियों ने विभाग से अपील की है कि समस्या का संज्ञान लेते हुए सिलेंडर का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को परेशानी से निजात मिल सके।

बगवाड़ा में खूनी संघर्ष, धारदार हथियार से हमला

रुद्रपुरः कोतवाली इलाके के बगवाड़ा में डीजे पर नाचने को लेकर युवाओं में खूनी संघर्ष होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बगवाड़ा भट्टा निवासी राजू ने बताया कि 28 अप्रैल को पड़ोस में एक शादी समारोह था। रात्रि एक बजे विवाह समारोह में अजय उर्फ चीकू, आकाश कुमार, राजू उर्फ तोता, राजेंद्र कुमार, बादल सिंह और कुछ साथी शराब के नशे में धुत होकर आये और तय समय के बाद भी डीजे पर नाचने की जिद करने लगे। इसी दौरान अजय उर्फ चीकू हाथ में तलवार लेकर डांस करने लगा।

इस बीच उसके बड़े भाई की पत्नी लक्ष्मी ने इंकार किया तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। इसमें उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मां पर हमले को देख बहन बीच बचाव को आई तो प्रहार कर अधमरा कर दिया। खून से लथपथ परिवार के लोग पड़े थे। चीख पुकार सुनकर हमलावर फरार हो गए।

भाजयुमो ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की

संगठनात्मक परिचय बैठक के दौरान मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः भाजयुमो कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक परिचय बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई। इस दौरान संगठन की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना, आपसी समन्वय बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी।

शनिवार को जिलाध्यक्ष भाजपा युवामोर्चा विपिन सिंह गहलौत के नेतृत्व में भाजयुमो की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली और प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक स्वागत के साथ हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद संगठन की वर्तमान गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के अनुभव साझा किए और संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विपुल मेंदोली ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने कार्यकर्ताओं के बीच संवाद बढ़ाने और जनसंपर्क को व्यापक बनाने पर विशेष जोर दिया। प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला महामंत्री विशाल सिंह, जिला महामंत्री शशांक वर्मा, पारस अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सुसाइड करने ओवरब्रिज पहुंची प्रेमिका

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः काशीपुर फ्लाईओवर ओवरब्रिज पर उस वक्त यातायात थम सा गया जब एक प्रेमिका प्रेमी की बेवफाई से खफा होकर सुसाइड करने पहुंच गई। आरोप था कि तहरीर देने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद युवती को कोतवाली ले आई।

कोतवाली इलाके की गांधी कॉलोनी की रहने वाली एक युवती का वहीं के रहने वाले एक युवक से वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले युवती को भनक लगी कि युवक उसे छोड़कर दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। इसके बाद प्रेमिका ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप मढ़ दिया और प्रेमी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की जिद करने लगी। अभी जांच शुरू भी नहीं हुई थी कि शनिवार को अचानक प्रेमिका ने कोतवाली पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने और प्रेमी के दबाव में मुकदमा दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही मुंह ढक कर दोपहर दो बजे हाथ में तख्ती लेकर काशीपुर हाईवे स्थित ओवरब्रिज पहुंची और ऐलान किया कि वह शाम चार बजे ओवर ब्रिज से कूदकर अपनी जान दे देगी। तख्ती पर लिखा था कि कोतवाल के कई चक्कर काटने के बाद भी उसकी सुनवाई नहीं हुई और आखिर में युवक का नाम लिखा हुआ था। सूचना मिलते ही एसएसआई अनिल जोशी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

ओवरब्रिज पर सुसाइड करने पहुंची युवती को समझाती पुलिस। • अमृत विचार

झांसा देकर हड़पे 2.36 लाख रुपये

रुद्रपुरः रुद्रपुर निवासी जितेश अरोड़ा ने बताया कि ऑनलाइन मोटर बाइक गेम डाउनलोड किया था, लेकिन गेम तीन पत्ती हो गया। जिसके बाद खाते से 1.18 लाख रुपये खाते से निकल गए। जिसके बाद संदिग्ध का मोबाइल भी बंद आने लगा। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। दूसरे मामले में शिवा सिटी निवासी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि 17 मार्च को उसके मोबाइल पर एपीके फाइल का लिंक आया। जब उसने डाउनलोड किया तो ऑनलाइन खाते से 1.17 लाख रुपये निकासी का मैसेज आया। बैंक जाकर पता किया तो मामला साइबर ठगी का निकला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आम, सेब, संतरा और खरबूजों का लिया सैंपल

- सैंपल को जांच के लिए भेजा राजकीय प्रयोगशाला

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः खाद्य संरक्षा की टीम ने बगवाड़ा मंडी में फलों और सब्जियों में अप्राकृतिक रूप से रंगों का प्रयोग व कृत्रिम रूप से फल पकाने वाले एजेंट की जांच और रोकथाम के लिए मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी में कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने आम, सेब, संतरा, खरबूजा और गाजर का एक-एक नमूना लिया। जिसकी जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला को भेज दिया है। इसके अलावा खाद्य विक्रेता का लाइसेंस पंजीकरण नहीं होने पर नोटिस थमाया गया है।

बगवाड़ा मंडी में फलों की जांच करते खाद्य संरक्षा विभाग के अधिकारी।

शनिवार को खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन के आयुक्त सचिन कुर्वे के निर्देश पर कुमाऊं मंडल के उपायुक्त खाद्य संरक्षा डॉ. राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में टीम ने मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी से फलों और सब्जियों में अप्राकृतिक रूप से रंगों का प्रयोग व कृत्रिम रूप से फल पकाने वाले एजेंट की जांच और रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने मंडी में फल एवं सब्जियों के आढ़तियों से नमूने लिए। जिसकी जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला को भेज दिया है। रिपोर्ट आने के संबंधित आढ़तियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

इसके अलावा मंडी में निरीक्षण के दौरान एक खाद्य पदार्थ विक्रेता एफएसएसएआई लाइसेंस पंजीकरण नहीं होने पर नोटिस थमाया गया है। इस दौरान मंडल के उपायुक्त खाद्य संरक्षा डॉ. कठायत ने सभी फल और सब्जी आढ़तियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फलों को पकाने में कृत्रिम रूप से फल पकाने वाले एजेंट का प्रयोग नहीं करने और सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों का प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ललित मोहन पांडे, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या आदि मौजूद रहे।

करोड़ों की ठगी कर दो साल से फरार आरोपी धरा

रुद्रपुर : ट्रांजिट कैंप पुलिस ने करोड़ों की ठगी के मामले में दो साल से फरार चल रहे शातिर अपराधी सलीम अहमद उर्फ हाफिज सलीम को मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जेकेवी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के नाम से फर्जी बैंक चलाकर लोगों को मोटा ब्याज देने का लालच देकर करोड़ों रुपये हड़प कर फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त यूपी और उत्तराखंड का वांटेड अपराधी है और उसके खिलाफ कई धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। आवास विकास चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में दबिश देकर उसे दबोचा। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 807790946

सूचना

मैंने अपनी बहन शहना उर्फ शहाना पत्नी जाबिर खान यानी बहन-बहनोई और भांजी बुशरा से अपने हर प्रकार के रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं। अब मेरा व मेरे परिवार का इनके द्वारा किसी भी प्रकार का लेना देना और व्यवहार से कोई मतलब नहीं होगा। - **नवी हसन खां पुत्र मेंहदी हसन खां, निवासी ग्राम मलसी, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।**

कार्यालय निगम निगम, अल्मोड़ा

पत्रांक : 221/8-2 (2026-2027) दिनांक : 02-05-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार कार्य की निविदा वेबसाईट https//uktenders.gov.in पर दिनांक 03.05.2026 अपरान्ह 03:00 बजे से दिनांक 11.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा को दिनांक 11.05.2026 को अपराह्न 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी / शर्तें निगम कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

क्र० सं०	कार्य का नाम	आंगणन धनराशि मय G.S.T (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण अवधि	निविदा की वैधता (दिवस में)
1	Remediation of Legacy Waste	143.00	3.11	4000.00+ 18% G.S.T.	12 माह	180

नगर आयुक्त, नगर निगम, अल्मोड़ा — महापौर, नगर निगम, अल्मोड़ा

सख्ती | **वर्तमान में 23 हजार भवन स्वामी ही जमा कर रहे थे हाउस टैक्स, तत्कालीन सीएम की घोषणा भी मार्च 2028 तक हो जाएगी पूरी**

2028 से 41 हजार भवन स्वामियों को देना होगा हाउस टैक्स

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचारः अब नगर निगम में शामिल वार्डों में बने आवासीय भवनों और व्यावसायिक भवनों के स्वामियों को हाउस टैक्स जमा करना होगा। अप्रैल 2028 से सभी 64 हजार भवन स्वामियों को हाउस टैक्स देना होगा। वर्तमान में 23 हजार भवन स्वामी हाउस टैक्स जमा कर रहे हैं। वहीं अब करीब 41 हजार भवन स्वामियों को भी हाउस टैक्स जमा करना होगा। कारण तत्कालीन सीएम की घोषणा के बाद यह अवधि मार्च 2028 में पूर्ण हो रही है।

दरअसल, रुद्रपुर नगर निगम में परिसीएमन से पूर्व 20 वार्ड शामिल थे। वर्ष 2017 में परिसीमन के बाद राजस्व गांव बिगवाड़ा, रुद्रपुर देहात, शिमला बहादुर देहात, लमरा देहात, रम्पुरा देहात, जगतपुरा देहात, फाजलपुर महरौला, भूरारानी, कल्याणपुर, फुलसूंगा, फुलसूंगी को नगर निगम में शामिल कर दिया गया। इसके बाद नगर निगम में 40 वार्ड शामिल हो गये।

वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने निकायों में शामिल गांवों से 10 साल तक हाउस टैक्स नहीं लेने की घोषणा की गयी। इसके बाद निकायों में शामिल आवासीय भवनों से हाउस टैक्स लिया गया, जबकि व्यावसायिक भवनों से यह टैक्स लिया जा रहा था। वर्तमान में नगर निगम 23 हजार रुपये भवन स्वामियों से हाउस टैक्स वसूल रहा था। वहीं जीआईएस सर्वे के बाद यह संख्या 64 हजार के करीब पहुंच चुकी है। अब अप्रैल से इन सभी भवन स्वामियों को हाउस टैक्स जमा करना होगा।

सर्वे के बाद 80 फीसदी भवन स्वामियों को भेजा नोटिस

रुद्रपुर : नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार सभी हाउस टैक्स धारकों का जीआईएस सर्वे पूरा हो चुका है। इसके बाद नगर निगम ने भी दूसरे चरण का सर्वे करने के बाद नोटिस भेजने शुरू किया है। सर्वे के बाद अब तक 80 फीसदी भवन स्वामियों को नोटिस भेजा जा चुका है। जबकि 20 फीसदी भवन स्वामियों को जल्द नोटिस भेजा जाएगा। यह नोटिस भवन स्वामियों को इसलिए भेजा रहा है। ताकि जीआईएस सर्वे में नाम, मोबाइल नंबर या अन्य डाटा गलत होने पर उसमें सुधार किया जा सके।

> नये वार्डों में हाउस टैक्स नहीं लेने की अवधि मार्च 2028 तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद नये वित्तीय वर्ष यानी अप्रैल 2028 से सभी 40 वार्डों में भवन स्वामियों से हाउस टैक्स लिया जाएगा। इसके लिए जीआईएस सर्वे के बाद निगम की टीम ने दूसरे चरण का 80 फीसदी सर्वे कर भवन स्वामियों को नोटिस भेज दिया है। जल्द 20 फीसदी भवन स्वामियों को भी नोटिस भेजा जाएगा। ताकि जीआईएस सर्वे में आई गलती में भवन स्वामी सुधार कर सके। **-लता आर्या**, कर अधीक्षक, नगर निगम

ब्रीफ न्यूज

अमृत भारत स्टेशन योजना की जानकारी ली

काशीपुर: पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ला ने अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार एवं शाखा अधिकारियों के साथ-काशीपुर का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि अपर महाप्रबंधक ने रेलपथ के रख-रखाव, साफ-सफाई, राइडिंग क्वालिटी, सिगनलों की स्थिति, खंड में जारी कॉसन ऑर्डर एवं समपारों की स्थिति को देखा एवं परखा। साथ ही रेलवे स्टेशनों पर प्रदत्त यात्री सुख-सुविधाओं को देखकर स्टेशन परिसर का गहन निरीक्षण भी किया। इसके अतिरिक्त अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत काशीपुर स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

सोलर लाइट खरीद में अनियमितता का आरोप

काशीपुर: एक क्षेत्र पंचायत सदस्य ने विकास खंड में लगाई जा रही सोलर लाइटों की खरीद में अनियमितता का आरोप लगाया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने सीडीओ को पत्र भेजकर लाइटों का भुगतान रुकवाने और मामले की विभागीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज कुमार ने सीडीओ को दिए शिकायती पत्र में कहा कि काशीपुर विकास खंड में 12 वाट की सोलर लाइट लगाई जा रही है। आरोप लगाया कि सोलर लाइट बाजार दर से तीन गुना अधिक दर पर खरीदी गई है, जिसमें किसी भी कंपनी का मार्का नहीं है। सीडीओ ने डीपीआरओ को जांच करने के आदेश दिए हैं।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

काशीपुर: चोर घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। नया आवास विकास निवासी अंकुश कुमार सिंह ने टांडा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी अपाचे बाइक घर के बाहर खड़ी थी। अज्ञात चोर 27 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे उक्त बाइक को चोरी कर ले गये।

20.79 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

जसपुर: कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए तीन नशा तस्करों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। एसआई भूपाल राम पोरी, गोविंद सिंह मेहता एवं विजय सिंह की टीमों ने ग्रस्त के दौरान ग्राम मांडवाखेड़ा निवासी जयविंदर कुमार के पास से 6.90 ग्राम, मोहल्ला नत्था सिंह निवासी राजेंद्र कुमार के पास से 10.25 ग्राम, एवं चांद मस्जिद के पास निवासी साजिद के पास से 3.64 ग्राम स्मैक बरामद की है। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

अंतिम वर्ष के छात्र व छात्राओं को दी विदाई

काशीपुर: राजकीय पॉलीटेक्निक में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को संस्थान में केमिकल, केमिकल टेक्नोलॉजी पेंट, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर साइंस एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिकल्स आदि ट्रेडों के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पंजाबी, गढ़वाली, कुमाऊंनी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य बीपी सिंह, राजीव कुमार शर्मा, ओमपाल सिंह, विकास श्रीवास्तव, एसएस नेगी, जगदीश पांडे, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

एलडी भट्ट अस्पताल में की शोक सभा

काशीपुर: एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में तैनात नर्सिंग अधिकारी चेतना के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। स्टाफ ने दो मिनट का मौन धारण किया। दोपहर करीब 12 बजे तक चिकित्सकों ने ओपीडी में मरीजों का इलाज किया। इसके बाद केवल इमरजेंसी चालू रही। शोक व्यक्त करने वाले में सीएमएस डॉ. संदीप दीक्षित, डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, डॉ. वरुण भारद्वाज, डीपन पांडे, अभिषेक, सौरभ कुमार मौजूद रहे।

कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर: पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। कुंडा कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान ग्राम किलावली मालधन रोड से ग्राम किलावली निवासी राजू सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक ट्यूब में भरी 32 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

अवैध प्लॉटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

सरकारी खाते में दर्ज होगी भूमि, रास्ते की चौड़ाई 18 फीट बताई थी जबकि मौके पर मात्र 12 फीट निकली

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: नगर पंचायत महुवाडाबरा के ग्राम हरिपुरा में अवैध कॉलोनाइजिंग के खिलाफ राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम राहुल शाह के निर्देशन में टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध प्लॉटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के भू-माफियाओं और अवैध कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

जांच के दौरान टीम को कई अनियमितताएं मिलीं। तीन प्लॉट क्रेताओं ने शिकायत की थी कि उन्हें रास्ते की चौड़ाई 18 फीट बताई गई थी, जबकि मौके पर यह मात्र 12 फीट निकली। सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि संबंधित भूमि जिलाधिकारी के आदेश पर पहले से ही क्रय-विक्रय के लिए प्रतिबंधित थी। इसके बावजूद, उत्तर प्रदेश के धामपुर निवासी कॉलोनाइजर अनजहर अहमद द्वारा एग्रीमेंट के माध्यम से अवैध रूप से प्लॉटों की बिक्री की जा रही थी।

एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि करीब 3800 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्री वाल का निर्माण भी कराया जा रहा था, जिसे ध्वस्त कर दिया गया है। तहसीलदार दलीप सिंह की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई के बाद अब उक्त भूमि को सरकारी खाते में निहित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने कॉलोनाइजर अनजहर अहमद के खिलाफ प्राप्त अन्य शिकायतों को संकलित कर ''भूमि धोखाधड़ी समिति'' को एफआईआर दर्ज करने की संस्तुति भेज दी है। कार्रवाई के दौरान सुपरवाइजर कानूनगो कुलदीप गैरोला और लेखपाल धीरेंद्र नेगी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैध निर्माण और भूमि धोखाधड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जसपुर में अवैध कॉलोनी में बुलडोजर चलवाते तहसीलदार। ● अमृत विचार

शक्तिफार्म के मुख्य मार्ग के ऊपर सजी दुकान। ● अमृत विचार

चार दिन में ही ढीला पड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान

शक्तिफार्म: अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाया गया अभियान महज चार दिन में ही दम तोड़ दिया है। मुख्य मार्ग के किनारे एक बार फिर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है, जिससे नगर के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था चरमराने लगी है। अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस द्वारा चार दिन तक, चलाए गए अभियान को दरकिनार कर कुछ व्यापारी खुलेआम सड़क पर ही अपनी दुकानें सजाने लगे हैं। इसके चलते मुख्य मार्ग पर हर पल जाम की स्थिति बनी रहती है और राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि करीब डेढ़ माह पूर्व, कोतवाल सुंदरम शर्मा के समक्ष नगर के संभ्रांत नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने अतिक्रमण की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद उनके निर्देश पर चौकी पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए, अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया था। शुरुआती दिनों में कार्रवाई का असर भी देखने को मिला, लेकिन यह सख्ती ज्यादा दिन टिक नहीं सकी। अब हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौटते दिखाई दे रहे हैं। कुछ व्यापारी पुलिस कार्रवाई को नजरअंदाज कर दोबारा सड़क पर अतिक्रमण करने लगे हैं, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अब तक महज जुबानी सख्ती दिखाई गई। परंतु इसके खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वातानुकूलित कार्यालय में बैठकर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा, अतिक्रमणकारियों को कई बार महज हिदायत देकर, अपने कार्यों से इतिश्री कर ली गई। जिसका अतिक्रमणकारियों पर कोई असर नहीं हुआ। आखिर खामियाजा आम राहगीरों को जाम के रूप में उठाना पड़ रहा है।

दुर्घटना को दावत दे रहा बीच रोड पर लगा पोल

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: रतन सिनेमा रोड स्थित निकट चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय के पास लगा एक जर्जर विद्युत पोल स्थानीय लोगों के लिए बड़ी चिंता का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि लंबे समय से यह विद्युत पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ा है और कभी भी गिर सकता है, जिससे की एक बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त मार्ग पर दिनभर भारी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। आसपास विद्यालय, दुकानें एवं आवासीय क्षेत्र होने के कारण छात्राओं, राहगीरों और वाहन चालकों को हमेशा खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को इसकी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नागरिकों ने बताया कि विद्युत पोल नीचे से काफी कमजोर हो चुका है तथा उसमें दरार साफ दिखाई दे रही हैं। बरसात और तेज हवाओं के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते पोल को नहीं बदला गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि अक्सर विभागीय अधिकारी किसी दुर्घटना के बाद ही सक्रिय होते हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर प्रशासन और निगम प्रशासन की नींद कब खुलेगी। क्षेत्रवासियों ने तत्काल जर्जर विद्युत पोल को हटाकर नया पोल लगाए जाने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

जर्जर बिजली का पोल। ● अमृत विचार

लेवड़ा नदी पर बना अस्थाई पुल धंसा, बेरिया रोड पर लगा जाम

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नगर के बेरिया रोड स्थित लेवड़ा नदी पर निर्माणाधीन पुल के पास बनाया गया अस्थाई मार्ग बारिश की भेंट चढ़ गया है। बीती 30 अप्रैल को हुई वर्षा के कारण अस्थाई पुल की एक ओर की दीवार धंस गई, जिससे शनिवार को दिनभर यातायात प्रभावित रहा और राहगीरों को भारी जाम का सामना करना पड़ा।

अस्थाई मार्ग क्षतिग्रस्त होने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों को आवाजाही जोखिम भरी हो गई है। स्थानीय निवासियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुल का निर्माण कार्य पहले से ही धीमी गति से चल रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग सुस्त बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि मानसून की शुरुआत से पहले पुल का निर्माण पूरा नहीं हुआ या अस्थाई मार्ग को दुरुस्त नहीं किया गया, तो आवागमन पूरी तरह ठप हो सकता है और बड़े हादसे की आशंका बनी रहेगी। लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

बारिश से धंसी लेवड़ा नदी के निर्माणाधीन पुल के बराबर में बनी अस्थाई पुलिया।

पत्नी के पास जाने की बात कहकर निकला युवक लापता

काशीपुर: ग्राम बांसखेड़ा से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए कुलवंत सिंह के मामले में उसकी मां चंद्रवती ने बहू और अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी तहरीर में मां ने बताया कि कुलवंत 25 अप्रैल को पत्नी गुड्डी के पास जाने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह लापता हो गया।

परिजनों का आरोप है कि उस शाम पति-पत्नी में विवाद हुआ था, जिसके बाद बहू ने कुछ बाहरी युवकों को बुलाकर कुलवंत को जबरन उठवा लिया। अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़िता ने बहू के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वन भूमि को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: रामनगर रेंज की जुड़का बीट स्थित गांधीनगर खत्ता में वन भूमि पर प्लांटेशन (वृक्षारोपण) के विरोध में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को भी जारी रहा। ग्रामीण अपनी जमीन पर मालिकाना हक की मांग को लेकर अड़े हुए हैं और उन्होंने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन खत्म नहीं होगा।

मामला वन विभाग की 58 हेक्टेयर भूमि का है, जिसे विभाग कोर्ट के आदेश पर कब्जा मुक्त कराकर वहां प्लांटेशन करना चाहता है। बीते दिसंबर माह में वन विभाग ने भूमि को कब्जे में लेकर तारबाड़ की थी, लेकिन उस समय ग्रामीणों द्वारा बोई गई गेहूं की फसल को देखते हुए मानवीय आधार पर कटाई तक मोहलत दी गई थी। अब फसल कटने के बाद जब 28 अप्रैल को टीम वहां प्लांटेशन के लिए पहुंची, तो ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने अपने हक की लड़ाई के लिए हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों से इस भूमि पर खेती कर रहे ग्रामीणों को जब तक मालिकाना हक नहीं मिलता, तब तक धरना जारी रहेगा।

आंदोलन को मजबूती देते हुए किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को अपना पूर्ण समर्थन दिया। धरने पर बैठने वालों में सूरज प्रकाश, मोहन सिंह, राम सिंह, संजय कुमार, सुमन देवी, रोहित कुमार और धर्मपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

काशीपुर में धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

समागम में पंजाब से आए संत बाबा भगवंत भजन सिंह से आशीर्वाद प्राप्त करती संगत।

बाबा बुड्ढा साहिब के वार्षिक समागम में उमड़ी भीड़

बाजपुर: निर्मल तालाब खेड़ा नवाबगंज में बाबा बुड्ढा साहिब के चौथे स्थान पर आयोजित 58वें वार्षिक समागम का तीसरा दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर सुख-समृद्धि की अरदास की। निर्मल तख्त के गद्दीनशीन संत बाबा भगवंत भजन सिंह ने संगत को निहाल करते हुए कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी में जीवन की हर समस्या का समाधान है। उन्होंने श्रद्धालुओं को रहत मर्यादा का पालन करने और स्वयं को संस्कारित बनाकर समाज को नई दिशा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंजाब से आए भाई वीर सिंह नामधारी व अन्य प्रचारकों ने गुरु अमरदास जी और बाबा बुड्ढा जी के जीवन पर आधारित कथा व कीर्तन से संगत को भावविभोर कर दिया। अंत में स्थानीय सेवादार बाबा बलजीत सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

11 मई से शुरू होगा गन्ना सर्वेक्षण कार्य

काशीपुर: पेराई सत्र 2026-27 के लिए राज्य में गन्ना सर्वेक्षण नीति लागू कर दी गई है, जिसके तहत 11 मई से सर्वे कार्य शुरू होगा। गन्ना विकास सलाहकार समिति के सह-अध्यक्ष मंजीत सिंह ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर इस कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

गन्ना आयुक्त त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक किसान के गन्ने का सर्वे अनिवार्य रूप से किया जाए और कोई भी क्षेत्र छूटने न पाए। सर्वे के दौरान गन्ना प्रजाति की सटीक जानकारी दर्ज करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

टॉपर चार बालिकाओं को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह यादव।

मेधावी छात्राओं को बीईओ ने किया सम्मानित

बाजपुर: उत्तराखंड बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर मेरिट सूची में स्थान बनाने वाली छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र सिंह यादव ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सत्येंद्र सिंह यादव ने मेधावी छात्रा कंचन जोशी, मुस्कान, वंशिका वर्मा और कनिष्का को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और इन छात्राओं ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इसी कड़ी मेहनत के साथ उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस सम्मान समारोह के दौरान संतोष कुमार, राहुल कुमार सहित शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाजपुर में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

उत्तराखंड में इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी सपा

बाजपुर: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी शनिवार को उत्तराखंड दौरे के दौरान बाजपुर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजकुमार भाटी ने आगामी चुनावी रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी ''इंडिया'' गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। भाटी ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नारा देश भर में सफल हो रहा है और उत्तराखंड में भी पार्टी इसी फार्मूले के साथ मैदान में उतरेगी। इस दौरान अरविंद यादव (राष्ट्रीय महासचिव, सपा यूथ ब्रिगेड), मोहम्मद आजम (विधानसभा अध्यक्ष), दीपक कुमार, विशाल यादव, रहीस, लाला अमित कुमार, रवि कुमार मौजूद रहे।

जागरूकता

फ्रिज के बजाय मिट्टी के घड़ों को प्राथमिकता दे रहे लोग, स्वास्थ्य के लिए भी है लाभदायक

गर्मी बढ़ते ही मिट्टी के बर्तनों का बाजार गुलजार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: भीषण गर्मी की शुरुआत होते ही काशीपुर के बाजारों में पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों की मांग में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। शहर के विभिन्न चौराहों और मुख्य बाजारों में सजी मिट्टी के बर्तनों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। फ्रिज के ठंडे पानी के बजाय लोग अब एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए मिट्टी के घड़ों और सुराहियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

स्थानीय कारोबारी आदेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष बाजार में आधुनिकता का समावेश भी देखने को मिल रहा है। अब केवल पारंपरिक घड़े ही नहीं, बल्कि मिट्टी से बने वॉटर फिल्टर, डिजाइनर वॉटर बोतल, मग, कटोरी, कढ़ाई और तवा भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कीमतों की बात करें तो नल वाले छोटे मटके 130 से शुरू होकर 400 तक उपलब्ध हैं, जबकि छोटे पॉट 70 की किफायती दरों पर बेचे जा रहे हैं। कारोबारियों के अनुसार, हर रोज हजारों रुपये के बर्तनों की बिक्री हो रही है और मांग इतनी अधिक है कि उन्हें हर हफ्ते बाहर से नया स्टॉक मंगवाना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मिट्टी के बर्तनों का उपयोग न केवल पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखता है, बल्कि भोजन की पौष्टिकता को भी 100% बनाए रखता है। आयुर्वेद के अनुसार, मिट्टी के बर्तनों में पका भोजन कैंसर और अल्सर जैसे गंभीर रोगों से बचाव में सहायक होता है। साथ ही, यह पाचन तंत्र को सुधार कर एसिडिटी और खट्टी डकारों जैसी समस्याओं से भी निजात दिलाता है। पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्य के लिए वरदान ये बर्तन अब काशीपुर के हर घर की पसंद बनते जा रहे हैं।

काशीपुर में दुकानों पर रखे मिट्टी कर बर्तन। ● अमृत विचार

बहुओं के झगड़े से बुजुर्ग परेशान

बाजपुर: नगर क्षेत्र के एक बुजुर्ग ने अपनी पुत्रवधुओं पर घर में अशांति फैलाने और परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित बुजुर्ग ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी तहरीर में बुजुर्ग ने बताया कि उनके छह पुत्र हैं, जिनमें से चार विवाहित हैं। आरोप है कि दो पुत्रों की पत्नियां आए दिन आपस में झगड़ा करती रहती हैं। विवाद इतना बढ़ जाता है कि परिवार के अन्य सदस्यों का जीना दुश्वार हो गया है। बुजुर्ग का कहना है कि जब भी वे बीच-बचाव या समझाने का प्रयास करते हैं, तो दोनों पुत्रवधुएं उन्हें और उनके चारों बेटों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देती हैं।

मृत्यु के बाद दो लोगों को रोशनी दे गईं रुचि

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: समाज में मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए रुचि बंसल ने मरणोपरांत नेत्रदान कर एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। उनके इस महादान से अब दो दृष्टिहीन लोगों की आंखों में रोशनी लौट सकेगी।

रुचि बंसल (फाइल)। ● अमृत विचार

शनिवार को रुचि बंसल के निधन के पश्चात मुरादाबाद स्थित सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल की तकनीकी टीम ने उनके आवास पहुंचकर नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। टीम ने पूर्ण सावधानी के साथ कॉर्निया को सुरक्षित रूप से संरक्षित किया, जिसे अब जरूरतमंद मरीजों को प्रत्यारोपित किया जाएगा। क्षेत्र के समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने रुचि बंसल के इस सराहनीय कदम की व्यापक प्रशंसा की है। उन्होंने इसे मानवता के प्रति सर्वोच्च समर्पण बताते हुए अन्य लोगों से भी नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील की है। विशेषज्ञों के अनुसार, नेत्रदान एक ऐसा महादान है जिससे बिना किसी खर्च या पीड़ा के किसी व्यक्ति के जीवन का अंधकार हमेशा के लिए दूर किया जा सकता है।

सिटी ब्रीफ

कच्ची शराब तस्कर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

सितारगंज : पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की तस्करी कर रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने दोनों अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। शुक्रवार को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने बरूआबाग निवासी गुरमीत सिंह (55) को 38 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ सिद्धगब्यांग गेट के पास और शिव मंदिर वार्ड, शक्तिगढ़ निवासी सुजीत राय (36) को मछली बाजार शक्तिफार्म से गिरफ्तार किया है।

घर के सामने खड़ी बुलेट बाइक चोरी

सितारगंज : वार्ड नंबर 6 निवासी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि 1 मई की शाम को उसने घर के बाहर बाइक खड़ी की थी। जो 2 मई की सुबह करीब साढ़े तीन बजे चोरी हो गई। बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं, मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

निजी स्कूल में घुसा चोर दूसरी मंजिल से गिरा

संवाददाता, खटीमा

- पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, गंभीर हालत देख हल्द्वानी किया रेफर

अमृत विचार: बीती रात्रि मझोला के एक निजी स्कूल में चोरी की नीयत से घुसा एक युवक दूसरी मंजिल से अनियंत्रित होकर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपजिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी में साथियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

ग्राम मझोला पोलीगंज निवासी यार मोहम्मद शुक्रवार देर रात स्कूल परिसर की दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुआ था। बताया जा रहा है कि वह स्कूल की दूसरी मंजिल पर पड़ी सरिया, लोहे के एंगल, मोटर, भारी भरकम लोहे के पाइप को स्कूल के पीछे फेंक रहा था। उसी दौरान पाइप युवक की पेंट में फंस गया और अनियंत्रित होकर वह नीचे गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया और पूरी रात स्कूल के पीछे खेत में पड़ा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को 108 वाहन से उपजिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी युवक के साथियों की तलाश जुटी है। इस अवसर पर चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, एडिशनल एसआई पुरन चंद पांडे, मनोज कुमार, दुर्गा नाथ, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।

दुकान में घुसकर व्यापारी से मारपीट, जान से मारने की धमकी

बाजपुर : नगर के वार्ड संख्या तीन निवासी एक व्यापारी ने युवक पर दुकान में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-तीन निवासी ठाकुर विशाल सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह करीब 11:15 बजे वह अपनी दुकान पर थे। उसी समय एक दूधिया भी दूध देने दुकान पर आया हुआ था। आरोप है कि तभी एक युवक अचानक दुकान के भीतर घुस आया और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि जब उन्होंने बचाव के लिए अपने भाई और आसपास के लोगों को बुलाया, तो आरोपी ने उन्हें दुकान से उठवा लेने और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, जाते-जाते आरोपी ने उन्हें एससी-एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण, जनसंवाद भी किया

पेयजल संकट पर अधिकारियों को लगाई फटकार

संवाददाता, बाजपुर

हरिपुरा जबरान में देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के बाद लोकार्पण करते नेता प्रतिपक्ष आर्य।

अमृत विचार: विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य शनिवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा कर जहां लाखों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण किया, वहीं ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

विधायक आर्य ने ग्राम सभा हरसान (नई आबादी) में करीब 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित मार्ग का लोकार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम महोली जंगल स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा में मत्था टेका और गुरुद्वारा साहिब के विकास हेतु 6 लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। ग्राम हरिपुरा जबरन में उन्होंने 4.5 लाख रुपये से हुए देवी मंदिर के सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण करते हुए 3 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि देने का भी वादा किया। बन्नाखेड़ा सानी में जनजाति समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां उन्होंने जनसंवाद कर समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया।

क्षेत्र में पाइपलाइन लीकेज के कारण घर-घर पानी न पहुंचने की शिकायतों पर यशपाल आर्य ने जल संस्थान के अधिकारियों के प्रति भारी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर ही जेई मुकेश कुमार और हरेंद्र कुमार सिंह को तलब किया और कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनता को जल्द शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हुआ, तो विभाग के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

दौरे के दौरान आर्य ने स्व. मदन सिंह कुंवर और राय सिख समाज के प्रेम सिंह की पत्नी के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस भ्रमण के दौरान विधायक प्रतिनिधि वरुण कपूर, ब्लॉक अध्यक्ष पवन शर्मा, डीके जोशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

उर्वरक वितरण को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

नियंत्रित व्यवस्था वापस लेने की मांग को लेकर की सांकेतिक तालाबंदी, समिति चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता शक्तिफार्म

समिति चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान। ● अमृत विचार

विकास भवन में धरना देते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने उर्वरकों के नियंत्रित वितरण व्यवस्था के खिलाफ, आवाज उठाते हुए किसान सहकारी समिति में धरना प्रदर्शन कर, सांकेतिक तालाबंदी की। इस दौरान कांग्रेसियों एवं किसानों ने मुख्य कृषि अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सहकारी समिति चेयरमैन को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि कृषि निदेशालय के आदेश पर उर्वरकों के नियंत्रित वितरण की व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के चलते किसानों को समय पर उर्वरक नहीं मिल पा रहा है, जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। इस नई व्यवस्था के कारण क्षेत्र में व्यापक रोष व्याप्त है और किसानों को खेती-किसानी में दिक्कतें आ रही हैं। कांग्रेसियों एवं किसानों ने मांग की है कि उक्त आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और पूर्व की भांति किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता, किसानों के साथ व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इधर सहकारी समिति के चेयरमैन केपी मंडल ने कहा कि वैश्विक बाजार में उर्वरकों की उपलब्धता कम होने के कारण, यह समस्या आई है। उन्होंने इस समस्या के बाबत कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को अवगत कराया है।

कैबिनेट मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान के लिए निर्देशित किया। चेयरमैन केपी मंडल ने कहा कि फिलहाल डीएपी की समस्या खत्म हो गई है, यूरिया की समस्या अगले 10 से 15 दिन के भीतर समाप्त हो जाएगी। जापान सपना वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, नवतेज पाल सिंह, बलवंत बोरा, विनय विश्वास, विष्णु तरफदार, सपना ओझा, भगवान पांडे, श्रीकांत मिस्त्री, लक्ष्मी चौधरी, महानंद विश्वास, जगदीश मंडल, रंजीत मंडल, सुनील हालदार आदि शामिल रहे।

यूरिया और खाद नहीं मिलने से भड़के किसान, प्रदर्शन किया

रुद्रपुर : यूरिया और खाद नहीं मिलने से भड़के भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने विकास भवन में धरना प्रदर्शन किया और यूरिया व खाद मुहैया कराने का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि यदि किसानों की परेशानी की अनदेखी हुई तो उग्र आंदोलन होगा। शनिवार को बड़ी संख्या में किसान विकास भवन पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गेहूं की कटाई के बाद अब धान की फसल बोने का समय आ चुका है। समिति में किसान की खतौनी पर यूरिया और खाद लिमिट रहता है। ऐसे में किसानों को एक बार में ही चार से पांच बैग यूरिया मुहैया कराने के साथ ही दुकानों पर भी खतौनी दिखाकर यूरिया बैग उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा 685 एकड़ भूमि गूलरभोज के विस्थापित किसानों को दी गई है। उन कृषकों को भी यूरिया खाद मुहैया कराई जाए। उन्होंने बताया कि यूरिया और खाद नहीं मिलने के कारण किसान फसल नहीं बोना चाहता है। कारण सरकार ने सरकारी रेट पर फसल के अनुसार खाद मुहैया नहीं कराई थी। उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी से किसानों के हितों पर विचार कर समाधान किये जाने का आह्वान किया। इस मौके पर साहब सिंह, विक्रमजीत सिंह, बलवीर सिंह, बलवीर सिंह, संजय त्यागी, सुरेश कुमार, संजीव कुमार, सुखविंदर सिंह, जैबा सिंह, जगरूप सिंह, गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक की मौत

सितारगंज : दो ट्रकों की भिड़ंत में घायल चालक की इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव क्योलडिया, बरेली निवासी अब्दुल वहीद ने बताया कि 29 अप्रैल को चालक सुनील कुमार पीलीभीत से ट्रक लेकर को लालकुआं के लिए निकला था। तभी रास्ते में रात करीब 12 बजे गांव मलपुरी, सितारगंज के पास सामने से आए एक ट्रक ने उसके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गांव पिपरिया, गजरौला निवासी चालक सुनील कुमार और गांव क्योलडिया, बरेली निवासी परिचालक शमशुल हसन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उप जिला अस्पताल, सितारगंज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। अब्दुल ने बताया कि दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज, पीलीभीत में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान चालक सुनील कुमार की मौत हो गई। जबकि, परिचालक शमशुल का इलाज चल रहा है। वहीं, मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

पुरानी पेंशन की बहाली के लिए कर्मियों ने भरी हुंकार

प्रेस वार्ता करते सरकारी कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- आज विशाल विरोध रैली निकालने का निर्णय लिया

अमृत विचार: पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। 'नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम' के बैनर तले विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने लामबंद होते हुए रविवार को शहर में विशाल विरोध रैली निकालने का निर्णय लिया है।

शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में आंदोलन के जिला संरक्षक हुकुम सिंह नयाल ने बताया कि वर्ष 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों पर जबरन थोपी गई नई पेंशन योजना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि एनपीएस बाजार पर आधारित है, जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद न तो अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलता है और न ही महंगाई भत्ते का लाभ, जिससे बुढ़ापे में कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है।

जिला अध्यक्ष डीपी सिंह ने बताया कि रविवार को होने वाली इस रैली में जिले के सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान बी.एन. बेलवाल, अमरदीप सिंह चौधरी, विशाल अग्रवाल, तरुण कालरा और जुल्फिकार अली सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में चेतावनी दी कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

आय बढ़ाने में सहायक है नवाचार

संवाददाता, पंतनगर

मधुमक्खी अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण करते सचिव दीपक कुमार।

अमृत विचार: उत्तराखंड शासन के संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार ने जनपद भ्रमण के दौरान शनिवार पंतनगर विवि का भ्रमण कर विभिन्न शोध और नवाचार गतिविधियों का जायजा लिया।

सचिव ने विवि में संचालित शोध परियोजनाओं और उनके माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने वैज्ञानिकों की ओर से विकसित नई तकनीकों और नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने 20-22 लीटर प्रतिदिन दूध देने वाली उन्नत नस्ल की गायों का अवलोकन किया और पशुपालन में हो रहे अनुसंधानों की जानकारी प्राप्त की। कहा कि पशुपालन क्षेत्र में इस प्रकार के नवाचार किसानों की आय वृद्धि में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने मधुमक्खी पालन केंद्र में विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादन प्रक्रियाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने राज्य में शहद उत्पादन को बढ़ावा देने और इसे स्वरोजगार के रूप में विकसित करने पर बल दिया। साथ ही मशरूम उत्पादन इकाई का भी निरीक्षण किया। जहां वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के मशरूम के उत्पादन एवं प्रसंस्करण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने तथा इससे जुड़े स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने विवि के विभिन्न विभागों में किए जा रहे शोध कार्यों की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि अनुसंधान कार्यों को और अधिक व्यावहारिक एवं जनोपयोगी बनाया जाए। जिससे आम जनता एवं किसानों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। इस दौरान कुलपति डॉ. एसके कश्यप, निदेशक प्रशासन बीएस चलाल, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, निदेशक शोध डॉ. एसके वर्मा, डॉ. शिव प्रसाद सैनी आदि मौजूद रहे।

स्टोन क्रशर में सुरक्षाकर्मी को पीटकर किया लहूलुहान

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित एक स्टोन क्रशर में दबंगों द्वारा जबरन घुसकर सुरक्षाकर्मियों के साथ बेरहमी से मारपीट और कार्यालय में तोड़फोड़ करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। हमले में एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने क्रशर प्रबंधन की तहरीर पर नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नैनीताल नेचुरल स्टोन क्रशर के ध्यान सिंह ने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे ग्राम आनंदपुर निवासी पप्पू कुमार और नगला निवासी पिंटू कुमार ने जबरन क्रशर परिसर में घुसने का प्रयास किया। जब सुरक्षाकर्मी महिपाल ने उन्हें रोका, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। घायल महिपाल को गंभीर हालत में रुद्रपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि प्रारंभिक हमले के कुछ देर बाद ही दोनों आरोपी अपने 8-10 साथियों और कुछ महिलाओं के साथ दोबारा क्रशर पहुंचे। इस बार उन्होंने परिसर में जमकर तांडव मचाया, कर्मचारियों को पीटा और कार्यालय में तोड़फोड़ की। आरोपी जान से मारने की धमकी दे गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

47 लाख से बनेगा हल्दी घेरा मार्ग

संवाददाता, खटीमा

खटीमा के हल्दी में मार्ग निर्माण करते मजदूर। ● अमृत विचार

अमृत विचार: क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए खटीमा मुख्य मार्ग से हल्दी घेरा सायफन चौकी और गुर्जर बस्ती को जोड़ने वाले मार्ग के डामरीकरण का कार्य शुरू हो गया है। शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने विधिवत नारियल फोड़कर लगभग दो किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इस परियोजना पर करीब 47 लाख रुपये की लागत आएगी। शुभारंभ के अवसर पर अजय मौर्य ने बताया कि सड़क का निर्माण आधुनिक हॉट मिक्स तकनीक से किया जा रहा है। इस तकनीक के प्रयोग से सड़क की मजबूती और टिकाऊपन लंबे समय तक बना रहेगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाना है। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है ताकि सरकारी धन का सदुपयोग हो और जनता को बेहतर सुविधा मिले। सड़क निर्माण शुरू होने पर स्थानीय ग्रामीणों में खुशी है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सोमनाथ मौर्य, गुरप्रीत सिंह खिंडा, सतीश मौर्य, मोहित सिद्दीकी मौजूद रहे।

कार्यक्रम

एसबीएस महाविद्यालय में मेंटल हेल्थ हैप्पीनेस क्लब ने वर्कशॉप का आयोजन किया

सकारात्मक रहें और अपनी सोच को बदलें

संवाददाता, रुद्रपुर

कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के प्रोफेसर। ● अमृत विचार

अमृत विचार: एसबीएस महाविद्यालय में एक मेंटल हेल्थ हैप्पीनेस क्लब ने वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर कुमार अग्रवाल ने दीप जलाकर किया।

शनिवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चिकित्सा अधिकारी डॉ.अग्रवाल ने कहा कि सकारात्मक रहिए और अपनी सोच बदलिए। आप पहले समाज को प्राथमिकता दें। निःस्वार्थ भाव से कार्य करें उससे बहुत खुशी मिलती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरल और सहज रहें। जिसमें खुशी मिले वही कार्य करें। प्राचार्या गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज डॉ.अमिता भटनागर ने कहा कि हमें सदैव खुश रहना चाहिए। आजकल छोटे-छोटे बच्चों को मानसिक तनाव है।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.अवधेश नारायण ने कहा कि इस संसार में कोई कुछ लेकर नहीं आया और न ही लेकर जाएगा। डॉ. दिशा ने मेडिटेशन के द्वारा खुश रहने के कुछ टिप्स दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक प्रो.दीपा वर्मा, प्रो.अमिता चौरसिया, प्रो. शैलजा, प्रो.भरत राजपूत, प्रो. सरबजीत यादव, प्रो.रविंद्र सैनी, प्रो.हेमलता सैनी, प्रो.पुनम रौतेला, प्रो.मनोज पांडेय, डॉ.शलभ गुप्ता, डॉ.कमला बोरा, डॉ.प्रदीप गंगवार, डॉ.राजेश कुमार मौर्य, डॉ. अपर्णा, डॉ.अंकिता चंदोला, डॉ.रूमा शाह, डॉ.पूनम शाह आदि मौजूद रहे।

साढ़े 11 ग्राम स्मैक के साथ युवक धरा

किच्छा: पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक को अवैध स्मैक के साथ दबोचा है। उपनिरीक्षक पवन जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम शुक्रवार देर रात आजाद नगर और मलपुरा क्षेत्र में संदिग्धों की धरपकड़ कर रही थी। इसी दौरान कब्रिस्तान के पास एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे कुछ ही दूरी पर दबोच लिया।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम बलविंदर सिंह (निवासी लालपुर, वार्ड नंबर 3) बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 11.50 ग्राम स्मैक, 600 रुपये की नकदी और एक मोबाइल बरामद हुआ। आरोपी ने कबूल किया कि वह क्षेत्र के युवाओं को नशा बेचने आया था।

विकास कार्यों का लोकार्पण किया

संवाददाता, किच्छा

किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़।

अमृत विचार: विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत क्षेत्र में 28 लाख रुपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्य योजना के अंतर्गत ग्राम रामेश्वरपुर में 45.29 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण को स्वीकृति दिलाए जाने पर ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर विधायक बेहड़ का भव्य स्वागत कर आभार जताया। विधायक बेहड़ ने ग्राम पंचायत लालपुर में 2 लाख की लागत से सड़क निर्माण, जिला योजना के तहत वार्ड नंबर 18 में 12 लाख की लागत से सड़क, वार्ड नंबर 20 इंदिरा नगर में 5 लाख की लागत से सीसी सड़क, वार्ड नंबर 20, इंदिरा नगर में 4.99 लाख की लागत से मस्जिद सड़क संपर्क मार्ग निर्माण, वार्ड नंबर 18 में 2.38 लाख की लागत से सड़क निर्माण का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक बेहड़ ने सिरौली कला क्षेत्र में पार्थिव शरीर (शव) रखने के लिए 1.53 लाख की लागत से फ्रिज स्थापना कार्य का फीता काटकर जनता को समर्पित किया। मौके पर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी, सन्नी कामरा, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, राजेश प्रताप सिंह, मिसवाल कुरैशी, नजाकत खान, एन यू खान, सईदुल रहमान, नरेंद्र सलूजा, डॉ सुबेग सिंह गिल, अमरजीत सिंह, नरेंद्र कामरा, बंटी ठुकराल, हरभजन सिंह, रिजवान अंसारी, गौरव चावला आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

कर्मचारियों के कौशल विकास पर दिया जोर

बनबसा : एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) उत्तम लाल शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर टनकपुर पावर स्टेशन पहुंचे। पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य ने उनका पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान महाप्रबंधक (विद्युत) मो. जावेद अंसारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान निदेशक ने बैराज, इंडो-नेपाल कैनाल, सिलेट इजेक्टर, पावर हाउस और प्रशासनिक भवन का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली और प्रगति की जानकारी ली। प्रशासनिक भवन में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उन्हें परियोजना की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। उन्होंने अधिकारियों और यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कर्मचारियों के कौशल विकास, कार्यस्थल सुरक्षा और टीमवर्क को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

28 नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

किच्छा : पुलिस उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी भागवत परिहार व बृजमोहन पोखरिया की टीम ने ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पुरानी गल्ला मंडी, वार्ड नंबर 17, किच्छा निवासी संजय कुमार के कब्जे से 28 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपी संजय के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह ने बताया कि नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

व्यावसायिक सिलेंडरों के दामों में भारी वृद्धि पर भड़के व्यापारी

अल्मोड़ा में व्यापारियों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका, बढ़े दामों को वापस लेने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचारः प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को नाराज व्यापारियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के वृद्धि पर केंद्र सरकार का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। सरकार से जल्द बढ़े दामों को वापस लेने की मांग उठाई।

शनिवार को नगर के व्यापारी यहां मुख्य बाजार में एकत्र हुए। जहां उन्होंने कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में हुई बेतहाशा वृद्धि पर गहरा रोष प्रकट किया। इस दौरान प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका। व्यापारियों ने कहा कि सरकार की अदूरदर्शी नीतियों के कारण व्यापारी वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कहा कि एक साथ एक हजार रुपये की वृद्धि करना किसी भी दृष्टिकोण से न्यायोचित नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि मध्यम वर्गीय व्यापारियों का लगातार हनन किया जा रहा है। चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते अपने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो समस्त व्यापारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

ये लोग रहे मौजूदः व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, जिला महामंत्री भैरव गोस्वामी, उपाध्यक्ष शहजाद कश्मीरी, संरक्षक संजीव गुप्ता, मंत्री अमित साह, पवन साह, आशु गोस्वामी, वकुल साह, अश्विन नेगी, रोहित जोशी, हिमांशु जोशी, तरुण जोशी, कार्तिक साह, सार्थक साह, विजय साह, प्रकाश रावत, प्रत्येश पांडे, मोहन जोशी, मोहन बिष्ट, देव सिंह, दिनेश पांडे, मोहम्मद बिलाल, अजीम अंसारी, अमन, रजत कुमार, कृष्णा वर्मा, राजेश साह, गिरजा अग्रवाल समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में शनिवार को केंद्र सरकार का पुतला फूंकते व्यापारी। ● अमृत विचार

धौलादेवी में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा : कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर धौलादेवी में शनिवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर सरकार का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की। कहा कि सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी का असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा। महंगाई के इस दौर में खाने-पीने के दामों में वृद्धि से आम नागरिक त्रस्त हो जाएगा। जिसके लिए पूरी तरह से केंद्र सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने सरकार से जल्द दामों में बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग उठाई। ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष पूरन बिष्ट, सचिव दीवान राम, न्याय पंचायत अध्यक्ष कुंदन सिंह, सतीश पंत, दान सिंह, गुड्डू, प्रधान श्याम रेखवाल, पूर्व प्रधान रमेश नाथ, दलीप जोशी समेत अन्य मौजूद रहे।

उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

अल्मोड़ाः वीपीकेएएस की ओर से पाटिया क्षेत्र में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान ऊर्वरकों के अंधाधुं प्रयोग से मिट्टी पर प्रतिकूल प्रभाव पर चर्चा के साथ इसके समाधान पर चर्चा की गई।

गोष्ठी में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. कृष्ण कांत मिश्रा ने बताया कि अभियान न केवल खेती की लागत कम करने के साथ भविष्य की पीढ़ी के लिए भूमि की उत्पादन क्षमता को सुरक्षित रखने में भी सहायक होगा। डॉ. प्रकाश चंद घासल ने कहा कि उर्वरकों के अंधाधुंध और अनियंत्रित प्रयोग से मिट्टी की भौतिक और रासायनिक संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लंबे समय में उपज में गिरावट और पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इससे किसानों को नुकसान के साथ ही किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नैनो यूरिया के उपयोग, दो फसलों के बीच दलहनी फसलों के समावेश पर भी जोर दिया। गोष्ठी में वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद) के निर्माण, फसल अवशेषों को जैविक खाद में परिवर्तित करने की विधियां भी सिखाई गईं।

वन्य जीवों के नुकसान से बचने के लिए हल्दी व अदरक उगाने का सुझाव दिया। यहां देवेंद्र सिंह कार्की, वर्षा कार्की भी रहे।

सूर्य किरण, उपवास, वायु चिकित्सा के लाभ बताए

एसएसजे में प्राकृतिक व वैकल्पिक चिकित्सा कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- जीवन को संतुलित और ऊर्जावान बनाता है योग: भट्ट
- एसएसजे में योग व प्राकृतिक शिक्षा कार्यशाला का शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचारः एसएसजे के योग विज्ञान विभाग में शनिवार को प्राकृतिक चिकित्सा व वैकल्पिक चिकित्सा कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में सूर्य किरण, उपवास व वायु चिकित्सा के गुर सिखाए गए। वक्ताओं ने कहा कि योग जीवन को संतुलित व ऊर्जावान बनाता है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय व राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (नमामि गंगे) की ओर से हुई तीन दिवसयी कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन चंद भट्ट ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कहा कि योग, प्राकृतिक चिकित्सा और वैकल्पिक चिकित्सा केवल उपचार पद्धति नहीं हैं। बल्कि यह जीवन को संतुलित, शुद्ध और ऊर्जावान बनाने की संपूर्ण जीवनशैली है। योग व प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गिरीश अधिकारी ने बताया कि उपवास चिकित्सा से शरीर के विषैले तत्वों को बाहर निकाला जा सकता है। इसके अलावा अग्नि तत्व चिकित्सा में सूर्य किरण चिकित्सा, वायु चिकित्सा में प्राणवायु का महत्व बताया गया। यहां हेमलता अवस्थी, लल्लन कुमार सिंह, कमलेश पाठक, अनुराधा धामी, आदित्य बिष्ट, मोहिता पंत, रिया जोशी, कमला फर्त्याल, ललिता, प्रकाश भट्ट, किरन बिष्ट आदि रहे।

शिविर में 300 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- ब्लॉक ताकुला के इंटर कॉलेज डोटियालगांव में लगा शिविर
- लोगों को निशुल्क दवाओं का भी किया गया वितरण

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचारः विकासखंड ताकुला में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान शिविर में 300 से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

शनिवार को क्षेत्र के श्री राम इंटर कॉलेज डोटीयालगांव में स्त्री रोग, हृदय रोग, जनरल फिजिशियन चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर बृजलाल हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ. अजय पाल ने कहा कि आज पहाड़ी क्षेत्रों में भी तमाम रोगों ने भी जन्म ले लिया है, खान पान एवं दिन प्रतिदिन मौसम बदलाव ने लोगों के सेहत को खराब करने का काम किया है। ऐसे में स्वास्थ को लेकर सजक रहना बेहद जरूरी है, विशेषकर अपने खान पान में एवं नियमित व्यायाम में ध्यान देना जरूरी है। यहां शिविर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज, इंटर कॉलेज के प्रबंधक मीनाक्षी पाठक, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार पंत, बहादुर सिंह मेहता, दिनेश पिलख्वाल, महेश नेगी, सुशील काण्डपाल, रमेश भाकुनी, सुनील बाराकोटी, गणेश दत्त भट्ट, गीतेश नगरकोटी, राजू राम, दिनेश नेगी, लीला बोरा, कमला आर्या, राजेंद्र बिष्ट, राजू भट्ट, शिवराज नयाल, वीरेंद्र बिष्ट, रंजीत नयाल, श्याम सिंह आदि रहे।

श्री राम इंटर कॉलेज डोटियालगांव में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

ग्रामोत्थान परियोजना से बदली हेमा राय की जिंदगी

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचारः जनपद चम्पावत की ग्राम पंचायत चौड़ीराय निवासी हेमा राय आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की प्रेरणा बन गई हैं। सीमित संसाधनों के बीच जीवन यापन कर रही हेमा को 'ग्रामोत्थान परियोजना' ने नई दिशा दी।

हेमा राय।

एनआरएलएम के तहत 'कालसन बाबा स्वयं सहायता समूह' से जुड़ी हेमा के पास पहले केवल दो गायें थीं, जिससे परिवार की जरूरतें भी मुश्किल से पूरी होती थीं। परियोजना के तहत 'लघु उद्यम स्थापना योजना' की जानकारी मिलने के बाद उनका चयन गाय पालन के लिए हुआ। तीन लाख रुपये की योजना में 75 हजार अनुदान, 1.50 लाख बैंक ऋण और 75 हजार स्वयं का योगदान शामिल रहा। इस सहयोग से हेमा ने तीन और गायें खरीदीं। अब उनके पास पांच गायें हैं और वे प्रतिदिन करीब 24 लीटर दूध उत्पादन कर रही हैं। साथ ही हर माह 10-12 किलो घी तैयार कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। आज हेमा राय सभी खर्चों के बाद हर माह 10 से 12 हजार रुपये की शुद्ध आय कमा रही हैं, जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।

गोल्ज्यू संदेश यात्रा का होगा स्वागत

- आयोजन समिति ने यात्रा को लेकर जारी किया पोस्टर
- विभिन्न शहरों से होकर कल अल्मोड़ा पहुंचेगी यात्रा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचारः अल्मोड़ा में गोल्ज्यू संदेश यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। शनिवार को आयोजन समिति की ओर से यात्रा को लेकर पोस्टर जारी किया गया। वहीं, अल्मोड़ा में यात्रा का आगामी चार मई को भव्य स्वागत किया जाएगा।

शनिवार को गोल्ज्यू संदेश यात्रा को लेकर आयोजन समिति की ओर से प्रेस वार्ता की गई। इस दौरान समिति के मनोज सनवाल ने बताया कि यात्रा 19 अप्रैल से चार मई तक मनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यात्रा चार मई को अल्मोड़ा में पहुंचेगी। यात्रा चितई गोलू मंदिर से शुरू होकर पलटन बाजार स्थित सिद्ध नौला पहुंचेगी। जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। बताया कि यहां से यात्रा मुख्य बाजार होते हुए मां नंदादेवी मंदिर पहुंचेगी। जिसके बाद शाम को यात्रा गैराड़ मंदिर को निकलेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यहां मेयर अजय वर्मा, मनोज सनवाल, हरीश कनवाल, सुरेश कांडपाल, विक्रम सिंह बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, अनूप साह, अमित साह मोनू, भास्कर कांडपाल, राधा तिवारी आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में शनिवार को गोल्ज्यू संदेश यात्रा का पोस्टर जारी करते समिति पदाधिकारी।

नरेश डोबरियाल को पुरस्कार देते आयोजक मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

लोहाजंग हाफ मैराथन में नरेश डोबरियाल दूसरे स्थान पर

रानीखेत : चमोली के देवाल क्षेत्र स्थित लोहाजंग में आयोजित 'अविरल नंदा रन फॉर चैरिटी' हाफ मैराथन में रानीखेत के नरेश डोबरियाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने 21 किमी की दौड़ 1 घंटे 40 मिनट में पूरी की। इस प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व सैन्य अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रा ट्रेल रनर कलम सिंह बिष्ट द्वारा किया गया था। वंचित वर्गों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित इस दौड़ में 21 किमी, 10 किमी और 3 किमी फन रन की श्रेणियां रखी गई थीं, जिसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्रों के जरूरतमंद बच्चों को खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसर उपलब्ध कराना है। साथ ही यह आयोजन खेल पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय रोजगार सृजन में भी सहायक होगा। नरेश की इस उपलब्धि पर रानीखेत में खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

सीएस को बताईं रानीखेत की समस्याएं

- विधायक नैनवाल ने उठाए कैंट बोर्ड, सड़क और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दे

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचारः फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में आरके सुधांशु, अंशुल सिंह, चंद्र शेखर घोड़के और डॉ. प्रमोद नैनवाल के बीच रानीखेत क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में विधायक डॉ. नैनवाल ने कैंट बोर्ड द्वारा नागरिकों को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाते हुए अधिकारियों को फटकार लगाने और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने माल रोड बंद होने, बोचुड़ी मोटर मार्ग की खराब स्थिति और पंतकोटली मार्ग पर गिरे पेड़ों के निस्तारण की समस्या भी प्रमुखता से रखी। इसके अलावा एनसीसी ग्राउंड चिलियानौला में हेलीपैड, बिनसर में बर्ड वॉच सेंटर और क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के सुधार पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने डीएम, कैंट बोर्ड और वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान के आदेश दिए। साथ ही शासन स्तर पर लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक प्रमोद नैनवाल ने विधानसभा से जुड़ी पेयजल, सड़क, चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं से भी मुख्य सचिव को अवगत कराया। साथ ही क्षेत्र में पर्यटन विकास पर भी जोर दिया।

मुख्य सचिव से वार्ता करते रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल। ● अमृत विचार

सिलेंडर महंगा होने से कारोबार प्रभावित

बाजपुरः कमर्शियल गैस सिलिंडर की कीमतों में 993 रुपये तक की भारी बढ़ोतरी का असर अब बाजपुर क्षेत्र में भी साफ दिखाई देने लगा है। इस अचानक हुई मूल्य वृद्धि से स्थानीय होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों के साथ-साथ आम लोगों पर भी आर्थिक दबाव बढ़ गया है। बाजपुर के व्यापारियों का कहना है कि पहले से ही बढ़ती महंगाई के चलते कारोबार प्रभावित हो रहा था, वहीं अब गैस सिलिंडर के दाम बढ़ने से लागत और बढ़ गई है। इससे छोटे व्यापारियों के लिए काम चलाना मुश्किल होता जा रहा है। रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों ने बताया कि कमर्शियल गैस महंगी होने के कारण अब उन्हें खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

बाल गीत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

छीनीगोठ विद्यालय में बाल गीत दिवस धूमधाम से मनाया

टनकपुर : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में "बाल सखा कार्यक्रम" के अंतर्गत बाल गीत दिवस उत्साह और रचनात्मक माहौल में मनाया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की मधुर आवाज़ों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का संचालन हिंदी शिक्षक पल्लव जोशी ने किया। इस दौरान 12 छात्र-छात्राओं ने बाल गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भाव और लय का बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर सभी को 'बाल साहित्य की धरती' पत्रिका उपहार स्वरूप दी गई। कार्यक्रम संयोजक त्रिलोचन जोशी ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में सृजनशीलता विकसित करना और उन्हें मोबाइल की लत से दूर रखना है। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकों से जुड़ने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर शिक्षक पवन कुमार, अर्जुन कुमार सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

आंदोलन | सरकार पर पर लगाया आंदोलन की अनदेखी का आरोप, शीघ्र मांगें पूरी करने की मांग

आंगनबाड़ी वर्कर्स का धरना 29वें दिन जारी

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचारः आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 24 हजार रुपये मानदेय समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 29वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने राज्य सरकार पर महिला सशक्तीकरण के नाम पर अनदेखी करने का आरोप लगाया शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष मीना बोहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रैन बसेरे में धरना दिया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने मानदेय बढ़ाकर 24 हजार रुपये प्रतिमाह करने, बायोमेट्रिक सिस्टम हटाने, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि देने, विभाग में रिक्त पदों पर जिलेवार आधार पर पदोन्नति देने की मांग की। जिलाध्यक्ष मीना बोहरा ने कहा कि सरकार महिला सशक्तीकरण की बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं 29 दिनों से धरने पर बैठी हैं तो उनकी सुध तक नहीं ली जा रही है। हम अपना हक मांग रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान संगठन की प्रदेश सदस्य विमला पनेरु, ब्लाक अध्यक्ष कविता पंत, पुष्पा पाटनी, सरस्वती जोशी, तुलसी बिष्ट, रेनू देवी, कमला मेहता, दमयंती वर्मा, कमला राय, ज्योति अधिकारी, कविता भंडारी, नेहा सामंत, कविता कुंवर, उर्मिला देवी, कृष्णा बोहरा, शर्मिला बोहरा, प्रेमा पाटनी, तुलसी बोहरा, संगीता शर्मा, सीमा जोशी, मीरा सामंत रहे।

लोहाघाट रैन बसेरा परिसर में धरना प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी वर्कर्स। ● अमृत विचार

संशोधित दर पर वेतन देने की मांग

हल्द्वानीः नगर निगम में कार्यरत अस्थायी व आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन को लेकर पार्षद रोहित कुमार ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि पर्यावरण मित्रों सहित सभी कर्मचारियों को संशोधित दरों के अनुसार वेतन दिया जाए।

ज्ञापन में बताया गया है कि मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली की अधिसूचना के तहत श्रमिकों के मूल्य सूचकांक में संशोधन करते हुए वेतन दरों में बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में नगर निगम हल्द्वानी के कर्मचारियों को भी इसका लाभदेना जरूरी है। पार्षद ने नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में कार्यरत अस्थायी और आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में संशोधित दरें लागू करने की मांग की।

हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : पूर्णागिरि मार्ग से लगे उचौलीगौठ और गैडाखाली गांव में हाथियों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को वन विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने विभाग को ज्ञापन सौंपकर जल्द हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की।

ग्रामीणों ने कहा कि गांवों में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कुछ दिनों से उचौलीगोठ एवं गैडाखाली में एक अकेला हाथी उत्पात मचा रहा है। फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ वह आवासीय मकानों पर भी हमला कर रहा है। हाथी से ग्रामीणों की जान का खतरा बना हुआ है। कहा कि वन विभाग हाथी के आतंक से निजात के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर हाथी का आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। कहा कि इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो ग्रामीण विभाग के विरूद्ध उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में गांव की ओर पत्थरों की ऊंची दीवार बनाने, पूर्णागिरि मार्ग पर सड़क किनारे उगी झाड़ियों को साफ करने की मांग की गई है।

प्रदर्शन करने वालों में त्रिलोक सिंह बोहरा, गणेश सिंह महर, आनंद महर, गीता चन्द, जानकी महर, अनीता देवी, गोदावरी देवी, तुलसी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

टनकपुर में शारदा रेंज के रेंजर को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कागा का को धन हरे, कोयल का को देय। मीठे वचन सुना के, जग अपना कर लेय।।

कबीर दास कहते हैं, कौआ किसी का धन नहीं चुराता, फिर भी कौआ लोगों को पसंद नहीं। वहीं कोयल किसी को धन नहीं देती, लेकिन सबको अच्छी लगती है। ये फर्क है मीठी बोली का। कोयल मीठी बोली से सबका मन हर लेती है।

एकात्म चिंतन की जन्मभूमि है भारत

> आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है– जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों–करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्राय: उसी विवेक को आधार बनाया गया है।

हम सब सोंचते हैं। अनेक प्रश्न उठते हैं। प्रश्न स्वयं को जानने का भी है। संसार और स्वयं का बोध जरूरी है। प्रश्न बड़ा है- कैसे जानें इस असीम संसार को। समझ छोटी अति अल्प और संसार बड़ा। प्रश्न और भी हैं। जैसे सृष्टि क्या है? सृष्टि का कोई निर्माता भी है क्या? यह सृष्टि नहीं थी तो क्या था? जो था वह क्या था? क्या शून्य था? क्या सृष्टि ऊर्जा का खेल है? पृथ्वी जल, अग्नि और आकाश प्रत्यक्ष है। इनका सारभूत क्या है? सूर्य चंद्र और तारागण कहां से प्रकाश पाते हैं? सृष्टि निर्माण का आदि तत्व क्या है? कोई परमतत्व है क्या? क्या एक तत्व से ही यह सृष्टि बनी? या सबका साझा प्रयास यह सृष्टि है? सृष्टि और हमारे संबंध क्या हैं? आदि।

आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है- जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों-करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्रायः उसी विवेक को आधार बनाया गया है। इस समझ को प्राप्त करने का दुनिया का सबसे पुराना ग्रंथ है ऋग्वेद। भारत के लोगों ने ऋग्वेद की रचना के पहले से ही वैज्ञानिक चिंतन प्रारंभ कर दिया था।

ऋग्वेद में इसी सोच-विचार के दर्शन हैं। चिंतन की यह दृष्टि निर्णयात्मक नहीं है। दर्शन और विज्ञान निर्णयात्मक नहीं होते। जहां तक जान लिया, वहीं रुक जाना उचित नहीं होता। सामान्य धारणा है कि विश्व किसी शक्ति द्वारा बनाया गया है। सृष्टि निर्माण 'विश्वकर्म' है। सृष्टि निर्माता को विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक दार्शनिक सूक्त (10.81) के देवता विश्वकर्मा हैं। ऋषि पूछते हैं, 'सृष्टि निर्माण के पहले वे कहां पर बैठे?' प्रश्न उचित है। जब पृथ्वी, आकाश आदि थे ही नहीं तो विश्वकर्मा ने कहां बैठकर यह सृजन कर्म पूरा किया? पूछते हैं कि 'सृष्टि निर्माण का मूल द्रव्य क्या था? वह वन, वृक्ष कौन सा था? जिससे विश्वकर्मा ने सामग्री ली और विराट विश्व बनाया? यह सब मनीषी लोग जानने का प्रयास करें।' स्तुति है कि 'वे विश्वकर्मा मित्र भाव से हमें ज्ञान दें।'

ऋग्वेद के एक ऋषि देवताओं के भी पहले का विचार करते हैं कि 'देवताओं के पहले युग समय में असत् से सत् का जन्म हुआ।' (10.72) यह युग विचारणीय है। तब देवता भी नहीं हैं, लेकिन 'समय' है। ऋग्वेद में सत् का अर्थ व्यक्त है और असत् का अव्यक्त। नासदीय सूक्त (10.129) में प्रकृति सृष्टि के संबंध में और भी गहन-चिंतन हैं 'तब न सत् था और न असत्। आकाश से परे भी कुछ नहीं था- नो व्योमा परो यत्। अंधकार था।' यहां अंधकार प्रकाश का अभाव नहीं है। अंधकार का अस्तित्व है। इसी तरह एक और महत्वपूर्ण अस्तित्व 'वह एक' था।

हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

ऋषि के अनुसार वह एक-तत् एकं अपनी शक्ति के दम पर वायुहीन दशा में भी प्राण ले रहा था। ऋग्वेद का 'वह एक' सृष्टि के पहले भी है। उस समय जल भी है- अप्रकेत सलिलं। फिर काम उत्पन्न हुआ। इसके बाद प्रकाश की दीप्ति चारों ओर फैल गई। फिर विसृष्टि हुई।' फिर कहते हैं, 'क्या पता ऊंचे आकाश में बैठा सृष्टि का अध्यक्ष सृष्टि रचना की बात जानता है? या वह भी न जानता? यह विवरण रोमांचक है। यहां शुद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

क्या अंधकार होता है? या प्रकाश के अभाव का नाम ही अंधकार है। अंधकार सृष्टि के पूर्व भी है। संभवतः आकाश या प्रकाश का सूक्ष्म रूप। 'वह एक' बिना वायु ही प्राण ले रहा था। क्या प्राण का विकास वायु हो सकती है। काम का जन्म भी सृष्टि के साथ हुआ। यह ताप या अग्नि ऊर्जा का सूक्ष्म रूप हो सकता है। सबसे अंत में है- विसृष्टि। विसृष्टि-सृष्टि है, इसमें पृथ्वी भी है। भारतीय चिंतन में आकाश सूक्ष्मतम है। आकाश से वायु, वायु के बाद अग्नि, इसके बाद जल और फिर पृथ्वी। सृष्टि का विकास किसी एक तत्व से हुआ है। यहां आकाश प्रमुख तत्व है। कपिल के सांख्य दर्शन में आकाश प्राचीनतम है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों में से प्रथम।

भारतीय दर्शन में असीम आकाश का गुण शब्द है। आकाश का अस्तित्व है। छांदोग्य उपनिषद् के अनुसार 'सभी भूत आकाश से पैदा होते हैं और आकाश में ही विलीन हो जाते हैं।' आकाश से आना और आकाश में ही लौटना विचारणीय है। ऋग्वेद में ठीक ही आकाश पिता है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में 'पुरुष' का वर्णन है। यह 'पुरुष' देश-काल की सीमा का अतिक्रमण करता है। उसका सिर आकाश है और सहस्त्रशीर्षा है। इस पुरुष के प्राण का विस्तार वायु है। पुरुष समूचे अस्तित्व को घेरता है।

दश अंगुल इसके बाहर भी हैं। संपूर्ण संसार इसका एक चरण है। इसके तीन चरण अन्य लोकों में हैं। यहां जो कुछ चेतन या अचेतन मनुष्य, पशु, कीट, पतिंग, नदी, समुद्र या वन है। पुरुष सब में व्याप्त है। यहां तक हुआ दिक् या दिशा का अतिक्रमण। अब काल। बताते हैं कि यह पुरुष ही सब कुछ है- पुरुष एवेदं सर्वं। जो भूतकाल में हो गया है और जो आगे भविष्य में होगा वह सब पुरुष ही है- यद् भूतं यच्च भव्यं।

ऋग्वेद के एक देवता हैं अदिति। अदिति भी सर्वस्व धारण करते हैं। वह अंतरिक्ष है, पृथ्वी हैं। पिता-माता और पुत्र है। वे पांच जन हैं। अब तक जो हो चुका है और जो भविष्य में होगा वह सब अदिति ही हैं। समूचे अस्तित्व को एक देखना और स्वयं को उसी का भाग जानना भारतीय चिंतन की मूल भूमि है। यहां अस्तित्व या सृष्टि का कोई निर्माता नहीं। प्रकृति के गोचर प्रपंच गतिशील हैं। सम्यक गति से प्रगति होती है। प्रकृति का वैज्ञानिक अध्ययन भी मूलतः गति का ही अध्ययन है। प्राचीन यूनानी दार्शनिक थेल्स (लगभग 500 ई. पूर्व) जल को सृष्टि का आदि तत्व मानते थे। इसके हजारों वर्ष पहले ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में 'अप्रकेत सलिल'- जल है। जल से सृष्टि का जन्म हुआ, तो जल को माता कहना ही चाहिए।

ऋग्वेद में जल को 'बहुवचन रूप में आपः मातरम्-जल माताएं कहा गया है। स्थावर जंगम को जन्म देने वाली यही जल माताएं ही हैं।' थेल्स जल संबंधी चिंतन ऋग्वेद के संगत है। वैसे ऋग्वेद में अनेक विचार हैं। एक यूनानी दार्शनिक अनक्सिमेनेस 'वायु' को सृष्टि का मूल तत्व बताते थे। ऋग्वेद (10.168) में ऋतावा-नियम वायु है। यहां वायु जलों के मित्र कहे गए हैं- अपां सखा। ऋग्वेद के जल और वायु आदि तत्व इसी रूप में उपनिषदों में भी हैं। हिराक्लिटस अग्नि को प्रधान तत्व जानते थे। अग्नि ऋग्वेद के प्रधान देवता हैं। अग्नि सब जगह हैं। वे जलों में हैं। मनुष्य के भीतर हैं। यत्र तत्र सर्वत्र हैं। कठोपनिषद् में यम ने नचिकेता को अग्नि विज्ञान समझाया था। यहां अग्नि ही प्रत्येक जगह उपस्थित होकर रूप-रूप प्रतिरूप होते हैं- अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपों वभूवाः। जानने और गहराई से देखने समझने के एकात्म चिंतन की जन्मभूमि भारत ही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

एमपी की सरकार का नारी सशक्तिकरण का संकल्प

महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हो गई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए। इसमें प्रावधान है कि 2021 की जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह कानून लागू होगा, किंतु कोरोना के चलते 2021 की जनगणना टालनी पड़ी। अब जनगणना के पहले चरण की शुरुआत हुई है, जिसके अंतिम परिणाम 2028 तक आएंगे, इसलिए केंद्र सरकार विधेयक के पारित हो चुके प्रारूप में संशोधन के लिए प्रस्ताव लाई थी, जो संसद में पारित नहीं हो सका। 2023 में पारित हुए इस विधेयक में संशोधन किए बिना 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में इसे लागू नहीं किया जा सकता है। परिसीमन से तात्पर्य निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निधारण से है।

प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ पत्रकार

देश की महिलाओं को निर्वाचन में भागीदारी का उचित लाभ दिलाने की दृष्टि से मध्य प्रदेश सरकार ने विधानसभा में नारी शक्ति वंदन संकल्प पर आठ घंटे चर्चा की और उसे ध्वनि मत से पारित भी कर दिया। इस विधेयक के अनुसार सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी की जानी है, परंतु विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र विशेष में समा जाएं।

> महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार ने पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हुई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए।

विधेयक पास होने पर मध्य प्रदेश विधानसभा की सदस्य संख्या 230 से बढ़कर 345 हो जातीं। इनमें से 114 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित हो जातीं। इस समय देश में करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन्हीं में से 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाएं उम्मीदवार बनाई जातीं। 2034 में क्या स्थिति बनेगी, यह भविष्य के गर्भ में है।

जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया।

विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली थी। इसी को लेकर मोहन यादव ने तार्किक उत्तर देते हुए विधानसभा में कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग सर्वथा अनुचित है। मायावती ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबीसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

हैप्पी हार्मोन और मोबाइल की लत

आज का युग डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है, जिसमें सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। यह उनके चिंतन, मनोविज्ञान, व्यवहार और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाल रहा है।

भारत में डिजिटल उपयोग के आंकड़े इसकी व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, लगभग 90 से 95 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और लगभग 45 प्रतिशत लगातार ऑनलाइन रहते हैं। लगभग 95 प्रतिशत युवाओं के पास स्मार्टफोन हैं और 70 से 75 प्रतिशत प्रतिदिन यूट्यूब का उपयोग करते हैं। इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म सबसे लोकप्रिय हैं। एक औसत किशोर प्रतिदिन 3-5 घंटे स्क्रीन पर बिताता है, जबकि कुछ किशोर छह घंटे से अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं।

रोहित माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार

शोध बताते हैं कि यूट्यूब या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रॉल करने से मस्तिष्क के वे क्षेत्र सक्रिय हो जाते हैं, जो पुरस्कार प्रसंस्करण, सामाजिक अनुभूति और ध्यान से जुड़े होते हैं। यह सक्रियण वेंट्रल टेगमेंटल क्षेत्र यानी वीटीए में होता है, जो हमारे पुरस्कार प्रणाली को निर्धारित करने वाले प्राथमिक मस्तिष्क क्षेत्रों में से एक है। जब भी हमें कोई लाइक या सकारात्मक टिप्पणी मिलती है, तो हमारा मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है, जिससे शक्तिशाली इनाम के रास्ते बनते हैं, जो हमें और अधिक पाने के लिए प्रेरित करते हैं।

हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रियता प्राप्त करने पर जो डोपामाइन निकलता है, वह कोकीन जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के बराबर होता है। इसके अलावा, इन पुरस्कारों की अप्रत्याशित प्रकृति- यह न जानना कि आपको कब और कितने लाइक मिलेंगे इस अनुभव को और भी व्यसनी बना देती है। शोध लगातार सोशल मीडिया के इस्तेमाल और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के बीच कई संबंधों को उजागर करते रहे हैं। अध्ययनों में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल और अवसादग्रस्तता के लक्षणों की बढ़ती दर के बीच महत्वपूर्ण संबंध पाए गए हैं।

साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न के मामले भी बढ़ रहे हैं। लगभग 30 से 35 प्रतिशत किशोर किसी न किसी रूप में साइबर बुलिंग का शिकार हो चुके हैं। इससे युवाओं में आत्मविश्वास कम होता है और मानसिक तनाव बढ़ता है। फ़िल्टर की गई तस्वीरें और संपादित सामग्री सुंदरता के झूठे मापदंड स्थापित करती हैं, जिससे युवा खुद की तुलना दूसरों से करने लगते हैं और खुद को कमतर समझने लगते हैं।

फोमो (एफओएमओ) यानी कुछ छूट जाने का डर, भी एक बड़ी समस्या बन गया है। लगभग 65-70% युवा अपनी खुशी को सोशल मीडिया से जोड़ते हैं। लाइक्स और कमेंट्स से जुड़ी मनोवैज्ञानिक निर्भरता उन्हें ऑनलाइन रहने के लिए मजबूर करती है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आर्थिकी को गति देने वाला एक्सप्रेस-वे

> पिछले तीन दशकों के कालखंड में सड़कों का विस्तार हुआ है, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति मिली। साथ ही यमुना एक्सप्रेस–वे, आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे और अब गंगा एक्सप्रेस–वे इस परिवर्तन का प्रतीक है।

उत्तर प्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। यह देश की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। गंगा-यमुना का मैदानी भाग होने से कृषि उत्पादन के मामले में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य का आधारभूत ढांचा नित्य नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले तीन दशकों के कालखंड में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत सड़कों का विस्तार एवं चौड़ीकरण हुआ, जिससे लॉजिस्टिक की लागत नियंत्रित रहने के साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति मिली। साथ ही यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और अब 549 किमी का गंगा एक्सप्रेस-वे इस परिवर्तन का प्रतीक है।

इस एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से राज्य की अर्थिकी को एक नई गति मिलने की पूरी संभावना है। यह परियोजना केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि विकास, निवेश और रोजगार का बहुआयामी इंजन साबित होगा, क्योंकि यह मेरठ से प्रयागराज तक कई जनपदों और गांवों से होते हुए पूरब और पश्चिम को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण परिपथ भी है। इसके कारण कृषि विज्ञान और औद्योगिक निर्माण को गति मिलेगी।



प्रो. एचसी पुरोहित

दून यूनिवर्सिटी

आर्थिक विकास के लिए सुगम और तेज परिवहन व्यवस्था अत्यंत आवश्यक होती है। गंगा एक्सप्रेस-वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कृषि प्रधान इलाकों से जोड़ता है। मेरठ से प्रयागराज तक फैला यह मार्ग राज्य के लगभग एक दर्जन जिलों को जोड़ते हुए क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने का कार्य करेगा। इस एक्सप्रेस-वे के चालू होने से यात्रा का समय कम होगा, परिवहन लागत घटेगी और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आर्थिक संतुलन स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इस एक्सप्रेस-वे के विकसित होने से औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होगा, क्योंकि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी निवेशकों के लिए सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र होती है। यह समय की बचत के साथ-साथ परिवहन की लागत को भी नियंत्रित करती है, जिससे वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों और मैन्युफैक्चरिंग हब के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। इससे न केवल बड़े उद्योगों को लाभ होगा, बल्कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भी नई ऊर्जा मिलेगी। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को भी इससे मजबूती मिलेगी।

गंगा-यमुना, घाघरा जैसी बड़ी नदियों का मैदान होने के कारण उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि आधारित है। गंगा एक्सप्रेस-वे किसानों के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आएगा। बेहतर सड़क व्यवस्था से किसान अपनी उपज को तेजी से मंडियों तक पहुंचा सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिल सकेगा। काश्तकारों द्वारा उत्पन्न उत्पाद जैसे फल, सब्जियां और दुग्ध उत्पाद समय पर बाजार तक पहुंचने के कारण खराब होने से बचेंगे। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स के विकास की राह खुलेगी, जो कृषि उत्पाद के मूल्य संवर्धन को प्रेरित करेगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

इस परियोजना के निर्माण और संचालन से लाखों लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से लेकर लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और सेवा क्षेत्र तक, हर स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इसके साथ ही, एक्सप्रेस-वे के आसपास नए शहरों और टाउनशिप का विकास भी संभव है, जिससे शहरीकरण को गति मिलेगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सेवाओं का विस्तार होगा, जो समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

मार्ग में आने वाले अन्य ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों तक भी पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा। होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योग को गति मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विकास और आर्थिकी का द्वार खोलने के साथ ही यह पर्यावरण संतुलन स्थापित करने एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने, हरित पट्टियों के विकास और जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

संतान के मोह में अक्सर पिता बन जाते हैं 'धृतराष्ट्र'

पुत्र-मोह में राष्ट्रीय हितों की परवाह न कर महाभारत युद्ध करा देने में धृतराष्ट्र का नाम यद्यपि लिया जाता है, लेकिन गौर करें तो पुत्र के हितों के लिए प्रायः ज्यादातर समर्थ एवं सक्षम पिता धृतराष्ट्र की तरह अंधे हो जाते हैं। धृतराष्ट्र का अर्थ राष्ट्र को धारण करने वाला होता है। आज गहराई से देखा जाए, तो समाज और राष्ट्र-हित की परवाह न कर पिता अपनी संतानों के लिए अनीतिपूर्वक संसाधन एकत्र करने में लगा है।

सलिल पांडेय

मिर्जापुर

किसी भी क्षेत्र पर नजर डाली जाए तो यही प्रतीत होता है कि पिता हर हालत में संतानों को इतना अधिक समृद्ध कर देना चाहता है कि संतान को कुछ करना न पड़े और वह समाज में ऐश्वर्यपूर्ण जीवन जी सके। धृतराष्ट्र की स्थिति जन्म से अंधे की थी, लेकिन उनकी पत्नी गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली, ताकि पुत्र दुर्योधन द्वारा किए जा रहे अन्याय को वह भी न देख सके।

जब माता और पिता अपनी संतानों के हर गलत आचरण में उसका बचाव करते हैं, तो वे कहां से धृतराष्ट्र और गांधारी से ऐसे पिता को कम माना जाए। देखने में आता है कि हर पिता अपने साम्राज्य की डोर अपने अयोग्य ही क्यों न हो, पुत्र को सौंपना चाहता है। वह योग्य व्यक्ति का चयन नहीं करता है। एक तो पिता की अनीतिपूर्वक एकत्र किए गए संसाधनों को जुटाने का काम पुत्र देखता है, तब वह भी अनीति के रास्ते को ही अपनाता है।

चाहे कारपोरेट सेक्टर हो, राजनीति का क्षेत्र हो, फ़िल्म जगत और प्रशासनिक सेवा आदि ही क्यों न हो हर जगह येन-केन-प्रकारेण संसाधनों का दुरुपयोग परिवार के लिए जो करते हैं, वे अपने पुत्र को दुर्योधन ही बना रहे हैं। जब अनीति की कमाई के बीच पला पुत्र बड़ा होगा, तो उससे उम्मीद शायद ही की जा सके कि वह नीति के रास्ते पर चल सकेगा।

हर पिता को चाहिए कि वह अपनी संतानों को संस्कार दे तथा स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दे न कि अनीतिपूर्वक सार्वजनिक धन का उपयोग अपने पुत्रों के लिए न करे। अनीतिपूर्वक धन का मतलब किसी न किसी का हिस्सा छीनना है। अतः श्रेष्ठ पिता वही है, जो नीतिपूर्वक धन से पुत्रों का पालन करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

सहेजनी होगी पारंपरिक चिकित्सा की विरासत

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के आधार पर अनपढ़ वैद्यों द्वारा साध्य-असाध्य रोगों के उपचार से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट ध्यान आकर्षित करती है। वहां नारायणपुर के पास एक वैद्य बांस की छड़ी के सहारे रोग की पहचान करता है। जड़ी-बूटियों से दवा तैयार करता है। जब इस तरह के उदाहरण बार-बार सामने आते हैं, तो हैरानी पैदा करते हैं। हम भले ही छत्तीसगढ़ के एक इलाके की बात कर रहे हों, लेकिन यह मुद्दा किसी एक वैद्य या किसी एक पद्धति तक सीमित नहीं है। यह उस पूरे ज्ञान तंत्र का प्रश्न है, जिसे हमने आधुनिकता की अंधी दौड़ में हाशिए पर डाल दिया है।

देश के जंगलों, गांवों और आदिवासी इलाकों में सदियों से विकसित हुआ पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान आज भी जीवित है, लेकिन उसकी मौजूदगी को हम या तो नजरअंदाज करते हैं या फिर उसे अंधविश्वास कहकर खारिज कर देते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान की है, लेकिन यह भी सच है कि हर ज्ञान प्रणाली की अपनी सीमाएं होती हैं।

अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार

हमारे सामने ऐसे अनेक उदाहरण आते हैं, जब डॉक्टर किसी मरीज को जीवन के अंतिम पड़ाव पर मानकर परिजनों को उसकी 'सेवा' करने की सलाह देते हैं, लेकिन वही मरीज पारंपरिक उपचार के सहारे अपेक्षा से अधिक समय तक जीवन जी लेता है। ऐसे मामलों को संयोग कहकर टाल देना आसान है, लेकिन इसे वैज्ञानिक दृष्टि नहीं कहा जा सकता। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ किसी संभावना को नकारना नहीं होता, बल्कि उसे जांचने, समझने और परखने की प्रक्रिया से गुजरना होता है।

बस्तर के जंगलों में काम कर रहीं एक शोधकर्ता देवयानी शर्मा का प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने ऐसे सैकड़ों वैद्यों को चिन्हित किया है, जो बिना औपचारिक शिक्षा के भी चिकित्सा की गहरी समझ रखते हैं। यह केवल दावों तक सीमित नहीं है। वहां के ट्रांस डिसिप्लिनरी हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय और आयुष विभाग ने उनके इलाज के तरीकों को सटीक मानते हुए प्रमाणित भी किया है। यह इस बात का संकेत है कि पारंपरिक ज्ञान को पूरी तरह खारिज करना न तो न्यायसंगत है और न ही विवेकपूर्ण। जिस पारंपरिक चिकित्सा को हम आज नजरअंदाज करते दिखाई देते हैं, वह केवल रोग के उपचार तक सीमित नहीं है बल्कि मरीज के साथ एक मानवीय संबंध भी स्थापित करती है।

बस्तर के उदाहरण के आधार पर हर पारंपरिक उपचार को चमत्कारी मान लेना भी उचित नहीं होगा। ऐसा करना उतनी ही बड़ी भूल होगी, जितना पारंपरिक उपचार को पूरी तरह अवैज्ञानिक मान लेना है। आवश्यकता इस बात की है कि अनुभवजन्य ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित किया जाए। इसके लिए पारंपरिक उपचारों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण, उनका वैज्ञानिक परीक्षण और उपयोगी विधियों का व्यापक प्रसार आवश्यक है।

हमारा देश पहले ही जनसंख्या के दबाव से जूझ रहा है। अस्पतालों में सीमित संसाधन और डॉक्टरों की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर रही है। ऐसे में यदि पारंपरिक चिकित्सा को समुचित महत्व दिया जाए, तो यह एक सहायक विकल्प के रूप में उभर सकती है। यदि हम अपने जैविक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित नहीं करेंगे, तो यह विरासत धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई केवल पर्यावरणीय संकट नहीं है, बल्कि उस ज्ञान संपदा का भी नुकसान है, जो इन्हीं प्राकृतिक परिवेशों में पनपी है। अफसोसनाक है कि जिस भारत देश में आयुर्वेद और लोक चिकित्सा की इतनी समृद्ध परंपरा रही है, उसी देश में आज इन विधाओं को बिसराया जा रहा है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

भाजपा नेता गौरव शर्मा ने अनुशासन का पाठ पढ़ाया

बाजपुर: भाजपा नेता गौरव शर्मा ने पार्टी की शुचिता और अनुशासन पर जोर देते हुए गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला बोला है। शनिवार शाम अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए पार्टी नेतृत्व या मुख्यमंत्री पर अनर्गल बयानबाजी करना भाजपा की विचारधारा के पूरी तरह विरुद्ध है। गौरव शर्मा ने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र "राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और व्यक्ति अंत में" है। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हैं। ऐसे में निजी हितों के लिए मुख्यमंत्री पर आरोप लगाना स्वीकार्य नहीं है।

गदरपुर विधायक की ओर संकेत करते हुए शर्मा ने कहा कि पांच बार के विधायक और विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बावजूद कुछ लोग पार्टी की परंपराओं के विपरीत आचरण कर रहे हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावों के दौरान पार्टी के विरुद्ध काम करने और निर्दलीय प्रत्याशियों को समर्थन देने जैसे कृत्य संगठन की छवि को धूमिल करते हैं। गौरव शर्मा ने नसीहत दी कि यदि किसी को कोई समस्या है, तो उसे सार्वजनिक रूप से बोलने के बजाय संगठन के भीतर उचित फोरम पर उठाना चाहिए।

गौशाला में लगी भीषण आग ग्रामीण व चार गाय झुलसीं

चारूबेटा पहाड़ी कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ हादसा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: चारूबेटा पहाड़ी कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट के कारण एक गौशाला में भीषण आग लग गई। इस हादसे में आग बुझाने की कोशिश कर रहा एक व्यक्ति और गौशाला में बंधी चार गायें झुलस गईं। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गौशाला और उसमें रखा भूसा जलकर राख हो चुका था।

जानकारी के अनुसार, चारूबेटा निवासी सुखदेई की गौशाला में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिसने पास रखे भूसे के ढेर को भी चपेट में ले लिया। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। इसी दौरान आग बुझाने के प्रयास में आंशिक रूप से दिव्यांग हरचरण झुलस गए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।

अग्निशमन द्वितीय अधिकारी लक्ष्मण सिंह के निर्देशन में पहुँची फायर टीम और ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर गौशाला में फंसी चार गायों को बाहर निकाला, हालांकि वे भी आग की लपटों से झुलस गईं। दमकल टीम में राजेंद्र सिंह, सुंदर सिंह, प्रदीप कुमार सहित कई कर्मी शामिल रहे।

पूर्व विधायक ने लिया जायजा: शनिवार को नानकमत्ता के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उचित मुआवजे व घायल गायों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ भुवन जोशी, बलदेव सिंह और अमित बिष्ट सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

किच्छा में भूसे से भरी ट्राली में लगी आग का दृश्य। ● अमृत विचार

भूसे से भरी ट्रॉली में लगी आग

किच्छा: कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते भूसे से भरी ट्रॉली में अचानक आग लग गई। दमकल टीम ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया और ट्रैक्टर में आग लगने से बच गई। ग्राम मलपुरा निवासी ट्रैक्टर स्वामी शिव कुमार के ट्रैक्टर को चालक धर्मवीर भूसे से भरी ट्रॉली जोड़कर ग्राम मलपुरा से आजाद नगर की तरफ ले जा रहा था। अचानक भूसे की ट्रॉली में आग लगने से हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग की तेज लपटें ट्रॉली उठने लगी। ट्रैक्टर चालक धर्मवीर ने वाहन से कूद कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर दमकल प्रभारी मदन सिंह के नेतृत्व में फायरमैन दीपक बसेड़ा, फायरमैन संजय सिंह, फायरमैन भवान सिंह की टीम तुरंत दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाते हुए ट्रैक्टर में आग लगने से बचा लिया।

तमंचे के बल पर लूट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

रामनगर: तमंचे की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। एसएसपी नैनीताल के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना का खुलासा किया।

घटना 29 अप्रैल 2026 की है, जब तुमड़िया डैम द्वितीय, मालधन चौड़ निवासी सुरजीत सिंह अपने पुत्र के साथ वाहन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में दो स्कूटी सवार बदमाशों ने उनका पीछा कर वाहन रुकवाया। आरोप है कि युवकों ने तमंचा तानकर उनके साथ मारपीट की और जेब से 10 हजार रुपये नकद तथा उनके पुत्र का मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना रामनगर में मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी हल्द्वानी और रामनगर पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने शनिवार को आमपोखरा रेंज क्षेत्र से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में आयुष चन्याल उर्फ अंशु, अनिल बिष्ट और प्रिंस कुमार शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध .315 बोर तमंचे, घटना में प्रयुक्त स्कूटी और सात हजार दो सौ रुपये नकद बरामद किए हैं।

आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि से तबाही

संवाददाता, खटीमा

- दर्जनों घरों की छतें टूटीं, टिनशेड टूटे, घरों में घुसा पानी-गर्मी से मिली राहत, पर आर्थिक नुकसान का गम

अमृत विचार: शनिवार की रात क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए भारी तबाही लेकर आई। रात्रि लगभग आठ बजे अचानक आए भीषण आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश के साथ हुई भारी ओलावृष्टि ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। विशेष रूप से सैजना, थारु भूड़िया, पीहनिया, झनकट और सबौरा क्षेत्रों में कुदरत का सबसे भीषण रूप देखने को मिला।

तेज आंधी के साथ गिरे बड़े-बड़े ओलों की मार इतनी भीषण थी कि दर्जनों घरों के टीन शेड और सीमेंट की चादरें टूटकर चकनाचूर हो गईं। रात के अंधेरे में छतें टूटने के कारण ग्रामीणों के घरों के अंदर रखा कीमती सामान और अनाज भीग गया। अचानक हुई इस तबाही से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

इस बारिश और ओलावृष्टि के बाद पिछले कई दिनों से पड़ रही चुभती गर्मी से तो राहत मिली है और पूरे क्षेत्र में ठंडक लौट आई है, लेकिन ग्रामीणों के लिए यह खुशी गम में बदली हुई है। आशियाने उजड़ने और घरेलू सामान के नुकसान से प्रभावित लोग सदमे में हैं।

खटीमा में पड़े ओले। ● अमृत विचार

मुआवजे की गुहार

प्रभावित ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही राजस्व टीम को भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाए और बेघर हुए लोगों को उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। फिलहाल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित है और ग्रामीण अपने घरों की मरम्मत में जुटे हैं।

जनगणना कार्य में बाधा डालने वालों पर होगी लिखित कार्रवाई

नैनीताल: नगर पालिका नैनीताल में शनिवार को जनगणना कार्य को लेकर शिक्षकों ने अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर शिकायत दर्ज की। शिक्षकों का कहना था कि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा उन्हें जनगणना कार्य न कराकर अन्य कार्यों में लगाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे जनगणना कार्य प्रभावित हो रहा है।

इस पर अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने स्पष्ट कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान डालने वालों के खिलाफ जनगणना एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार कुछ शिक्षक नगर पालिका कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके उच्च अधिकारी उन्हें जनगणना कार्य के बजाय विद्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दे रहे हैं, जिससे कार्य बाधित हो रहा है। इस पर अधिशासी अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने ऐसे किसी भी निर्देश से इनकार किया। रोहिताश शर्मा ने कहा कि जनगणना 2027 भारत सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और समयबद्ध कार्य है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में मकानों की गणना की जा रही है, जिसे 25 मई तक पूर्ण किया जाना है।

उत्साह से मनाया 'बालगीत दिवस'

डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी में कार्यक्रम में प्रमाणपत्र के साथ बच्चे।

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: बाल साहित्यकार और ''बाल साहित्य की धरती'' पत्रिका के संपादक रावेंद्र कुमार ''रवि'' के आह्वान पर शनिवार को देश के विभिन्न राज्यों में ''बालगीत दिवस'' धूमधाम से मनाया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित उत्तराखंड की 11 संस्थाओं में बच्चों ने बालगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। खटीमा में जीआईसी चारुबेटा, डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल, और पीएम श्री अटल उत्कृष्ट विद्यालय बंडिया सहित आठ संस्थाओं में विशेष कार्यक्रम हुए। जीआईसी चारुबेटा में खुशनुमा और श्रीमिष्ठा पांडे को ''विशिष्ट प्रस्तुति सम्मान'' मिला, जबकि डायनेस्टी एकेडमी में शारदा जोशी और वैष्णवी सम्मानित हुईं। इसके अलावा, प्राथमिक विद्यालय चारुबेटा, चंदेली स्कूल और उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट में भी मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। रावेंद्र कुमार ''रवि'' ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अपनी विधा ''बालगीत'' से जोड़कर उनके भीतर साहित्य के प्रति रुचि पैदा करना है। तारा बाल संस्था और अन्य सामाजिक संगठनों ने भी इस उत्सव में सक्रिय भागीदारी की।

किच्छा में अजय भट्ट के जन्मदिन पर पौधरोपण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

सांसद अजय भट्ट के जन्मदिवस पर मरीजों को बांटे फल

किच्छा: नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी और लवी सहगल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों व तीमारदारों को फल वितरित किए और सांसद के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर हल्द्वानी मार्ग स्थित गुप्ता अस्पताल में डॉ. ए.के. गुप्ता एवं डॉ. मेदिनी गुप्ता द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें दर्जनों मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां और ईसीजी व शुगर जांच की सुविधा दी गई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भाजपाइयों ने ''सत्य पथ धाम'' में पौधारोपण कर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर लवी सहगल, शोभित शर्मा, विपिन जलहोत्रा और पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

शिविर में 23 यूनिट रक्त एकत्र किया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: डीएसबी परिसर के जीबी पंत पुस्तकालय में आज अधिष्ठाता छात्र कल्याण, एनएसएस, आईक्यूएसी तथा विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 23 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय पंत, विजिटिंग प्रोफेसर निदेशक डॉ. ललित तिवारी, डॉ. लता पांडे, डॉ. गीता तिवारी, डॉ. गगन होती एवं एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शिवांगी ने किया। इस अवसर पर डॉ. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि रक्तदान महादान बताया।

रक्तदान शिविर में प्रतिभाग करते रक्तदाता एवं उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

शिविर के दौरान विशेष सहयोग के लिए लाल सिंह, अनीता रावत, अतुल एवं शिखा को सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में डॉ. ललित तिवारी, डॉ. गगन होती, अनीता रावत, डॉ. नवीन पांडे, डॉ. अशोक उप्रेती, अतुल, वैशाली चंदोला, वैशाली कर्नाटक, सागर साह, अंशुल, तमन्ना, प्रिया, वंशिका, बब्बर, वैभव, प्रियांशी, कुशल, तनिषा, काव्य, अनीता बोरा, अदिति एवं अतुल चंद्र शामिल रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव, समाजसेवी डॉ. भुवन आर्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. पेनी जोशी, वसुंधरा और लता नितवाल ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

वरिष्ठ नागरिकों की अनदेखी पर नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने 30 अप्रैल को हुए वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में स्वास्थ्य, पेंशन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर कोई घोषणा न होने पर नाराजगी जताई है। मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि सीजीएचएस वेलनेस सेंटर की स्थापना, गोल्डन कार्ड से कैशलैस इलाज और नोशनल इंक्रीमेंट जैसी मांगों को लेकर बुजुर्गों को उम्मीद थी, लेकिन मुख्यमंत्री के संबोधन में इनका जिक्र नहीं हुआ।

उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में सीजीएचएस सेंटर अब तक शुरू नहीं हो सका है, जबकि इसकी अनुमति पहले ही मिल चुकी है। वहीं, पेंशनर्स को मिलने वाली सुविधाओं में भी दिक्कतें बनी हुई हैं। मंच ने कहा कि वृद्धाश्रम खोलने की घोषणा से ज्यादा जरूरी बुजुर्गों को उनके घर पर सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है। साथ ही लंबित मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग की गई है। कहा, सीजीएचएस वैलनेस सेंटर न होने से कार्मिक सीजीएचएस में उपचार से वंचित हैं। जबकि शासन द्वारा 6 मार्च को आदेश जारी कर हल्द्वानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डे निवाड में सीजीएचएस वैलनेस सेंटर शुरू करने की अनुमति दी थी।

खटीमा के नोजगे पब्लिक स्कूल में श्रमिकों को सम्मानित करता प्रबंधन। ● अमृत विचार

नोजगे में हर्षोल्लास से मनाया मजदूर दिवस

खटीमा: नोजगे पब्लिक स्कूल में शनिवार को मजदूर दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के समस्त सहायक कर्मचारियों के प्रयासों को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:कालीन विशेष प्रार्थना सभा से हुई। इस दौरान छात्रों ने भाषण, कविता और प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए श्रमिकों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने श्रम के महत्व, आत्मनिर्भरता तथा "श्रम ही पूजा है" के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्रों द्वारा सहायक कर्मचारियों को सम्मान स्वरूप पुष्प एवं उपहार भेंट किए गए। प्रबंध निर्देशिका सुरेंद्र कौर ने कहा कि समाज के हर वर्ग का कार्य समान रूप से महत्वपूर्ण है और हमें प्रत्येक व्यक्ति के श्रम का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हेम चंद्र पंत ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे जीवन में किसी भी कार्य को छोटा या बड़ा न समझें और सभी के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखें।

खटीमा में खकरा नाले की सफाई शुरू

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: नगरपालिका वार्ड संख्या 15 एवं 18 के मध्य बहने वाले खकरा नाले की सफाई का कार्य नगर पालिका द्वारा विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया। लंबे समय से जमे कचरे और गंदगी को हटाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि जल निकासी सुचारू रूप से हो जाए। यह कार्य नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र की देखरेख एवं निगरानी में निरंतर और व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी नगरवासियों से अनुरोध किया हैं कि कूड़ा, पालीथीन नाले या किसी भी सार्वजनिक जगह पर न फेंके। नगर पालिका द्वारा चलाया जा रहा यह सफाई अभियान न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देगा, बल्कि भविष्य में जलभराव और बीमारियों की संभावनाओं को भी कम करने में सहायक सिद्ध होगा। इस दौरान वहां नगर महामंत्री भाजपा विक्की रस्तोगी, रवि सक्सेना, सभासद आशीष श्रीवास्तव, रविंद्र ओझा, अर्पित कॉलोनी, शुभम पटवा आदि मौजूद थे।

खटीमा के खकरा नाले की सफाई करती पोकलैंड। ● अमृत विचार

बरेली

देह व्यापार पर फूटा ऑडियो बम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्टेडियम रोड के स्पा सेंटर का बताया जा ऑडियो
- हिन्दू संगठनों ने की शिकायत, कार्रवाई की मांग

अमृत विचार: स्पा की आड़ में अवैध गतिविधियों का शहर में फिर शोर उठाया है। हिन्दू संगठनों ने कथित रूप से एक स्पा सेंटर में बातचीत का ऐसा ऑडियो पुलिस को भेजा है, जिसमें देह व्यापार को लेकर बातचीत रिकॉर्ड बताई गई है। हिन्दूवादियों ने अफसरों से अवैध क्रियाकलापों में लिप्त स्पा सेंटर्स पर कार्रवाई की मांग उठाई है।

शहर में इस तरह से अनैतिक गतिविधियों को लेकर पहले भी शिकायतें होती रही हैं। हिन्दू जागरण मंच(युवा) जिलाध्यक्ष हिमांशु पटेल सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर फिर मोर्चा खोला है। अफसरों को भेजा गया ऑडियो कथित रूप से स्टेडियम रोड के एक स्पा का बताया जा रहा है। एक मिनट के ऑडियो में स्पा स्टाफ अपने सेंट में मसाज के साथ देह व्यापार की बात कह रहा है और पैसों की सौदेबाजी करता सुना जा रहा है।

हिंजाम नेता हिमांशु पटेल का कहना है कि शिकायतों के बाद शहर में इस तरह की गलत गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई जा रही। पूर्व में इसे लेकर शहर में विवाद भी होते रहे हैं और अवैध वसूली के खेल भी सामने आते रहे हैं।

शिकायतों पर कुछ समय पहले पुलिस ने चेकिंग अभियान भी चलाया था मगर बाद में मामला ठंडा पड़ गया। उनका कहना है कि सिविल लाइंस, डोहरा रोड, स्टेडियम रोड पर संचालित स्पा सेंटर्स में गलत काम होने की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। वायरल ऑडियो इसका स्पष्ट प्रमाण है। स्पा सेंटर्स पर मारपीट की घटनाएं भी हो चुके हैं। उन्होंने जांच कराकर अनैतिक गतिविधियों में लिप्त स्पा सेंटर्स पर कार्रवाई की मांग उठाई है। साथ ही लोगों की जनभावनाओं को समझने की मांग की है।

बैंक कर्मियों ने उठाईं मांगें, किया प्रदर्शन

बरेली: जिले में शनिवार को बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर काले बैज लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन बैंक कर्मियों की लंबित मांगों के समर्थन में आयोजित किया गया। जिला संयोजक नवीन्द्र कुमार ने बताया कि यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। यूएफबीयू के अध्यक्ष पीके महेश्वरी ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करना कर्मचारियों की प्रमुख मांग है। उनका तर्क है कि जब अन्य सरकारी संस्थानों में यह व्यवस्था वर्षों से लागू है, तो बैंकिंग क्षेत्र में भी इसे लागू किया जाना चाहिए।

सैकड़ों तबादलों पर निगम में रार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: नगर निगम में 200 सफाई कर्मचारियों के तबादले किए जाने को लेकर घमासान मच गया है। पांच वार्ड की सफाई व्यवस्था ठेके पर दिए जाने के बाद इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारी इधर से उधर किए जाने को लेकर मेयर डॉ. उमेश गौतम ने मनमानी बताते हुए सवाल उठाते हुए पत्र दौड़ा दिए हैं। ट्रांसफर मामले में एससी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया भी नाराज बता जा रहे हैं।

मेयर का कहना है कि आयोग सदस्य व राष्ट्रीय सफाई संघ के प्रदेश महामंत्री उमेश कठेरिया की बात भी नहीं मानी गई। जब उन्होंने इसे लेकर निर्देश दिए, तो भी मनमनी की गई। उन्होंने नगरायुक्त को पत्र लिख स्वास्थ्य अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। मेयर डॉ. गौतम ने बताया कि पांच वार्डों में सफाई व्यवस्था ठेके पर किए जाने के बाद यहां तैनात कर्मचारियों को दूसरे जगह भेजने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.भानु प्रकाश ने मर्जी से ट्रांसफर लिस्ट जारी कर दी, जो सीधे तौर पर अनुशासनहीनता है। दूसरी ओर, सफाई कर्मचारियों ने भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर तानाशाही रवैय्या अपनाने का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। सफाई संघ ने उनके ही तबादले की मांग उठा दी है। वहीं, नगर स्वास्थ्य नियम के तहत भी तबादले की बात कह रहे हैं।

> कुछ समय पहले शहर के पांच वार्डों की सफाई ठेके पर दी गई थी। इनमें कुछ लोगों को दूसरे वार्ड में भेजने के लिए कहा गया था, लेकिन नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देश नहीं माने। फोन पर जानकारी ली तो अपर नगर आयुक्त के पाले में गेंद डाल दी गई। - डा. उमेश गौतम, मेयर

> सभी ट्रांसफर नियमानुसार हुए हैं। मेयर ने फोन पर जानकारी मांगी थी, उनको भी स्पष्ट कर दिया गया है। पांच वार्डों से हटाए जाने के बाद दूसरे वार्डों में सफाई कर्मियों की तैनाती किए जाने की जानकारी अपर नगर आयुक्त के संज्ञान में भी है।
> -**डा. भानु प्रकाश**, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

बांद्रा-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन कल से

बरेली: गर्मी के मौसम में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने बांद्रा टर्मिनस से गोरखपुर के बीच एक जोड़ी अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन लंबी दूरी के यात्रियों, खासकर मजदूरों और सामान्य श्रेणी में सफर करने वालों के लिए राहत पहुंचाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 09157 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित विशेष ट्रेन तीन मई को रात 00:30 बजे बांद्रा टर्मिनस से रवाना होगी। यह ट्रेन बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, सीतापुर, गोण्डा, बस्ती और खलीलाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों से होते हुए अगले दिन शाम 5:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी

नयी दिल्ली। जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान लैबोरेटरीज और स्टील ट्यूब्स व पाइप विनिर्माता आरके स्टील मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 3 मई 2026
www.amritvichar.com

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन :- तुलसी 2565, राज श्री 1920, फ़ॉर्चून कि. 2695, रविन्द्रा 2480, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2070, सचिन 2320, सूरज 2080, अवसर 2130, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 2170, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2285, चक्र टिन 2535, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2520
किराना :- निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
चावल (प्रति कु0) :- डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400
दाल दलहन :- मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
चीनी :- द्वारकेश 4300, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4250

बरेली सर्राफा

दाम प्रति 10 ग्राम - सोना पक्के आभूषण 152800, सोना गिन्नी जेव 148800, चांदी (पक्की) 2490 (अनुमानित)

बिजनेस ब्रीफ

कोटक महिंद्रा बैंक का मुनाफा 10 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 10% बढ़कर 5,423 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 4,933 करोड़ रुपये था। चौथी तिमाही में एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 4,027 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय आठ प्रतिशत बढ़कर 7,876 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले 7,284 करोड़ रुपये थी।

कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी से देश भर में नाराजगी

बढ़ेगी महंगाई और कालाबाजारी, कटेगी पब्लिक की जेब

कारोबार डेस्क

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साइड इफेक्ट दिखायी देने लगे हैं। इस मूल्यवृद्धि को लेकर देश भर के लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश और समूचे उत्तर प्रदेश में हालात एक जैसे हैं। होटल रेस्तरां संचालक इससे महंगाई बढ़ने की आशंका से ग्रस्त हैं।

बता दें कि एक दिन पहले सरकार द्वारा वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के बीच लगातार तीसरे महीने कीमतों में इजाफा किया गया है।

नई दिल्ली में नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मानद कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि रेस्तरां पहले से ही आपूर्ति संबंधी चुनौतियों और

बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं। सिलेंडर की उपलब्धता में कठिनाई है और कई असंगठित क्षेत्रों में कालाबाजारी भी बढ़ रही है। कहा कि जो कीमत पहले करीब 1,600 रुपये थी और छूट के साथ 1,300 रुपये तक आ जाती थी, वह अब बढ़कर 3,000 से 4,000 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

मध्यम आकार के एक रेस्तरां को रोजाना दो से पांच सिलेंडर की जरूरत होती है, जिससे लागत पर भारी दबाव पड़ रहा है। सिंह ने कहा कि छोटे प्रतिष्ठानों के लिए स्थिति और कठिन हो सकती है।

एसोसिएशन ने रेस्टोरेंट्स को दीर्घकालिक समाधान के रूप में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) कनेक्शन की ओर जाने की सलाह दी है।

पश्चिमी दिल्ली के एक रेस्तरां संचालक ने कहा कि यह स्थिति लंबी चली तो मेन्यू की कीमतें बढ़ानी पड़ेंगी।

उत्तरी दिल्ली के एक अन्य संचालक ने कहा कि सिर्फ खर्चों में कटौती से काम नहीं चलेगा और ईंधन कीमतें ऊंची रहीं तो व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला में वाणिज्यिक एलपीजी कीमतों में भारी बढ़ोतरी की आलोचन हो रही है। यहां 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत बढ़कर अब 3,071 रुपये हो गई है, जबकि पांच किलोग्राम सिलेंडर का दाम 549 रुपये से बढ़कर 810 रुपये हो गया है, जो करीब 48 प्रतिशत वृद्धि है।

होटल, रेस्तरां या फिर मिष्ठान भंडार संचालक, सभी का कहना कि पिछले दिनों मूल्य बढ़ने से पहले हम इसी कीमत में पहले दो सिलेंडर ले लेते थे। इसका असर सिर्फ ग्राहकों पर ही नहीं बल्कि पर्यटकों पर भी पड़ेगा क्योंकि कीमतों का बोझ अंततः उपभोक्ताओं की जेब पर ही डाला जाएगा। इससे कारोबार पर भी असर पड़ेगा।

रेस्टोरेंट और अन्य उत्पदों पर होगा असर

कानपुर। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में की गयी बढोतरी शहर के फूड सेक्टर सहित अन्य उद्योगों को प्रभावित करेगी। बाजार विशेषज्ञ रेस्टोरेंट और दुकानों में मिलने वाले पकवान भी महंगे होने की संभावना जता रहे हैं। फिलहाल माना जा रहा था कि कॉमर्शियल सिलेंडर की कमी के दूर होने पर दामों में वृद्धि कम होगी, लेकिन सिलेंडर के रेट बढ़ने के बाद अब यह उम्मीद भी टूट गई है।

निवेश की पाठशाला

पार्टनर कैसे बिगाड़ सकता है आपका CIBIL स्कोर

कारोबार डेस्क

शादी के बाद जब दो लोग एक होते हैं तो उनकी संपत्ति और विपत्ति भी आपस में जुड़ जाती है, लेकिन पति-पत्नी की क्रेडिट रिपोर्ट अपने आप गठबंधन नहीं करती। दोनों का वित्तीय इतिहास तब तक अलग-अलग ही रहता है, जब तक वे दोनों मिलकर कोई ज्वाइंट अकाउंट नहीं चलाते या संयुक्त रूप से कोई ऋण या क्रेडिट कार्ड साझा नहीं करते हैं। यदि करते हैं तो एक का खराब फाइनेंसियल विहैवियर दूसरे क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करता है। आईए समझते हैं-

अच्छा क्रेडिट स्कोर क्यों जरूरी

क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच की वह संख्या है जो कर्ज देने वाली संस्था को आपके वित्तीय व्यवहार की जानकारी देती है। लेकिन विशेष बात ये कि ये स्थिर नहीं रहता। अपने वित्तीय व्यवहार में बदलाव कर आप खराब क्रेडिटस्कोर से सुधार सकते हैं। इसके लिए आपको 6 माह से एक साल पर अति अनुशासित रहना होता है।

शादी के बाद क्रेडिट इतिहास जुड़ने की शर्त

- शादी का गठबंधन आपकी क्रेडिट रिपोर्ट को आपस में नहीं जोड़ता। यह कब एक-दूसरे पर असर डालता है, इसके लिए कुछ विशेष परिस्थितियां होती हैं। कुछ यहां दी जा रही हैं-
- **अलग खाते :** अगर पति-पत्नी अपने खाते और लोन अलग रखते हैं, तो एक-दूसरे की वित्तीय गतिविधियों का परस्पर क्रेडिट रिपोर्ट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
- **शादी से पहले का ऋण :** शादी से पहले लिया गया कोई भी ऋण केवल लेने वाले के नाम पर ही रहता है, जब तक कि उसे संयुक्त रूप से दोबारा फाइनेंस न किया जाए।
- **ज्वाइंट लोन :** जब आप कोई ज्वाइंट लोन लेते हैं, वह दोनों की रिपोर्ट में दिखने लगता है।
- **गारंटर या को-साइनर बनना :** जब आप किसी के लोन में को-साइनर बनते हैं, तो आप उस कर्ज के लिए कानूनी रूप से उत्तरदायी बन जाते हैं। इससे आपके स्कोर पर सीधा असर पड़ता है।

क्रेडिट स्कोर का 5 'C' फॉर्मूला :

- बैंक आपकी साख को मापने के लिए अक्सर 5 चीजों पर ध्यान देते हैं :

1- Character (चरित्र) : यह आपके पुराने पुनर्भुगतान इतिहास और अनुशासन से तय होता है।
2- Capacity (क्षमता) : आय और रोजगार की स्थिरता के आधार पर कर्ज चुकाने की ताकत।
3- Capital (पूंजी) : आपकी बचत, निवेश और व्यक्तिगत संपत्ति का आकलन।
4- Collateral (गारंटी) : वह संपत्तियां जिन्हें आप ऋण के लेते समय गिरवी रख सकते हैं।
5- Conditions (शर्तें) : लोन का उद्देश्य और स्थितियां जो अदायगी को प्रभावित कर सकती हैं।

काम की बात

- शादी के बाद अपनी वित्तीय स्वतंत्रता बनाए रखते हुए संयुक्त लक्ष्यों को प्राप्त करना एक आर्ट है। पति या पत्नी का खराब सिबिल स्कोर यूं ही आपका खाता नहीं बिगाड़ता। जब आप संयुक्त रूप से ऋण लेते हैं तो इसकी अदायगी में अतिरिक्त सावधानी जरूरी हो जाती है। किसी एक की चूक दूसरेका क्रेडिट स्कोर बिगाड़ सकती है। इसलिए अपनी मुफ्त क्रेडिट रिपोर्ट जरूर चेक करते रहे, ताकि शारीरिक, मानसिक के साथ वित्तीय सेहत भी सही रहे।

यूपी के स्वास्थ्य विभाग को 12 अरब का बजट

सुधरेगी अस्पतालों की व्यवस्था, सेवाओं को मिलेगी मजबूती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (सार्वजनिक स्वास्थ्य) के अंतर्गत प्रावधानित बजट में विभिन्न योजनाओं और मदों में व्यय के लिए 12 अरब 4 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस बजट से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, अस्पतालों की कार्यप्रणाली सुधारने और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने में मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग में सचिव रितु माहेश्वरी द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी आदेश के अनुसार, कार्यालय व्यय के लिए 25 करोड़ 48 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए 18 करोड़ 61 लाख 41 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य तथा खाद्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग के लिए सबसे अधिक 11 अरब 11 करोड़ 11 लाख 79 हजार रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए 31 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण योजनाओं के लिए 8 करोड़ 70 लाख 19 हजार रुपये तथा जन्म-मरण पंजीकरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए 9 करोड़ 1 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के लिए भी 22 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक का मानना है कि इस बजट से प्रदेश में अस्पतालों की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी, दवाओं की उपलब्धता में सुधार आएगा और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही, प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र को मजबूत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।

- कार्यालय व्यय के लिए 25 करोड़ 48 लाख
- परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए 18 करोड़ 61 लाख
- वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए 31 करोड़ 50 लाख का प्रावधान
- खाद्य एवंऔषधि प्रशासन के लिए 22 लाख रुपये

एक्सिस बैंक की पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा शुरू

नयी दिल्ली, एजेंसी। निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने शनिवार को यहां अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। एक्सिस बैंक ने बयान में कहा कि यह शाखा सुरक्षित बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है।

इसमें उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया गया है। इस शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी और कार्यकारी निदेशक मुनीश शारदा की उपस्थिति में किया।

बयान के अनुसार, भारत में सुरक्षित जमा लॉकर की उपलब्धता और मांग के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है, खासकर घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में। अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2030 तक देश में लगभग छह करोड़ संपन्न लोगों को बैंक लॉकर की आवश्यकता होगी, जबकि वर्तमान में करीब 60 लाख लॉकर ही उपलब्ध हैं। यह अंतर बड़े शहरों में और अधिक स्पष्ट है, जहां शहरी आवास तेजी से 'गेटेड' रिहायशी परिसरों पर केंद्रित हो रहा है।

'मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड' पर न्यूनतम आयात मूल्य 30 सितंबर तक बढ़ा

नयी दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने 'वर्जिन मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड (वीपीबी)' के आयात पर लागू न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को 30 सितंबर, 2026 तक बढ़ा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (एमआईपी) की ओर से जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है।

34 साल पुरानी स्पिरिट एयरलाइंस बंद, 17 हजार नौकरियों पर संकट

खत्म हुआ बेहद सस्ती हवाई दरों के लिए चर्चित कंपनी का सफर

वेस्ट पाम बीच, एजेंसी

अमेरिका की प्रमुख किफायती विमानन सेवा प्रदाता 'स्पिरिट एयरलाइंस' ने शनिवार को अपना कारोबार पूरी तरह बंद करने की घोषणा की। अपने अनूठे विज्ञापनों और बेहद सस्ती हवाई दरों के लिए चर्चित इस कंपनी का सफर 34 साल बाद समाप्त हो गया है।

चमकीले पीले रंग के विमानों का संचालन करने वाली इस कंपनी ने बताया कि उसने तत्काल प्रभाव से अपने परिचालन को व्यवस्थित रूप से बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस एयरलाइन में लगभग 17,000 कर्मचारी काम करते थे।

एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि उसकी सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कंपनी ने कहा कि हमें पिछले 34 वर्षों के दौरान उद्योग पर अपने 'अति-निम्न लागत मॉडल' के प्रभाव पर गर्व है। हमें उम्मीद थी कि हम आने वाले कई वर्षों तक यात्रियों की सेवा करते रहेंगे। यात्रियों से कहा कि वे धन वापसी की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन दूसरी एयरलाइन में यात्रा के लिए कोई सहायता नहीं दी जाएगी। शुक्रवार को सरकार की ओर से कोई वित्तीय पैकेज न मिलने के बाद से ही कंपनी के बंद होने की आशंका जताई जा रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि उनकी सरकार ने इस बजट एयरलाइन को सरकारी धन से बचाने के लिए अंतिम प्रस्ताव दिया था, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। ईरान युद्ध के कारण विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच एयरलाइन दो साल से भी कम समय में दूसरी बार दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही थी। एयरलाइन के वकील मार्शल ह्यूब्नर के अनुसार, इस बंदी से लगभग 17,000 नौकरियों पर असर पड़ सकता है।

तत्काल प्रभाव से सभी उड़ानें रद्द

कोविड के बाद से संकट से जूझ रही थी एयरलाइन

स्पिरिट एयरलाइंस कोविड-19 महामारी के बाद से ही बढ़ती परिचालन लागत और कर्ज के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही थी। नवंबर 2024 में जब इसने पहली बार 'चैप्टर 11' (दिवालिया संरक्षण) के लिए आवेदन किया था, तब तक इसे 2020 की शुरुआत से 2.5 अरब डॉलर से अधिक का घाटा हो चुका था। अगस्त 2025 में कंपनी ने दोबारा दिवालिया संरक्षण के लिए आवेदन किया। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, उस समय कंपनी पर 8.1 अरब डॉलर का कर्ज था।

चीनी हिस्सेदारी वाली कंपनियों के लिए फेमा एफडीआई नियमों में ढील, अधिसूचना जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से उन विदेशी कंपनियों को फेमा के तहत स्वचालित मार्ग से भारत में निवेश करने की अनुमति देने के फैसले को अधिसूचित किया है, जिनमें चीन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च में डीपीआईआईटी के 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधनों को मंजूरी दी थी।

इन संशोधनों के अनुसार, जिन विदेशी कंपनियों में चीन या हांगकांग की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है, वे उन क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश कर सकती हैं, जहां एफडीआई की अनुमति है, जो क्षेत्रीय शर्तों के अधीन होगा।

हालांकि, यह रियायत चीन, हांगकांग या भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने मार्च में प्रेस नोट 2 (2026 श्रृंखला) के माध्यम से इसे अधिसूचित किया था।

आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) की अधिसूचना के अनुसार, लाभकारी स्वामी अभिव्यक्ति का वही अर्थ होगा जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (एफए) में दिया गया है।

पीएमएलए नियम के अनुसार नियंत्रणकारी स्वामित्व हित का अर्थ कंपनी के 10 प्रतिशत से अधिक शेयरों या पूंजी या लाभ पर स्वामित्व या पात्रता से है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 तक भारत में आए कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में केवल 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) के साथ चीन 23वें स्थान पर है।

रूफटॉप सोलर में यूपी ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पांच लाख से ज्यादा संयंत्र लगे, 65 हजार से अधिक लोगों को मिला रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश ने रूफटॉप सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नया रिकॉर्ड कायम करते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में अब तक 5,00,115 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

इस अभियान के तहत कुल 8,94,217 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बड़ी संख्या में संयंत्रों की स्वीकृति और स्थापना पूरी की गई। इससे राज्य में 1,696.68 मेगावाट की क्षमता तैयार हुई है, जो ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार ने 3,038.08 करोड़ रुपये और राज्य सरकार ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी प्रदान की है। अधिकारियों के अनुसार, इन संयंत्रों से प्रतिदिन करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य की बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की लागत घटी है और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई है।

रोजगार के मोर्चे पर भी योजना का सकारात्मक असर दिखा है। करीब 5,000 कंपनियों के माध्यम से 65,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं।

साथ ही, छतों पर संयंत्र लगाने से लगभग 6,500 एकड़ भूमि का संरक्षण भी संभव हुआ है।

स्थापना की रफ्तार ने बनाया रिकॉर्ड

अप्रैल 2026 में महज 30 दिनों के भीतर 51,882 संयंत्र स्थापित किए गए, जो अब तक का सबसे तेज प्रदर्शन है। इस दौरान औसतन 1,729 संयंत्र प्रतिदिन लगाए गए, जबकि मार्च में यह औसत 1,700 था। ऊर्जा क्षेत्र में इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश ने देश में अपनी अग्रणी स्थिति और मजबूत कर ली है।

इंवेस्टमेंट

उत्तर प्रदेश ने सोना-चांदी निवेश में लगाई लंबी छलांग

गोल्ड में 321 और सिल्वर ईटीएफ में 679 प्रतिशत का जबरदस्त बूम

कारोबार संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सोने-चांदी के आसमान छूते भाव, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) निवेशकों का पंसदीदा सेक्टर बनकर उभरा है। एसोशिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड (एम्फी) के पिछले एक साल के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ में जबरदस्त बूम आया है।

गोल्ड में 321 फीसदी और सिल्वर में 679 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया है। इस अप्रत्याशित निवेश से बाजार के जानकार भी हैरान हैं। ईटीएफ निवेश में लखनऊ प्रथम तो कानपुर दूसरे स्थान पर है। आगरा तीसरे, वाराणसी चौथे और प्रयागराज पांचवें स्थान पर है। एम्फी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में अब तक गोल्ड ईटीएफ में 178521.79 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है।

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार इसमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 2703.37 करोड़ रुपये है, जो 1.15 प्रतिशत है। सिल्वर व अन्य ईटीएफ में कुल निवेश 930915.21 करोड़ रुपये है। इसमें प्रदेश का हिस्सा 0.67 प्रतिशत है। देश स्तर पर ये आंकड़ा भले ही कम हो लेकिन मार्च 2025 के मुकाबले मार्च 2026 में यूपी में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 642 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,703 करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह सिल्वर ईटीएफ में 167 करोड़ से बढ़कर 1,299 करोड़ रुपये तक निवेश हो चुका है।

इसलिए बढ़ रहा ईटीएफ में निवेश

इस तेजी के पीछे कई कारण हैं। पहला, गोल्ड और सिल्वर को सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है, लेकिन सोने-चांदी की तेजी ने छोटे निवेशकों की पहुंच से दूर कर दिया है। इसलिए छोटे निवेशक ईटीएफ के माध्यम से सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। इससे उनको सोने-चांदी के बराबर ही रिटर्न मिलता है। दूसरी वजह डिजिटल युग में ऑनलाइन खरीद-बिक्री आसान है। बाजार का जोखिम भी कम रहता है।

उत्तर प्रदेश में ईटीएफ निवेश (करोड़ रुपये में)

योजना	मार्च-26	मार्च-25	वृद्धि	प्रतिशत
गोल्ड	2,703	642	2,061	321%
सिल्वर	1,299	167	1,132	679%
अन्य	6,234	4,075	2,159	53%

टॉप 5 शहरों में मार्च तक निवेश (करोड़ रुपये में)

शहर	गोल्ड	सिल्वर	अन्य ईटीएफ
लखनऊ	394	189	909
कानपुर	268	129	619
वाराणसी	126	60	290
आगरा	131	63	303
प्रयागराज	108	52	250

सोने और चांदी की गिनती अब सिर्फ गहनों के तौर पर नहीं होती है, ये निवेश पोर्टफोलियो का हिस्सा बन चुके हैं। इसी वजह से छोटे और मझोले शहरों के भी निवेशक ईटीएफ के माध्यम से सोना और चांदी तेजी से खरीद रहे हैं। प्रदेश में इस तरह की तेजी अप्रत्याशित है।
–**राजीव सिंह**, आर्थिक विशेषज्ञ।

वर्ल्ड ब्रीफ

घाना का अमेरिकी समझौता नामंजूर

अकरा। घाना ने डेटा की गोपनीयता संबंधी चिंताओं के कारण अमेरिका के साथ प्रस्तावित स्वास्थ्य समझौते को ठुकरा दिया है और अब वह एक नए समझौते पर बातचीत करना चाहता है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले भी कई अफ्रीकी देश डेटा साझा करने को लेकर चिंताओं के कारण इस समझौते से पीछे हट चुके हैं। घाना के डेटा संरक्षण आयोग के कार्यकारी निदेशक अर्नोल्ड कावारपुओ के अनुसार, इस समझौते में ऐसे प्रावधान हैं जिनसे अमेरिकी संस्थाओं को जरूरी सुरक्षा उपायों के बिना घाना के स्वास्थ्य संबंधी संवेदनशील आंकड़ों तक पहुंच मिल सकती है। कावारपुओ ने कहा कि समझौते के तहत डेटा तक जिस स्तर की पहुंच मांगी गई थी, वह जरूरी मानी जाने वाली सीमा से कहीं अधिक थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय द्विपक्षीय वार्ता का ब्योरा सार्वजनिक नहीं करता।

ऑस्कर ट्रॉफी को एयरलाइन ने खोजा

लंदन। जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने कहा कि उसने रूसी फिल्म निर्माता पाशा तालनकिन की ऑस्कर पुरस्कार प्रतिमा का पता लगा लिया है, जो न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा संभावित हथियार के रूप में चिह्नित किये जाने के बाद गुम हो गई थी। इस साल मार्च में अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म "मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन" के सह-निर्देशक तालनकिन बुधवार को न्यूयॉर्क से फ्रैंकफर्ट की अपनी यात्रा के दौरान ट्रॉफी के गायब हो जाने के बाद सदमे में थे। शुक्रवार शाम को एयरलाइन ने कहा कि ट्रॉफी मिल गई है और इसे जितनी जल्दी हो सके तालनकिन को लौटा दिया जाएगा।

आइकॉन्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी शुरू

लंदन। मैडम तुसाद संग्रहालय ने इस सप्ताह अपने लंदन मुख्यालय में आइकॉन्स ऑफ इंडिया नाम से एक उत्सव की शुरुआत की, जिसमें सिनेमा और क्रिकेट जगत की भारतीय हस्तियों के मोम के पुतलों को एक साथ प्रदर्शित किया गया। सीमित समय के लिए आयोजित यह प्रदर्शनी में भारतीय अभिनेताओं और क्रिकेटरों की मोम की 13 मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। मई और जून के महीनों के लिए, इस क्षेत्र को भारतीय संस्कृति से प्रेरित एक जीवंत स्थान में रूपांतरित किया गया है, जहां आगंतुक अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर सहित कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों की मोम की मूर्तियों को देख सकते हैं।

राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक पर पंजाब में दो प्राथमिकी दर्ज

चंडीगढ़, एजेंसी

- हाल ही में पाठक ने आप छोड़कर थामा था भाजपा का दामन

हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब पुलिस ने प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पाठक के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। हालांकि इन प्राथमिकियों के बारे में अभी कोई और विवरण सामने नहीं आया है। पाठक उन सात राज्यसभा सदस्यों में शामिल हैं, जिन्होंने आप छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। आप को 24 अप्रैल को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके 10 राज्यसभा सदस्यों में से सात- पाठक, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजिन्दर गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल ने यह आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी थी कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी अपने सिद्धांतों, आदर्शों से भटक गई है।

गुजरात में छात्र पढ़ेंगे मोदी तत्व और आरएसएस का इतिहास

वडोदरा, एजेंसी

- बड़ोदरा के एक विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम में शामिल किया

गुजरात के वडोदरा स्थित एक विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर आधारित पाठ मोदी तत्व और आरएसएस के इतिहास संबंधी पाठ को अपने समाजशास्त्र के पाठ्यक्रम में शामिल किया है, ताकि समाज पर उनके प्रभाव का अध्ययन किया जा सके।

समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में देशभक्ति का समाजशास्त्र नामक नए पाठ्यक्रम को जोड़ा है, जिसका उद्देश्य 'मोदी तत्व' और छत्रपति शिवाजी महाराज व सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय जैसे समाज सुधारकों के कार्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण करना है। उन्होंने कहा कि चाहे आप इसे पसंद करें या न करें, आपको राजनीतिक क्षेत्र और नेतृत्व की भूमिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चर्चा करनी ही होगी। वह एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जो लंबे समय तक प्रभावी रहेंगे। हम समाजशास्त्री मैक्स वेबर के करिश्माई नेतृत्व का अध्ययन करना चाहते थे, जो महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग में देखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी में भी उसी तरह का करिश्माई नेतृत्व दिखाई देता है। यह एक वैज्ञानिक विषय है जिसका विश्लेषण आवश्यक है।

सिंह नीति आयोग की सार्वजनिक परियोजनाओं की निगरानी से जुड़े 'प्रोजेक्ट' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि 'मोदी तत्व' में मीडिया और डिजिटल राष्ट्रवाद, नागरिकता और असहमति, और वैश्वीकरण और पहचान की राजनीति जैसे विषयों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं। सिंह ने कहा कि ये तीनों भाग मोदी तत्व की अवधारणा पर वैज्ञानिक रूप से काम करेंगे और इस बारे में अध्ययन करेंगे कि वह इतने प्रसिद्ध क्यों हो रहे हैं, उनकी स्वीकार्यता इतनी व्यापक कैसे है, और भारत में सबसे लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के पीछे उनमें क्या खास बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियां, जैसे कि नोटबंदी, डिजिटल क्रांति, फास्टैग, जल शक्ति मंत्रालय आदि, यह दर्शाती हैं कि वे लोगों की इच्छाओं को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, और शायद यही कारण है कि उन्हें लोगों का इतना समर्थन मिलता है।

सिंह ने बताया कि देशभक्ति का समाजशास्त्र मॉड्यूल में चार प्रश्नपत्र होंगे, जिनमें से प्रत्येक के लिए 15 घंटे का शिक्षण कार्य होगा। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रम का विचार तब आया जब विभाग के एमए के छात्र नीति आयोग द्वारा सार्वजनिक नीतियों की निगरानी के हिस्से के रूप में दूरदराज के गांवों में सर्वेक्षण कर रहे थे।

होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही के लिए ईरान को यदि भुगतान किया तो लगेगा प्रतिबंध

होर्मुज पर नियंत्रण के लिए जारी टकराव के बीच अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेताया

दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करने पर उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव के बीच अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) द्वारा शुक्रवार को दी गई चेतावनी ने दबाव और बढ़ा दिया है। आम तौर पर शांति के समय दुनिया के तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद जहाज़ों पर हमले की धमकियां देकर और हमले करते हुए जलडमरूमध्य को सामान्य यातायात के लिए लगभग बंद कर दिया। बाद में उसने कुछ जहाजों को अपनी तटरेखा के करीब वैकल्पिक मार्गों से मोड़कर सुरक्षित मार्ग प्रदान करना शुरू किया, और कई बार इस सेवा के लिए शुल्क भी वसूला। अमेरिका की प्रतिबंध चेतावनी का मुख्य केंद्र यह टोलबूथ जैसी व्यवस्था है। ओएएफसी के अनुसार, भुगतान की मांगों में केवल नकद ही नहीं, बल्कि डिजिटल परिसंपत्तियां, समायोजन (ऑफसेट), अनौपचारिक अदला-बदली, या अन्य प्रकार के वस्तु-आधारित भुगतान भी शामिल हो सकते हैं, जिनमें परमार्थ दान और ईरानी दूतावासों में किए जाने वाले भुगतान भी शामिल हैं। ओएफएसी ने कहा कि वह यह चेतावनी इसलिए जारी कर रहा है ताकि अमेरिकी और गैर-अमेरिकी व्यक्तियों को इस बात से अवगत कराया जा सके कि ईरानी शासन को सुरक्षित मार्ग के लिए भुगतान करने या उससे गारंटी की मांग करने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी स्पष्ट किया कि ये जोखिम भुगतान के किसी भी तरीके पर लागू होते हैं। अमेरिका ने 13 अप्रैल को ईरान द्वारा जलडमरूमध्य बंद किए जाने के जवाब में अपनी ओर से एक नौसैनिक नाकाबंदी लागू की, जिससे किसी भी ईरानी तेल टैंकर को बाहर जाने से रोका गया और ईरान को उसकी कमजोर अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए आवश्यक तेल राजस्व से वंचित कर दिया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि नाकाबंदी शुरू होने के बाद से 45 वाणिज्यिक जहाजों को वापस जाने को कहा गया है।

चीन स्थित कच्चे तेल टर्मिनल पर प्रतिबंध लगाए

वाशिंगटन। अमेरिका ने चीन स्थित एक कच्चे तेल टर्मिनल संचालक पर ईरानी संस्थाओं से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करने पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ईरान के अवैध तेल व्यापार को बाधित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। यह व्यापार ईरानी शासन की आय का मुख्य स्रोत है, जिससे आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता को वित्तीय मदद मिलती है। पिगॉट ने कहा कि मंत्रालय ने ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार में शामिल कई संस्थाओं, एक व्यक्ति और एक पोत पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस कार्रवाई के तहत चीन स्थित पेट्रोलियम टर्मिनल संचालक क्विंगदाओ हाइये ऑयल टर्मिनल कंपनी लिमिटेड को निशाना बनाया गया है। इस कंपनी ने करोड़ों बैरल प्रतिबंधित ईरानी कच्चे तेल का पिछले साल फरवरी से आयात किया है। अमेरिका ने चीनी नागरिक और क्विंगदाओ हाइये के अध्यक्ष शिंगचुन ली तथा दो पोत प्रबंधन कंपनियों-ब्रिटेन स्थित थ्राइविंग टाइम्स इंटरनेशनल व हांगकांग स्थित ऑनबोर्ड शिप मैनेजमेंट लिमिटेड-पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

ड्रोन के माध्यम से रूस के अंदरूनी क्षेत्र में तेल संयंत्रों को निशाना बना रहा यूक्रेन

मास्को। यूक्रेनी ड्रोन रूस के अंदरूनी इलाकों में तेल संयंत्रों को निशाना बना रहे हैं जिससे धुएं के बड़े गुबार उठ रहे हैं जिन्हें अंतरिक्ष से भी देखा जा सकता है और काला सागर के पर्यटन स्थलों पर विषैली बारिश भी हो रही है। इन हमलों का उद्देश्य रूस के तेल निर्यात को कम करना है क्योंकि तेल निर्यात यूक्रेन पर निरंतर रूसी आक्रमण के लिए धन का एक प्रमुख स्रोत है। हालांकि आर्थिक प्रभाव अभी तक स्पष्ट नहीं है, क्योंकि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से क्रेमलिन के खजाने में वृद्धि हुई है। फिर भी, हमलों की व्यापकता और उनके पर्यावरणीय प्रभाव से युद्ध का असर मोर्चे से दूर आम रूसियों तक पहुंच रहा है। यूक्रेन के ड्रोन ने दो सप्ताह से भी कम समय में चार बार काला सागर के किनारे तुआपसे शहर में तेल रिफाइनरी और निर्यात टर्मिनल को निशाना बनाया है, जिससे आग लग गई और स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। यह शहर सीमा से करीब 450 किलोमीटर की दूरी पर है। यूक्रेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रूस के पर्म क्षेत्र में एक तेल पंपिंग स्टेशन पर लगातार दो दिनों तक हमला किया है। यह क्षेत्र यूक्रेन से 1,500 किलोमीटर (900 मील) से अधिक दूर है। रूसी मीडिया ने इन हमलों की खबर दी।

जबलपुर क्रूज हादसे में दिल्ली के परिवार के तीन लोगों की मौत की सूचना घर पहुंची तो महिलाएं बिलख पड़ीं, उन्हें संभालती और ढांढस बंधाती आस-पड़ोस की महिलाएं।

दिल्ली के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत, गृह प्रवेश में गए थे जबलपुर

नई दिल्ली, एजेंसी

जबलपुर क्रूज हादसा

- दिल्ली लौटने से पहले बरगी बांध घूमने गया था परिवार, हो गया हादसे का शिकार

मध्यप्रदेश में गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गए दिल्ली के एक परिवार की यात्रा नर्मदा नदी के बरगी जलाशय में क्रूज के पलटने के कारण दर्दनाक हादसे में बदल गई। इस दुर्घटना में परिवार के छह में से तीन सदस्यों की मौत हो गई। परिजन के अनुसार, दिल्ली कैंट क्षेत्र का मैसी परिवार मंगलवार को जबलपुर में एक रिश्तेदार के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के बाद उन्होंने दिल्ली लौटने से पहले घूमने का फैसला किया।

बृहस्पतिवार शाम, परिवार करीब 40 यात्रियों के साथ मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित क्रूज पर सवार हुआ, जो बरगी बांध पर तेज हवाओं और ऊंची लहरों के कारण असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में मरीना (39), उनका चार वर्षीय बेटा त्रिशन उर्फ जहां, मरीना की मां मधुर मैसी (62) की मौत हो गई। वहीं मरीना के पति प्रदीप, 14 वर्षीय बेटी सिया उर्फ पीहू और मरीना के पिता जूलियस मैसी (65) बच गए। मरीना के भाई कुलदीप मोहन ने बताया, मेरे माता-पिता, बहन, उसके बच्चे और जीजा जबलपुर गए थे। उन्हें बृहस्पतिवार को लौटना था, लेकिन वे भ्रमण पर चले गए और यह हादसा हो गया। घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य क्रूज के ऊपरी हिस्से में थे, तभी अचानक मौसम खराब हो गया। उन्होंने कहा, मेरी बहन वीडियो कॉल पर हमें नजारा दिखा रही थी। अचानक सब बदल गया। वह मुझे बचा लो...मुझे बचा लो कहकर रो रही थी और फिर फोन कट गया। उन्होंने बताया कि लहरें तेज हो गईं और क्रूज डगमगाने लगा। मोहन ने कहा, ऊपरी मंजिल से लोग नीचे भागे। क्रूज बुरी तरह हिल रहा था और पानी अंदर जाने लगा था। तब मेरे जीजा प्रदीप ने तुरंत जीवन रक्षक जैकेट ढूंढनी शुरू की। प्रदीप ने जीवनरक्षक जैकेट निकालकर यात्रियों में बांटनी शुरू की, कुछ लोगों ने जैकेट पहनी, जबकि कुछ डर के कारण पानी में कूद गए। इस हादसे में मृतकों की संख्या 10 हो गई है।

पेड़-पौधे भी करते हैं आपस में संवाद

जंगल का इंटरनेट

जंगल के सन्नाटे में हमें लगता है कि पेड़ बस शांत खड़े हैं, लेकिन ज़मीन के नीचे एक हलचल भरा संसार है। जिस तरह हम इंटरनेट और सोशल मीडिया के ज़रिए एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं, पेड़ भी आपस में संवाद करते हैं, संसाधन साझा करते हैं और एक-दूसरे की मदद करते हैं। इसे वैज्ञानिकों ने 'वुड वाइड वेब' का नाम दिया है। जब हम किसी जंगल में चलते हैं, तो हम केवल उनकी टहनियों और पत्तों को देखते हैं। लेकिन असली जादू हमारी नज़रों से ओझल, मिट्टी के नीचे होता है। पेड़ों का यह सोशल नेटवर्क वास्तव में कवक के धागेनुमा जाल और पेड़ों की जड़ों के बीच का एक सहजीवी संबंध है।



नेटवर्क का बुनियादी ढांचा

पेड़ की जड़ें : जो डेटा और संसाधनों के 'हब' की तरह काम करती हैं। **माइसेलियम :** जो 'फाइबर ऑप्टिक केबल' की तरह काम करता है, संदेशों और पोषक तत्वों को एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक पहुँचाता है। पेड़ फोटोसिंथेसिस के ज़रिए चीनी (शुगर) बनाते हैं और इसका कुछ हिस्सा इन कवक को देते हैं।

करोड़ों वर्ष पुराना...पेड़ों का सोशल नेटवर्क

पेड़ों का यह सोशल नेटवर्क आज का नहीं, बल्कि करोड़ों साल पुराना है। इस नेटवर्क के केंद्र में 'माइसेलियम' नाम के बारीक कवक तंतु होते हैं। ये तंतु इतने महीन होते हैं कि मिट्टी के एक चम्मच हिस्से में कई मील लंबे तंतु हो सकते हैं। ये कवक पेड़ों की जड़ों से जुड़कर एक ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार करते हैं जो पूरे जंगल को एक एकल इकाई के रूप में जोड़ देता है। इस नेटवर्क की खोज ने पारिस्थितिकी तंत्र (ईको सिस्टम) को देखने का हमारा नज़रिया बदल दिया है। पहले माना जाता था कि पेड़ संसाधनों (धूप, पानी, खनिज) के लिए आपस में केवल प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन 'वुड वाइड वेब' की खोज ने साबित किया कि पेड़ आपस में सहयोग करते हैं। वे न केवल भोजन (शुगर) साझा करते हैं, बल्कि आने वाले खतरों जैसे कि कीटों के हमले या सूखे की चेतावनी भी एक-दूसरे को भेजते हैं।

मदर ट्री : जंगल के मुख्य सर्वर

- जंगल के इस नेटवर्क में सबसे पुराने और बड़े पेड़ों की भूमिका 'मदर ट्री' जैसी होती है। ये नेटवर्क के सबसे बड़े 'नोड्स' होते हैं। ● पोषण : ये पेड़ अपने छोटे पौधों को पहचानते हैं और उन्हें अतिरिक्त पोषण भेजते हैं ताकि वे कम धूप वाली जगहों पर भी जीवित रह सकें। ● विरासत : जब एक मदर ट्री मरने वाला होता है, तो वह अपनी बची हुई ऊर्जा और ज्ञान नेटवर्क के ज़रिए अगली पीढ़ी को हस्तांतरित कर देता है।

पेड़ आपस में क्या बातें करते हैं

- पेड़ आपस में दो तरह से संवाद करते हैं : **रासायनिक संकेत :** जड़ों के ज़रिए रसायनों को भेजकर। **विद्युत संकेत :** कवक तंतुओं के माध्यम से कमजोर विद्युत आवेग भेजकर, जो काफी हद तक इंसानी तंत्रिका तंत्र जैसा होता है।

वे क्या संदेश देते हैं

- **चेतावनी :** अगर किसी पेड़ पर कीड़ों का हमला होता है, तो वह नेटवर्क में रासायनिक चेतावनी भेजता है। पड़ोसी पेड़ इसे प्राप्त करते ही अपनी पत्तियों में कड़वे रसायन बनाना शुरू कर देते हैं ताकि कीड़े उन्हें न खाएं। ● **संसाधन साझा करना :** यदि एक पेड़ ऐसी जगह है जहाँ धूप कम है, तो पास का पेड़ उसे अपनी अतिरिक्त चीनी भेज सकता है।

नेटवर्क के फायदे : जंगल की एकता

- **लचीलापन :** एक जुड़ा हुआ जंगल सूखे या बीमारी का सामना अकेले खड़े पेड़ों की तुलना में बेहतर कर सकता है।
- **विविधता का संरक्षण :** यह नेटवर्क अलग-अलग प्रजातियों के बीच भी काम करता है। उदाहरण के लिए, चीड़ के पेड़ और ओक के पेड़ भी आपस में संसाधन साझा कर सकते हैं।

जर्मनी से 5000 सैनिकों को वापस बुलाएगा अमेरिका

- अगले छह से 12 महीनों के बीच योजना पर होगा अमल

वाशिंगटन। अमेरिका अगले छह से बारह महीनों में जर्मनी से अपने करीब 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा। पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका का यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के अनुरूप है, जो उन्होंने ईरान के साथ अमेरिकी युद्ध को लेकर जर्मन नेता के साथ चल रहे टकराव के दौरान दी थी। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी जर्मनी से कुछ सैनिकों को वापस बुलाने की धमकी उस वक्त दी थी, जब जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा था कि ईरानी नेतृत्व द्वारा अमेरिका को अपमानित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, मर्ज ने युद्ध में वाशिंगटन की खराब रणनीति की आलोचना की थी।

पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय यूरोप में विभाग की सैन्य स्थिति की गहन समीक्षा के बाद लिया गया है और यह युद्ध क्षेत्र की आवश्यकताओं और जमीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

जर्मनी में कई अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, जिनमें यूरोप और अफ्रीकी कमानों का मुख्यालय, रामस्टीन वायुसेना और लैंडस्टुहल में एक चिकित्सा केंद्र शामिल है, जहां अफगानिस्तान और इराक युद्धों में घायल हुए लोगों का इलाज किया जाता था।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज सरकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

तुला — आज का दिन व्यापार में नए प्रयोग करने के लिए उत्तम है। रिश्तेदार से मुलाकात मन को प्रसन्न कर देगी। निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होगा।

वृष — आज नई तकनीकी सीखने पर जोर दें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का व्यवहार आपको अचंभित कर सकता है। शाम का समय सुखद बीतेगा।

वृश्चिक — आज का दिन उपलब्धियों भरा रहेगा। रुकी हुई पदोन्नति की खबर मिल सकती है। सामाजिक दायरे में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

मिथुन — आज व्यावसायिक समस्याओं का स्थायी समाधान मिल सकता है। विदेश जाने की योजना बना रहे लोगों को शुभ संकेत मिलेंगे।

धनु — आज मांगलिक उत्सव में शामिल हो सकते हैं। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम मिलेंगे। किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें।

कर्क — आज मानसिक रूप से स्वयं को काफी मजबूत महसूस करेंगे। जटिल कार्यों को भी सरलता से पूरा कर लेंगे।

मकर — आज संपत्ति से जुड़े लेन-देन में सावधानी बरतें। कार्यस्थल पर काम का बोझ बढ़ सकता है। परिवार में शांति बनाए रखें।

सिंह — आज आपके पराक्रम की सराहना होगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों में अनुभवी व्यक्ति की सलाह काम आएगी।

कुंभ — आज रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। नया प्रोजेक्ट शुरू कर सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा और नए अनुबंध प्राप्त होंगे।

कन्या — आज मन किसी अज्ञात भय से ग्रसित रह सकता है। सुविधाओं की वस्तुओं पर खर्च बढ़ सकता है। कोई भी निवेश अभी टालें।

मीन — आज संचित धन का सही निवेश करने की योजना बनाएंगे। ससुराल पक्ष से कोई उपहार या सहयोग मिल सकता है।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 3 मई, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 4 मई 03 .01 तक तत्पश्चात तृतीया।

दिशाशूल-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-विशाखा 07 .10 तक तत्पश्चात अनुराधा।

सुडोकू - 137 का हल

1	6	9	5	4	8	2	7	3
2	3	5	7	1	9	4	8	6
4	8	7	2	6	3	1	9	5
8	2	1	9	5	6	3	4	7
9	7	6	3	2	4	8	5	1
3	5	4	1	8	7	9	6	2
7	1	3	8	9	5	6	2	4
6	9	2	4	7	1	5	3	8
5	4	8	6	3	2	7	1	9

सुडोकू -138

		2		4				
	7		5					
					2			
2						8		6
	4	1			5		9	
3		8						
			9				7	
9		4			1		5	
	8	6		5		2		

लेखा-जोखा

वित्त वर्ष 2025-26 के जारी किए गए आधिकारिक आंकड़े में हुआ खुलासा

ईडी ने की रिकॉर्ड छापेमारी और कुर्की, लेकिन गिरफ्तारी घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान धनशोधन मामलों में की गई गिरफ्तारियों में लगभग 27 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन इस अवधि के दौरान कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 81,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कड़े प्रावधानों के तहत केंद्रीय एजेंसी द्वारा तलाशी या छापेमारी की संख्या 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग दोगुनी होकर 2,892 हो गई। अपराध से प्राप्त आय की परिभाषा, गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती तथा संपत्ति कुर्क करने के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पीएमएलए के तहत व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। अधिनियम के प्रावधानों के कारण जमानत प्राप्त करना भी अत्यंत कठिन हो जाता है क्योंकि अदालत का यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आरोपी दोषी नहीं है और जमानत पर रहते हुए उसके द्वारा कोई अन्य अपराध करने की आशंका नहीं है। पिछले वित्तीय वर्ष में, ईडी ने धोखाधड़ी के पीड़ितों को कुर्क की गई संपत्तियां वापस लौटाने के अपने निर्धारित लक्ष्य को दोगुने से पार कर लिया, क्योंकि उसने उक्त अवधि के दौरान 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां वापस कीं। एजेंसी ने 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस लौटाने का लक्ष्य रखा था। एजेंसी द्वारा उसकी वार्षिक रिपोर्ट (वित्त वर्ष 2025-26) में उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अध्ययन में पाया गया कि ईडी ने उल्लेखित वित्त वर्ष में 156 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि 2024-25 में यह संख्या 214 थी, यानी लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट।

प्रवर्तन निदेशालय ने दाखिल किए 812 आरोप पत्र, यह भी एक रिकॉर्ड

ईडी द्वारा की गई छापेमारी, जिसे अक्सर टेलीविजन समाचारों और अखबारों में विस्तार से दिखाया जाता है, वित्त वर्ष 2026 में पिछले वर्ष के 1,491 छापों की तुलना में दोगुनी से अधिक बढ़कर 2,892 हो गई। इसके चलते ईडी ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान सफलतापूर्वक 812 आरोपपत्र दाखिल किए, जो एक रिकॉर्ड है, जबकि पिछले वर्ष अदालतों में केवल 457 आरोप पत्र दाखिल किये गए थे। आंकड़ों के मुताबिक पीएमएलए जांच शुरू करने के लिए दर्ज की गई प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) की संख्या पिछले वित्तीय वर्ष में 39 प्रतिशत बढ़कर 1,080 मामले हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2025 में केवल 775 मामले दर्ज किए गए थे। एजेंसी ने पिछले वित्त वर्ष में 32,678 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस कीं, जबकि वित्त वर्ष 2025 में धोखाधड़ी के पीड़ितों को 15,263 करोड़ रुपये की संपत्तियां सौंपी गई थीं। पिछले साल 'पीटीआई-भाषा' की खबर के अनुसार, ईडी निदेशक राहुल नवीन ने वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत में 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस दिलाने का लक्ष्य रखा था।

अमेरिका में आंध्र के युवक ने आत्महत्या की

कुरनूल। आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के मूल निवासी 26 वर्षीय युवक ने हाल में अमेरिका के शिकागो में कर्ज के बोझ से परेशान होकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित परिवार ने अनुरोध किया कि मृतक की पहचान गुप्त रखी जाए क्योंकि उनके माता-पिता बुजुर्ग हैं और कई बीमारियों से ग्रस्त हैं। आंध्र प्रदेश के सूचना एवं संचार मंत्री नारा लोकेश ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शोक व्यक्त किया और मृतक के शव को स्वदेश वापस लाने में सहायता का आश्वासन दिया।

टी-20 विश्व कप में यास्तिका भाटिया भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण पूरा करेंगी, वहीं नंदिनी डब्ल्यूपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों में शामिल थीं। ये टीम में एक अलग ही सकारात्मक ऊर्जा लेकर आती हैं।
–कप्तान हरमनप्रीत कौर

स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 3 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

गुजरात टाइटंस
बनाम
पंजाब किंग्स
समय - शाम 7:30 बजे

हाईलाइट

मानस धामने पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। भारत के उभरते टेनिस खिलाड़ी मानस धामने ने शनिवार को कजाखस्तान के शिमकेंट में फ्रांस के एंटोनी गिबाउडो को सीधे सेटों में हराकर पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचकर बड़ी सफलता हासिल की। अठारह साल के इस भारतीय खिलाड़ी ने क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में संयमित और आक्रामक खेल दिखाते हुए गिबाउडो को 6-4, 6-3 से हराया। इस हफ्ते के उनके शानदार प्रदर्शन से उनकी रैंकिंग और आत्मविश्वास को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है क्योंकि वह जूनियर से पेशेवर सर्किट में अपना सफर जारी रखे हुए हैं। सोमवार को उनके शीर्ष 400 में शामिल होने की संभावना है। धामने अब रविवार को फाइनल में बेल्जियम के बुवायसर गदामौरी के खिलाफ कोर्ट पर उतरकर खिताब जीतना चाहेंगे।

कंबोज और नूर की मदद से सीएसके ने मुंबई इंडियंस को 159 रनों पर समेटा

आईपीएल-2026 : रिकेल्टन, नमन और सूर्यकुमार यादव ही दिखा सके दम

चेन्नई, एजेंसी

अफगानिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद (26 रन देकर दो विकेट) ने अनुशासित गेंदबाजी की अगुवाई की जिसकी बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक अहम मैच मे मुंबई इंडियंस को सात विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। नूर के अलावा अंशुल कंबोज ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद मेहमान टीम का प्रदर्शन काफी फीका रहा जिसमें केवल नमन ही कुछ देर टिककर खेल सके। उन्होंने 37 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। उनके अलावा रेयान रिकेल्टन ने 37 रन और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन का योगदान दिया। मुंबई इंडियस के कप्तान हार्दिक पंड्या का 23 गेंद में 18 रन बनाना टीम के संघर्ष की कहानी बयां करता है। मुकेश चौधरी ने सीएसके के लिए बेहतरीन शुरुआत की और पहले ही ओवर में सिर्फ एक रन दिया। इसके बाद आईपीएल में पदार्पण कर रहे रामकृष्ण घोष ने दूसरे ओवर में अंशुल कंबोज की गेंद पर विल जैक्स का एक शानदार कैच लपककर प्रभावित किया।

जैक्स ने ऑफ-स्टंप के बाहर आती गेंद पर आगे बढ़कर शॉट लगाने की कोशिश की और रामकृष्ण ने डीप बैकवर्ड प्वाइंट से दौड़ते हुए डाइव लगाकर कैच लिया जिससे एम ए चिदंबरम स्टेडियम में मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे। लगातार निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद दोनों ही टीम का टूर्नामेंट में आगे का सफर अब इस मैच के नतीजे पर ही टिका हुआ है। नमन धीर ने पारी की पहली बाउंड्री लगाई जब उन्होंने गेंद को फ्लिक करने की कोशिश की जो उनके बल्ले से लगकर डीप फाइन लेग की ओर हवा में उड़ गई। शानदार फॉर्म में चल रहे रेयान रिकेलटन ने मुकेश की गेंदों पर एक्सट्रा कवर के ऊपर और डीप मिडविकेट के ऊपर लगातार दो छक्के जड़े। फिर नमन भी लय में आ गए और उन्होंने कंबोज की गेंद पर एक जोदार छक्का जड़ दिया। फिर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने प्रशांत वीर को गेंदबाजी के लिए बुलाया और रिकेलटन ने उनका स्वागत तीन छक्कों के साथ किया। यह ओवर मुंबई इंडियंस के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ जिससे उन्हें कुल 18 रन मिले। नमन ने मुकेश की गेंद पर अपना दूसरा छक्का जड़ा और इस तरह मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले का समापन एक विकेट पर 57 रन के साथ किया। नमन जब 19 रन पर थे तब शिवम दुबे ने उनका कैच छोड़ दिया था जो बहुत ही आसान कैच था। लेकिन सीएसके ने तुरंत वापसी करते हुए रिकेलटन का बड़ा विकेट ले लिया। बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद ने उन्हें तब आउट किया जब रिकेलन ने घुटने पर बैठकर डीप मिडविकेट की तरफ शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उर्विल पटेल के हाथों में चली गई।

रामकृष्ण ने अपने पदार्पण ओवर में सिर्फ सात रन दिए जिसमें सूर्यकुमार यादव (12 गेंद) का लगाया एक छक्का भी शामिल था। सूर्यकुमार ने नूर की गेंद पर भी एक छक्का और एक चौका जड़ा था पर सूर्यकुमार अपनी तेज शुरुआत को एक बड़ी पारी में बदलने में फिर नाकाम रहे। रामकृष्ण की गेंद को उन्होंने कवर के ऊपर से निकालने की कोशिश की, लेकिन डीप में लपके गए। रामकृष्ण ने इस तरह अपना पहला आईपीएल विकेट हासिल किया। मुंबई इंडियंस ने बीच के ओवरों में काफी डॉट गेंद खेली और तिलक वर्मा का बड़ा विकेट गंवा दिया जिन्होंने एक टर्न होती गेंद पर स्वीप शॉट लगाने की कोशिश की जो उनके बल्ले के ऊपरी किनारे पर लगकर गायकवाड़ के हाथों में समां गई। फिर हार्दिक कोई बड़ा शॉट लगाने में नाकाम रहे।

विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते रेयान रिकेल्टन। एजेंसी

मुंबई इंडियंस

159/7 (20 ओवर)

विल जैक्स का रामकृष्ण बो कंबोज	01
रेयान रिकलटन का पटेल बो नूर	37
नमन धीर का सब बो ओवरटन	57
सूर्यकुमार यादव का ब्रेविस बो रामकृष्ण	21
तिलक वर्मा का गायकवाड़ बो नूर	05
हार्दिक पंड्या का ब्रेविस बो कंबोज	18
रोबिन मिंज बो कंबोज	05
कृष भगत नाबाद	03
ट्रेंट बोल्ट नाबाद	07

अतिरिक्त : 05, विकेट पतन : 1-1, 2-59, 3-99, 4-109, 5-134, 6-139, 7-151

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-25-0, कंबोज 4-0-32-3, प्रशांत 2-0-25-0, नूर 4-0-26-2, रामकृष्ण 3-0-24-1, ओवरटन 4-0-23-1

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	8	6	1	1	13	1.043
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	9	6	3	0	12	1.420
3.	सनराइजर्स हैदराबाद	9	6	3	0	12	0.832
4.	राजस्थान रॉयल्स	10	6	4	0	12	0.510
5.	गुजरात टाइटंस	9	5	4	0	10	-0.192
6.	दिल्ली कैपिटल्स	9	4	5	0	8	-0.895
7.	चेन्नई सुपर किंग्स	8	3	5	0	6	-0.121
8.	कोलकाता नाइट राइडर्स	8	2	5	1	5	-0.751
9.	मुंबई इंडियंस	8	2	6	0	4	-0.784
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	8	2	6	0	4	-1.106

ऑरेंज कैप

- केएल राहुल
  दिल्ली-433 रन
- अभिषेक शर्मा
  हैदराबाद -425 रन
- हेनरिक क्लासेन
  हैदराबाद-414 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार
  बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज
  चेन्नई-17 विकेट
- जोफ्रा आर्चर
  राजस्थान-15 विकेट

सूर्यवंशी को आंख दिखाने पर जैमिसन को मिला एक डिमेरिट अंक

जयपुर, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमिसन को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक अंदाज अपनाने के लिए एक डिमेरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल ने बयान में कहा काइल जैमिसन ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन किया जिसके लिए उन्हें एक डिमेरिट अंक दिया गया और उन्हें चेतावनी भी दी गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो किसी अन्य खिलाड़ी का अपमान करते हैं या उससे आक्रामक प्रतिक्रिया को उकसा सकते हैं। यह घटना राजस्थान रॉयल्स की पारी के दूसरे ओवर में घटी, जब 15 वर्षीय सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जैमीसन आक्रामक अंदाज में उनके पास गए। सूर्यवंशी ने हालांकि किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं की लेकिन वह ऐसा कर सकते थे। जैमीसन ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में सात विकेट से जीत हासिल की थी।

पंजाब किंग्स की निगाह वापसी पर

- गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबला आज शाम
- 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर मौजूद है श्रेयस की टीम

अहमदाबाद, एजेंसी

पिछले मैच में पंजाब किंग्स का जीत का सिलसिला टूट गया और वह लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगा।

राजस्थान रॉयल्स ने इस सप्ताह के शुरू में पंजाब किंग्स के अजेय अभियान पर रोक लगा दी थी। हालांकि पंजाब किंग्स की टीम आठ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स उससे सिर्फ एक अंक पीछे हैं। लगातार छह जीत हासिल करके शुरुआती बढ़त बनाने वाली पंजाब किंग्स की गेंदबाजी विभाग को लेकर कुछ चिंताएं हैं। पंजाब के बल्लेबाजों की तरह उसके गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाए हैं। उसके बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण गेंदबाजों की कमियां खुलकर सामने नहीं आई हैं लेकिन टूर्नामेंट अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है और ऐसे में कोई कमजोरी टीम पर भारी पड़ सकती है।

अभ्यास सत्र के दौरान पंजाब किंग्स के शशांक सिंह। एजेंसी

जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगा हैदराबाद

हैदराबाद। अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से खिताब के दावेदारों में शामिल हुई सनराइजर्स हैदराबाद की टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। सनराइजर्स की टीम लगातार पांच मैच जीत चुकी है और अंकतालिका में नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने अब तक छह मैच जीते हैं जबकि तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर की टीम अभी तक संघर्ष करती रही है, लेकिन उसने अपने आखिरी दो मैच जीते हैं। 10 टीमों के टूर्नामेंट में वह आठवें स्थान पर है।

भारतीय खिलाड़ी भागते हैं डोपिंग से बचने के लिए : आईटीए प्रमुख

न्यूयॉर्क। ओलंपिक खेलों और अन्य प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में डोपिंगरोधी कार्यक्रम का प्रबंधन करने वाली संस्था अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) के प्रमुख ने भारत में डोपिंग के मामलों की उच्च दर, खिलाड़ियों को 'परीक्षण से पहले अग्रिम सूचना दिए जाने' और उनका नमूना नहीं देने पर चिंता व्यक्त की है।

आईटीए के महानिदेशक बेंजामिन कोहेन ने एक रिपोर्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह संदेश दिया है कि यदि भारत 2036 खेलों की मेजबानी करना चाहता है, तो उसे शासन और संरचनात्मक स्तर पर कई सुधार करने होंगे। 'द एथलेटिक' के अनुसार कोहेन ने कहा, 'हम भारत में डोपिंग की स्थिति को लेकर चिंतित हैं और हमें जमीनी स्तर पर हो रही कई घटनाओं के बारे में जानकारी मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'हमें ऐसे किस्से भी सुनने को मिल रहे हैं कि खिलाड़ी डोपिंग की जांच से बचने के लिए भाग जाते हैं।

महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम घोषित

- यास्तिका व नंदिनी को चुना गया व प्रतिका- अमनजोत बाहर
- हरमनप्रीत कौर करेंगी सभी टीमों की कप्तानी
- इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होंगे मुकाबले

मुंबई, एजेंसी

भारत ने शनिवार को इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में 'अनकैप्ड' (जिसने अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया। जहां विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रतिका रावल और हरलीन देओल को टीम से बाहर रखा गया, वहीं ऑलराउंडर अमनजोत कौर और काशवी गौतम चोट के कारण चयन से चूक गईं।

हरमनप्रीत कौर सभी टीमों की कप्तानी करेंगी जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। प्रतिका को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। यह टेस्ट मैच 10 से 13 जुलाई के बीच लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा, वहीं हरलीन वनडे सीरीज में भारत ए टीम की अगुआई करेंगी।

नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। तेज गेंदबाज लाइन-अप में पूजा वस्त्राकर भी शामिल नहीं हैं। रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के साथ मिलकर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करती रहेंगी। अनुष्का शर्मा व उमा छेत्री के लिए जगह नहीं थी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। मुख्य टीम काफी हद तक वैसी ही है जिसने पिछले साल नवंबर में वनडे महिला विश्व कप जीता था।

मुंबई में बीसीसीआई के हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाते के साथ बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत साकिया (बीच में), सिलेक्शन पैनल की चेयरपर्सन अमिता शर्मा (दाएं) और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर। एजेंसी

टी-20 विश्व कप टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (दूसरी विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, हरलीन देओल, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, स्नेह राणा।

भारत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

भारतीय टीम विश्व कप से पहले मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 28 मई से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी हिस्सा लेगी। भारत 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत ने अब तक टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

थॉमस कप

फाइनल के लिए भारत की फ्रांस से होगी टक्कर

कोहनी में सूजन के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेलेंगे लक्ष्य

होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी

भारत को फ्रांस के खिलाफ होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले करारा झटका लगा है क्योंकि उसके स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन दाहिनी कोहनी में सूजन के कारण इसमें नहीं खेल पाएंगे और उनकी अनुपस्थिति में विश्व के 30वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत कोर्ट पर उतरेंगे।

लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में दो मैच प्वाइंट बचाकर विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन पर एक घंटे 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21 22-20 21-17 से जीत दर्ज की, जिससे भारत ने चीनी ताइपे पर 3-0 से जीत हासिल की। इस मैच के दौरान हालांकि लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई थी और वह अभी तक इससे पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) के सचिव संजय मिश्रा ने बयान में कहा क्वार्टरफाइनल के एक कड़े मुकाबले में कई बार डाइव लगाने के बाद लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई। टीम के चिकित्साकर्मियों ने गहन जांच के बाद एहतियाती तौर पर यह फैसला किया। ताकि लक्ष्य चोट से उबर सके और अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो वह फाइनल के लिए पूरी तरह से फिट हो सकें। लक्ष्य के 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) और पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने पीटीआई से कहा उनके पैरों में छाले भी पड़ गए हैं। लक्ष्य की अनुपस्थिति में युवा आयुष शेट्टी विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ शुरुआती एकल मैच खेलेंगे। पोपोव ने 2024 में हाइलो ओपन में भारतीय खिलाड़ी को हराया था। श्रीकांत दूसरे एकल मुकाबले में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लैनियर का सामना करेंगे। तीसरे एकल खिलाड़ी के रूप में एचएस प्रणय का सामना विश्व के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव से होगा, जिनका भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ 1-0 का रिकॉर्ड है। यदि मुकाबला एकल से आगे बढ़ता है तो हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन पहले युगल मुकाबले में एलोई एडम और लियो रॉसी का सामना करेंगे।

2022 में भारत ने थॉमस कप जीता था। उसने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक जीते थे

टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ेगा असर

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) के सचिव संजय मिश्रा ने कहा मुझे नहीं लगता कि यह कोई झटका है। हमारे पास अच्छी टीम है, हर कोई आत्मविश्वास से भरा है और अगर हम यह मैच जीत जाते हैं, तो उम्मीद है कि लक्ष्य फाइनल के लिए उपलब्ध रहेगा। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार मुकाबले आम तौर पर खिलाड़ियों की रैंकिंग के आधार पर होते हैं। प्रत्येक टीम के सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल और युगल खिलाड़ी आमने सामने होते हैं। यदि खिलाड़ियों को एकल और युगल दोनों में प्रतिस्पर्धा करनी है, तो उन्हें युगल में जोड़ी बनाने से पहले अपने एकल मैच पूरे करने होंगे।

सिनर ने करियर की 350वीं जीत दर्ज की

- मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में बनाई जगह

मैड्रिड, एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने करियर की 350वीं जीत हासिल की और पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

सिनर ने आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 22 मैच तक बढ़ा दिया। सिनर लगातार पांचवें मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज़्वेरेव का सामना करेंगे। जर्मन खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में बेल्जियम के एलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 6-2, 7-5 से हराया। सिनर लगातार पांच मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। उन्होंने इससे पहले पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो में खिताब जीते थे। सिनर 2000 के दशक में जन्में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अपने करियर में 350 मैच जीते हैं। यही नहीं सिनर एक विशिष्ट सूची में भी शामिल हो गए हैं।

वह रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के बाद सभी नौ मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे और सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला वर्ग के फाइनल में मीरा एंड्रीवा का सामना मार्टा कोस्त्युक से होगा।